✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 109 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 14 सितंबर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




मणिपुर के हिंसा प्रभावित चुराचांदपुर में विस्थापित लोगों से प्रधानमंत्री ने की बातचीत

### प्रधानमंत्री ने मिजोरम के आइजोल में 9,000 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का किया शिलान्यास और उद्घाटन

# भारत का विकास इंजन बन रहा पूर्वोत्तर : मोदी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मिजोरम के आइजोल में 9000 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं से रेलवे, सड़क मार्ग, ऊर्ज़ा, खेल सहित कई क्षेत्र लाभान्वित होंगे। वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने नीले पहाड़ों की इस खूबसूरत धरती के संरक्षक, परम पूज्य भगवान पाथियन को नमन किया। उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि वे मिजोरम के लेंगपुई हवाई अड्डे पर मौजूद हैं और मौसम खराब होने के कारण आइजोल में लोगों से मिल सके। उन्होंने कहा कि इन परिस्थितियों के बावजूद वे इस माध्यम से भी लोगों के प्यार और स्नेह को महसूस कर सकते हैं। श्री मोदी ने कहा कि चाहे स्वतंत्रता आंदोलन हो या राष्ट्र निर्माण, मिजोरम के लोग योगदान देने के लिए हमेशा आगे आए हैं। उन्होंने कहा कि लालनु रोपुइलियानी और पासल्था खुआंगचेरा जैसी विभूतियों के आदर्श राष्ट्र को प्रेरित करते रहते हैं। श्री मोदी ने कहा कि त्याग और सेवा, साहस और करुणा, मिज़ो समाज में गहराई से समाहित हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज मिजोरम भारत की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस दिन को देश, विशेषकर मिजोरम के लोगों के लिए ऐतिहासिक बताते हुए श्री मोदी ने कहा कि आज से आइजोल भारत के रेलवे मानचित्र पर होगा। अतीत को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि कुछ वर्ष पहले उन्हें आइजोल रेलवे लाइन की नींव रखने का अवसर मिला था। उन्होंने इस रेलवे लाइन को देश को समर्पित किया। श्री मोदी ने इस बात पर भी जोर दिया कि दुर्गम क्षेत्र सहित कई चुनौतियों के बावजूद बैराबी-सैरांग रेल लाइन अब एक वास्तविकता बन गई है। उन्होंने इंजीनियरों के कौशल और श्रमिकों की भावना की सराहना करते हुए कहा कि उनके




प्रयासों से ही यह उपलब्धि संभव हो पाई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोग और देश हमेशा मन से सीधे जुड़े रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पहली बार मिज़ोरम का सैरांग राजधानी एक्सप्रेस द्वारा दिल्ली से सीधे जुड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक रेल संपर्क नहीं है बल्कि परिवर्तन की जीवन रेखा है और यह मिज़ोरम के लोगों के जीवन और आजीविका में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि मिजोरम के किसान और व्यवसाय अब देश भर के अधिक बाजारों तक पहुंच सकेंगे। उन्होंने कहा कि इससे लोगों को शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के ज़्यादा विकल्प मिलेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस विकास से पर्यटन, परिवहन और आतिथ्य क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि लंबे समय से देश में कुछ राजनीतिक दल वोट बैंक की राजनीति करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका ध्यान ज्यादा वोट और सीटें पाने वाले क्षेत्रों पर रहा। परिणामस्वरूप मिज़ोरम जैसे राज्यों सहित पूरे पूर्वोत्तर को इस रवैये से भारी नुकसान उठाना पड़ा। श्री मोदी ने जोर देकर कहा कि वर्तमान दृष्टिकोण बहुत अलग है और जो लोग पहले उपेक्षित थे, वे अब सबसे आगे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग कभी हाशिए पर थे, वे अब मुख्यधारा का हिस्सा हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों से सरकार पूर्वोत्तर के विकास के लिए निरंतर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र देश का विकास इंजन बन रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में पूर्वोत्तर के कई राज्य पहली बार भारत के रेल मानचित्र पर शामिल हुए हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि भारत सरकार ने सभी प्रकार की कनेक्टिविटी- ग्रामीण सड़कें और राजमार्ग, मोबाइल और इंटरनेट कनेक्शन, बिजली, नल से जल और एलपीजी कनेक्शन को मजबूत करने के लिए अथक प्रयास किए हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि मिजोरम को हवाई यात्रा के लिए उड़ान योजना का भी लाभ मिलेगा और बताया कि इस क्षेत्र में जल्द ही हेलीकॉप्टर सेवाएं शुरू होंगी। श्री मोदी ने कहा कि इससे मिजोरम के दूरदराज के इलाकों तक पहुंच में काफी सुधार होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक्ट ईस्ट नीति और उभरते उत्तर-पूर्व आर्थिक गलियारे, दोनों में मिज़ोरम की प्रमुख भूमिका है। उन्होंने कहा कि कलादान मल्टी-मॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट और सैरांग-ह्मांगबुचुआ रेल लाइन से मिजोरम दक्षिण-पूर्व एशिया के माध्यम से बंगाल की खाड़ी से जुड़ जाएगा। उन्होंने इस बात पर भी बल (शेष पृष्ठ 10 पर)

## संक्षिप्त समाचार

### कोचिंग संचालक गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी पटना में हरियाणा पुलिस ने एक कोचिंग संचालक को गिरफ्तार किया है। पटना के पीरबहोर इलाके से हरियाणा पुलिस ने प्लेटफॉर्म कोचिंग के संचालक संजय सिंह को 2.40 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किया। संजय सिंह पर आरोप है कि वह एक ऐसे गिरोह का हिस्सा है, जो लोगों को डिजिटल अरेस्ट कर ऑनलाइन फ्रॉड करता है। इस संबंध में हरियाणा के रोहतक थाने में मामला दर्ज है, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई।

### तालाब में डूबने से दो बच्चियों की मौत

**मोतिहारी (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के छोड़ादानो थाना क्षेत्र के बेला चमही गांव में जीतिया स्नान के दौरान तालाब में डूबने से दो बच्चियों की मौत हो गई। मृत बच्चियों की पहचान बेला चमही गांव निवासी सत्य नारायण राय की बेटी अंशु कुमारी (9) और मुकेश कुमार की बेटी नीरू कुमारी (7) के रूप में हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

### दिनदहाड़े साढ़े चार लाख रुपये की छिनतई

**गयाजी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े अपराधियों ने 4 लाख 50 हजार रुपये की छिनतई कर ली। वारदात मेहता पेट्रोल पंप से ओवरब्रिज की ओर जाने वाले मार्ग पर हुई। जानकारी के अनुसार, बुनियादगंज थाना क्षेत्र के भेड़िया खुर्द निवासी संतोष सिंह शनिवार को मानपुर बाजार स्थित इंडियन बैंक से 4 लाख 50 हजार रुपये की निकासी कर अपनी पत्नी आरती देवी के साथ बुलेट बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान तीन बाइक सवार अपराधियों ने घात लगाकर झपट्टा मारा और बैग सहित रुपये लूटकर फरार हो गए।

# मोदी-नीतीश युग में हुआ बिहार का विकास : नड्डा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि एक दौर था जब बिहार से इंजीनियर और प्रोफ़ेशनल लोग घर लौटने से डरते थे। अपहरण का ऐसा माहौल था कि फिरौती की दरें तय होती थीं। विश्वविद्यालयों में छात्र समय पर परीक्षा न दे पाने की शर्मिंदगी झेलते थे। श्री नड्डा ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए कहा कि उस समय के मुख्यमंत्री तक विकास की बात पर कहते थे कि सड़क बन जाएगी तो पुलिस जल्दी पहुंच जाएगी, इसलिए सड़क नहीं बननी चाहिए। पलायन को लेकर लालू प्रसाद यादव का बयान था, गमछा पहनकर जाता है, सूट पहनकर लौटता है। उन्होंने पलायन जैसी त्रासदी को भी महिमामंडित करने का प्रयास किया। जेपी नड्डा ने कहा कि इतने लंबे अंधकारमय शासनकाल के बाद आज तक राजद नेतृत्व ने जनता से माफी तक नहीं मांगी। प्रश्न यह उठता है कि जिसको गलती का एहसास ही न हो, वह बिहार का भविष्य कैसे संवार पाएगा? तेजस्वी यादव को दो बार सरकार चलाने का अवसर मिला लेकिन उस दौरान स्वास्थ्य जैसे अहम विभागों में तालमेल की कमी और योजनाओं का ठहराव साफ दिखा। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि पिछले 20 वर्षों में




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास की नई राह पकड़ी है। प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों से आज भारत विश्व की पांचवीं से चौथी और अब तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। आएमएफ ने भारत को ब्राइट स्पॉट कहा है और वर्ल्ड बैंक ने भारत की स्थिर वृद्धि की सराहना की है। जेपी नड्डा ने कहा कि जीएसटी सुधारों में बिहार के वित्त मंत्री सम्राट चौधरी की अहम भूमिका रही। अब टैक्स ढांचा सरल होकर दो स्लैब (5% और 18%) पर आ गया हैं डिफेंस क्षेत्र में 3000% वृद्धि दर्ज की गई है और आज 88% गोला-बारूद में आत्मनिर्भरता हासिल की गई है। ब्रह्मोस मिसाइल की उपलब्धि ने भारत की वैश्विक स्थिति मजबूत की है। जेपी नड्डा ने कहा कि रेलवे में अब तक 144 वंदे भारत ट्रेनें शुरू हो चुकी हैं, जिनमें 20 बिहार से जुड़ी हैं। 98 आधुनिक स्टेशन बिहार में विकसित हो रहे हैं। पटना एयरपोर्ट पर 12000 करोड़ की लागत से काम जारी है। दरभंगा को पीएम मोदी ने दूसरा एम्स दिया है। 1264 करोड़ की लागत से बन रहा यह 750 बेड का अस्पताल उत्तर बिहार, दक्षिण बिहार और नेपाल तक को स्वास्थ्य सुविधा देगा।

# राष्ट्र को एकजुट रखने में हिन्दी का बहुत बड़ा योगदान : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हिन्दी दिवस के



अवसर पर हार्दिक शुभकामनायें दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि भारत विविधताओं का देश है, जहां अनेक भाषाएं बोली जाती हैं। हिन्दी देश में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। हिन्दी भाषा देश के सभी लोगों को एकता के सूत्र में बांधती है। राष्ट्र को एकजुट रखने में हिन्दी का बहुत बड़ा योगदान है। हिन्दी हमारी राष्ट्रीय अस्मिता की पहचान तथा जनमानस की अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने राजभाषा हिन्दी के चतुर्दिक विकास की कामना की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि बिहार में राजभाषा के रूप में हिन्दी सरकारी कामकाज की भाषा है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि अपने कामकाज में हिन्दी को ही माध्यम के रूप में अपनाएं तथा गर्व एवं सम्मान के साथ हिन्दी सीखें, समझें एवं प्रयोग में लायें।

# अवैध हथियारों का जखीरा बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** बिहार में लगातार एके-47 जैसे हथियार अपराधियों से बरामद हो रहे हैं। इस बार भोजपुर पुलिस ने शनिवार को भारी मात्रा में हथियार बरामद किया है जिसके चलते अपराधियों की एक बड़ी साजिश नाकाम हुई है। एसटीएफ पटना और शाहपुर थाने की पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में दो अपराधियों को गिरफ्तार भी किया है। शाहपुर थाना क्षेत्र में की गई छापेमारी के दौरान पुलिस ने पंचम राय उर्फ सत्यजीत राय (35 वर्ष) और अंकित कुमार (19 वर्ष) को दबोच लिया। दोनों के घरों से अवैध हथियारों का जखीरा मिला है। दोनों किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे लेकिन उससे पहले उन लोगों तक एसटीएफ ने धावा बोल दिया। पुलिस ने मौके से एके-47 राइफल (लोडेड), दो देसी



पिस्टल, एक रिवाल्वर, एक देसी कट्टा, एक नाली बंदूक, एक थर्नेट, पांच मैगजीन, 76 जिंदा कारतूस और तीन मोबाइल बरामद किए हैं। छापे में एके-47 के 22 जिंदा कारतूस, पिस्टल के 13 कारतूस और चार मैगजीन भी मिले हैं। एसपी राज ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि हथियार कहां से लाए गए और किस मकसद से इस्तेमाल होना था। उन्होंने इसे बड़ी सफलता बताते हुए कहा कि ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# बिहार में बनेंगे तीन नए सिपाही प्रशिक्षण केंद्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार पुलिस में सिपाहियों की हो रही बंपर बहाली को देखते हुए प्रशिक्षण केंद्र बढ़ाए जाएंगे। अभी भागलपुर के नाथनगर और बक्सर के डुमरांव में सिपाहियों के प्रशिक्षण केंद्र हैं। इसकी क्षमता करीब 11 हजार है। जल्द ही तीन नए सिपाही प्रशिक्षण केंद्र खोलने की योजना है। इसके बाद सिपाही प्रशिक्षण की क्षमता करीब 20 हजार हो जाएगी। एडीजी आधुनिकीकरण सुधांशु कुमार ने बताया कि बांका जिला के कटोरिया में चौथे पुलिस ट्रेनिंग केंद्र की स्थापना होने जा रही है। इसके लिए 51.40 एकड़ जमीन हस्तांतरण करने की स्वीकृति दे दी गई है। तीसरे पुलिस ट्रेनिंग केंद्र के लिए सिमुलतला में पहले से स्वीकृति मिली हुई है। इसका निर्माण कार्य जारी है, जिसे जल्द चालू कर दिया जाएगा। इसके अलावा सिपाहियों के प्रशिक्षण के लिए बेतिया या मोतिहारी में पांचवें केंद्र खोलने का प्रस्ताव है। इस दिशा में जल्द निर्णय लिया जाएगा। एडीजी ने




बताया कि बिहार पुलिस में हर वर्ष 20 हजार के आसपास सिपाहियों की बहाली हो रही है। अभी नाथनगर और डुमरांव के अलावा बीसैप की अलग-अलग वाहिनियों में प्रशिक्षण कराया जा रहा है। नए प्रशिक्षण केंद्र बन जाने से सिपाहियों का प्रशिक्षण समुचित तरीके से हो सकेगा। उन्होंने बताया कि बांका में बनने वाले सिपाही प्रशिक्षण केंद्र में सिपाहियों के बुनियादी प्रशिक्षण के साथ समय-समय पर दिए जाने वाला सेवाकालीन प्रशिक्षण भी कराया जाएगा। बीसैप-5 के लिए भी बांका के कटोरिया में 46 एकड़ जमीन मुहैया कराई गई है। एडीजी ने बताया कि आधुनिकीकरण के तहत पुलिस अधिकारियों के भवन निर्माण की स्वीकृति दी गई है। पटना ग्रामीण एसपी के आवासीय भवन एवं आधारभूत संरचना के लिए 2.42 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



संतोष कुमार गंगवार
राज्यपाल, झारखण्ड





हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

हिन्दी दिवस
की हार्दिक शुभकामानाएं एवं जोहार

सन्देश

हिंदी हमारे देश की सबसे समृद्ध और व्यापक रूप से बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है। यह न केवल संवाद का माध्यम है, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और भावनाओं की अभिव्यक्ति का भी प्रमुख साधन है। हिंदी न केवल हमारी सांस्कृतिक पहचान है, बल्कि यह देश की एकता, अखंडता और भावनात्मक एकजुटता का भी सशक्त माध्यम है। यह वह भाषा है जिसने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान हमें एक सूत्र में बांधा और आज भी देश के कोने-कोने में संवाद का सेतु बनी हुई है।

हमारा झारखंड राज्य सांस्कृतिक विविधता और भाषायी समृद्धि से परिपूर्ण है। यहाँ बोली जानेवाली संथाली, मुंडारी, हो, खोरठा, नागपुरी, कुडुख आदि जनजातीय / क्षेत्रीय भाषाओं और बोलियों के बीच हिन्दी संवाद और समन्वय की भूमिका बखूबी निभा रही है। यह हम सबके लिए गर्व की बात है कि हिंदी ने हमारी भाषायी विविधता को एक साझा मंच प्रदान किया है।

आज के युग में हमें हिंदी को केवल बोलचाल तक सीमित नहीं रखना है, बल्कि इसे शिक्षा, विज्ञान, तकनीक, प्रशासन और रोजगार के क्षेत्रों में भी आगे बढ़ाना है। झारखंड में हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार, शोध और विकास के लिए राज्य सरकार संकल्पित है, और इसके लिए आवश्यक कदम लगातार उठाए जा रहे हैं।

हिंदी दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि हमें अपनी मातृभाषा का सम्मान करना है। इस अवसर पर राज्य के युवाओं, विद्यार्थियों, शिक्षकों, साहित्यकारों, सभी बुद्धिजीवियों और शिक्षण संस्थानों से आग्रह है कि वे हिंदी भाषा के संरक्षण, संवर्धन और समृद्धि के लिए निरंतर प्रयासरत रहें।

आइए, हम सब मिलकर इस हिंदी दिवस पर यह संकल्प लें कि हिंदी को जन-जन की भाषा बनाने की दिशा हम सभी अपनी भूमिका निभाएँगे।

PR-361065 (Personnel Administrative Reforms and Raj Bhasa) 25-26

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार

# संविधान देश का मौलिक कानून : रविशंकर प्रसाद

## बी डी कॉलेज द्वारा भुवनेश्वरी दयाल व्याख्यानमाला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** बी डी कॉलेज द्वारा शनिवार को भुवनेश्वरी दयाल व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। व्याख्यानमाला की पहली कड़ी में मुख्य वक्ता पटना साहिब के सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री और संविधान विशेषज्ञ रविशंकर प्रसाद रहे। अन्य अतिथियों में विश्वविद्यालय सेवा आयोग के अध्यक्ष प्रो गिरीश चौधरी, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो उपेन्द्र प्रसाद सिंह और मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शशि प्रताप शाही उपस्थित थे। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि संविधान देश का मौलिक कानून है और भारत अपने 75 वर्षों के संवैधानिक सफ़र में लगातार परिपक्व हुआ है। उन्होंने संविधान की मूल प्रति सभागार में दिखाते हुए बताया कि भारत का संविधान यहां की सांस्कृतिक विरासत को भी दर्शाता है। यह केवल भौगोलिक आईडिया नहीं बल्कि सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि संविधान का निर्माण ऐसे समय में हुआ जब देश आजादी के तुरंत बाद तनाव के दौर से गुजर रहा था। इस क्रम में राजेंद्र प्रसाद और सरदार पटेल जैसे नेताओं के योगदान को उन्होंने विशेष रूप से याद किया। उन्होंने बताया कि आज विश्व के 36 प्रतिशत हिस्से पर लोकतंत्र कायम है जिसमें भारत का हिस्सा 17 प्रतिशत है। प्रो गिरीश चौधरी ने उच्च शिक्षा की गिरती स्थिति पर चिंता जताई और शिक्षकों को इसे सुधारने का दायित्व निभाने की बात कही। प्रो उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने कर्तव्य पालन के माध्यम से देश सेवा करने का आह्वान किया। प्रो शशि प्रताप शाही ने प्रो रत्ना अमृत की कार्यशैली की सराहना की और कहा कि ए एन कॉलेज को नैक से ए प्लस ग्रेड दिलाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने बी डी कॉलेज को पटना का अग्रणी संस्थान बनाने के लिए सामूहिक प्रयास पर बल दिया। प्रो रत्ना अमृत, प्रधानाचार्या बी डी कॉलेज ने एक माह की अवधि में किए गए कार्यों जैसे एमएसटीसी से एमओयू, नैक की तैयारी के लिए आईक्यूएसी का गठन आदि की जानकारी दी और कॉलेज को नई ऊँचाइयों तक ले जाने का संकल्प दोहराया। संचालन डॉ दिव्या कुमार ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ अमित कुमार ने दिया। कार्यक्रम का प्रायोजन इंडियन बैंक द्वारा किया गया।

## बांका के कटोरिया में बनेगा चौथा पुलिस ट्रेनिंग सेंटर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में साल में औसतन 20 हजार सिपाहियों की बहाली की जा रही है। इन्हें समुचित प्रशिक्षण देने के लिए नए प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना करने की कवायद भी शुरू हो गई है। इसके तहत ही बांका जिला के कटोरिया में चौथा पुलिस ट्रेनिंग केंद्र की स्थापना होने जा रही है। इसके लिए 51.40 एकड़ जमीन को ट्रांसफर करने की स्वीकृति दे दी गई है। वर्तमान में दो पुलिस प्रशिक्षण केंद्र डुमरांव और नाथनगर (भागलपुर) में मौजूद है। तीसरे केंद्र के लिए सिमुलतला में स्वीकृति पहले से मिली हुई है। इसका निर्माण भी जल्द पूरा होने के बाद यह चालू हो जाएगा। चौथा केंद्र कटोरिया में बनने जा रहा है।

इस मामले में एडीजी (आधुनिकीकरण) सुधांशु कुमार ने बताया कि वर्तमान में मौजूज सिपाही प्रशिक्षण केंद्रों में 11 हजार सिपाहियों के प्रशिक्षण की क्षमता है। जबकि हर वर्ष 20 हजार के आसपास सिपाहियों की बहाली हो रही है। अभी इनकी ट्रेनिंग अलग-अलग बीसैप की वाहिणियों समेत अन्य स्थानों पर कराया जा रहा है। ट्रेनिंग केंद्रों के चालू होने से सिपाहियों का प्रशिक्षण समुचित तरीके से हो सकेगा। उन्होंने बताया कि बांका में बनने वाले इस सिपाही प्रशिक्षण केंद्र में सिपाहियों का बुनियादी प्रशिक्षण के अलावा समय-समय पर दिने जाने वाले सेवाकालीन प्रशिक्षण भी कराया जाएगा। एडीजी ने बताया कि सिपाही प्रशिक्षण केंद्र के अलावा अन्य पुलिस प्रतिष्ठानों के भवनों के निर्माण की भी स्वीकृति दी गई है। पुलिस की आधारभूत संरचना को सुधारने का प्रयास निरंतर जारी है।

## पर्यावरण मंत्री डॉ सुनील कुमार ने किया ग्लास ब्रिज और जू सफारी का भ्रमण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ सुनील कुमार ने शनिवार को नालंदा स्थित राजगीर के ग्लास ब्रिज और जू सफारी का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजगीर का चप्पा-चप्पा एनडीए सरकार की विकास गाथा का प्रतीक है। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि बिहार ने पिछले कुछ वर्षों में जिस प्रकार से पर्यटन और पर्यावरण संरक्षण को जोड़कर विकास की दिशा में कदम बढ़ाए हैं, वह पूरे देश के लिए एक मिसाल है। डॉ. सुनील कुमार ने सफारी ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में देशभर से आए प्रख्यात चिकित्सकों का स्वागत किया और उन्हें राजगीर की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक धरोहर से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार लगातार पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीव संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है, और राजगीर जू सफारी इसका सर्वोत्तम उदाहरण है। यहां बाघ, शेर, तेंदुआ, भालू और हिरण जैसे वन्यजीवों को उनके प्राकृतिक वातावरण में संरक्षित किया गया है। मंत्री ने कहा कि राजगीर जू सफारी एशिया का पहला जू सफारी है, जो न केवल बिहार बल्कि पूरे देश के लिए गौरव की बात है।

## पीएम की यात्रा में जीविका दीदियों का कंडक्टर बनना शिक्षकों की मजबूरी : राजेश राठौड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष राजेश राठौड़ ने एनडीए सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 15 सितंबर 2025 को प्रस्तावित पूर्णिया दौरे के लिए की जा रही व्यवस्था की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा यह क्या नौटंकी है? बिहार सरकार 200 बसों में जीविका दीदियों को सभा स्थल तक ले जाने और वापस लाने के लिए शिक्षकों को जबरन कंडक्टर बनने पर मजबूर कर रहे हैं। शिक्षक, जो बच्चों का भविष्य संवारते हैं, उन्हें अब भीड़ जुटाने और टिकट चेक करने का ठेका दिया जा रहा है। यह बिहार के शिक्षा तंत्र का खुलेआम मखौल है। राठौड़ ने तंज कसते हुए कहा, लगता है एनडीए का 'विकसित बिहार' का सपना यही है- स्कूलों को ताला लगाओ, शिक्षकों को बस की खिड़की पर बिठाओ और बच्चों को सड़कों पर छोड़ दो! अगर यही सुशासन है तो बिहार की जनता को ऐसी तरक्की की जरूरत नहीं। पहले शिक्षकों को वेतन के लिए तरसाया, अब उनकी गरिमा को रैली की बसों में कुचलने की साजिश-यही है बीजेपी का असली चेहरा। अब शिक्षकों को जबरन रैली में ढकेलकर क्या साबित करना चाहते हैं कि बिहार में घोटालों की फेहरिस्त में शिक्षा का दुरुपयोग भी जुड़ जाए। एक तरफ हिंदू-मुस्लिम की बातें करके वोट की खेती, दूसरी तरफ शिक्षकों को कंडक्टर बनाकर लोकतंत्र का मजाक- यह है एनडीए का डबल ड्रामा। एक वक्त था जब चोर शरीफों को खदेड़ते थे, अब शरीफ शिक्षकों को रैलियों में खदेड़ने की तैयारी है। डिप्टी सीएम विजय सिन्हा का एसआईआर ठीक नहीं हो सकता, दो वोटर आइडी के साथ 420 का खेल चला रहे हैं और ऊपर से रुपया गिरा रे... महंगाई का बोझ और रैलियों का यह तमाशा-यही है मोदी सरकार का 'अच्छे दिन' का नमूना! 'वोट चोर दस्ता' तो तैयार है, लेकिन जनता अब इनके फ्लॉप बंद और फ्लॉप साजिशों को नाकाम कर देगी। उन्होंने बिहार की जनता से अपील की राहुल गांधी जी की वोटर अधिकार यात्रा में जनता का सैलाब देखकर ये घबरा गए हैं।

## डॉ. बी. झा मृणाल पुनः भाजपा प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक नामित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल एवं संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया के निर्देश पर डॉ. बी. झा मृणाल को भाजपा प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ का दोबारा प्रदेश संयोजक नामित किया गया। डॉ. मृणाल की कुशल नेतृत्व क्षमता की वजह से उन्हें भाजपा नेतृत्व द्वारा दूसरे कार्यकाल के लिए मनोनीत किया गया है। इसके साथ ही डॉ. मृणाल द्वारा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी एवं कार्य समिति के सदस्यों की भी घोषणा की गई है। डॉ. मृणाल ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में नवगठित चिकित्सा प्रकोष्ठ के सभी मनोनीत पदाधिकारी, सदस्य अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए पार्टी के नीति निर्देश, लोकहित के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। उन्होंने नवगठित चिकित्सा प्रकोष्ठ के सभी सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

## मजबूत व सकारात्मक डिजिटल फुटप्रिंट तैयार करें छात्र : सत्य कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** सोशल मीडिया आज हमारी जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। विद्यार्थी वर्ग इसका सबसे अधिक उपयोग करते हैं इसलिए इसके सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पहलुओं को समझना आवश्यक है। छात्र अपना मजबूत व सकारात्मक डिजिटल फुटप्रिंट तैयार करें ताकि भविष्य में उनके करियर पर इसका अच्छा प्रभाव पड़े। उक्त बातें बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के जनसम्पर्क पदाधिकारी सत्य कुमार ने कही, वे शुक्रवार को संजय गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ डेयरी टेक्नोलॉजी, पटना में आयोजित दीक्षारंभ कार्यक्रम के अंतर्गत नवप्रवेशित बी.टेक. (डेयरी टेक्नोलॉजी) सत्र 2025 के छात्रों को 'सोशल मीडिया के जिम्मेदाराना उपयोग' विषय पर व्याख्यान दे रहे थे। उन्होंने छात्रों को सोशल मीडिया के कारण समय की बर्बादी और स्क्रीन टाइम की बढ़ती आदत से बचने की सलाह दी और कहा कि विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई और सोशल मीडिया के बीच संतुलन बनाकर चलना चाहिए। उन्होंने विशेष तौर पर डेयरी प्रौद्योगिकी के छात्रों को यह संदेश दिया कि वे सोशल मीडिया को केवल मनोरंजन तक सीमित न रखें, बल्कि अपने क्षेत्र और संस्थान के लिए ब्रांड एम्बेसडर बने। कुमार ने दूध और डेयरी उत्पादों से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने, किसानों के बीच नवाचारों को साझा करने और अपने संस्थान की उपलब्धियों को समाज तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। साथ ही सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों और फेक न्यूज से सतर्क रहने की सलाह दी।


## दानापुर स्कूल में शिक्षकों ने किया कार्यशाला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** नासरीगंज स्थित संत डोमिनिक सेवियोज हाई स्कूल के जेपी गॉल्स्टन सभागार में येशु समाजी संवाद आयोग द्वारा भारत के विकास में महत्वपूर्ण धर्मों का योगदान विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन पटना शांति आयोग के फादर डा जोस कालापूरा व जीवन संघम बोधगया के फादर डा एस लौरेंस ने संयुक्त रूप से किया। कार्यशाला में वक्ताओं ने बौद्ध, ईसाई, सिख, हिंदू व इस्लाम धर्म के योगदान पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये। डा कालापूरा व डा लौरेंस ने कहा कि सभी धर्मों ने भारत को एक सशक्त विश्व गुरू के रूप में पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुधार तथा राष्ट्रीय सेवा में इन धर्मों के योगदान पर भी चर्चा की। भारत को एक लोकतांत्रिक और सहिष्णु राष्ट्र के रूप में पहचान दिलाने में सभी लोग शांति व सदभाव के साथ निवास करते है। स्कूल निदेशक जीजे गॉल्स्टन ने कहा कि धार्मिक त्योहार भी महान राष्ट्र-निर्माता रहे हैं और लोगों को एकता के सूत्र में पिरोया है। ईद, बैसाखी, गुरुपर्व और क्रिसमस जैसे त्योहारों में लोग समान उत्साह से भाग लेते हैं। कार्यशाला में पटना येशु समाजी संवाद आयोग के पूर्व निदेशक डा जोस कालापूरा, जीवन संघम बोधगया के डा एस लौरेंस, सरदार गुरूदयाल सिंह, डा नवीन कुमार व खुदा बख्श ओरिएंटल पब्लिक लाईब्रेरी के पूर्व निदेशक डा. इम्तियाज अहमद ने अपने -अपने विचार व्यक्त किये।

## हिन्दी दिवस की पूर्व संध्या पर प्रभु तारा स्कूल में संगोष्ठी एवं कवि सम्मेलन का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना सिटी।** हिन्दी दिवस की पूर्व संध्या पर सकरी गली, पटना सिटी स्थित प्रभु तारा स्कूल में संगोष्ठी एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के बाल कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कृष, सोनाक्षी, पुष्पांजलि, शिक्षा, समृद्ध ,आयांश, खुशी, प्रियांशी, सुहानी, मौसम, सावर्णी, मोनी, साक्षी आदि बाल कवियों की कविताएं सराही गयीं। इस अवसर पर डॉ. अविनाश भारती की कविता कहीं जो मुकद्दर का मारा मिला है तथा श्वेता गजल की कविता बोलना जिसको सदा मेरे लिए सम्मान है ने अपनी प्रभावी रचनाएं सुनाईं। गजलकार विजय कुमार की कविता हां दस्तुर यही है जीवन का ने श्रोताओं पर गहरा असर छोड़ा। डॉ. सुनील कुमार उपाध्याय ने भोजपुरी कविता राम के नाम रही रसना पर तथा प्रभात वर्मा ने अपनी मगही कविता प्रस्तुत की। प्रभात कुमार धवन ने अपनी कविता में बच्चों को आंधी तूफान में भी खड़ा रहने का हौसला दिया। ब्रह्मानंद पाण्डेय ने हिंदी दिवस पर हर्षित भाव से मैं हिंदी का अभिनंदन करता हूं-कविता सुनाई। मनोज कुमार उपाध्याय ने अपनी कविता में रूपये के गिरते मूल्य पर चिंता जताई। युवा रचनाकार अमन आकाश ने हिंदी की प्रगति पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कमल नयन श्रीवास्तव ने कहा कि आजादी के 78 साल बाद भी हिंदी को वह स्थान नहीं मिला जो मिलना चाहिए था। अध्यक्षीय भाषण के दौरान उन्होंने सरकारों के उदासीन रवैये को भी रेखांकित किया। केवल हिंदी दिवस पर कार्यक्रम मनाने से हिंदी का विकास नहीं होगा। इसके लिए पूरे साल प्रयत्नशील रहना होगा। उन्होंने आगे कहा कि भारत की अन्य भाषाओं से हिंदी का कोई विरोध नहीं है, हिंदी तो सभी भारतीय भाषाओं को आपस में जोड़ती है। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्मानंद पाण्डेय ने किया।

## उन्नीसवां 'उदयराज सिंह स्मृति सम्मान' कथाकार जयनन्दन को

### रजतरानी मीनू, राम अवतार बैरवा, प्रतिभा चौहान को 'नई धारा रचना सम्मान'



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** चर्चित साहित्यक पत्रिका 'नई धारा' द्वारा वर्ष-2025 का उन्नीसवां उदयराज सिंह स्मृति सम्मान' प्रसिद्ध कथाकार जयनंदन को दिया जाएगा जिसके तहत उन्हें 1 लाख रुपए सहित सम्मान पत्र, स्मृति चिह्न आदि अर्पित किए जाएंगे। इसके साथ ही चर्चित लेखिका डॉ. रजतरानी मीनू (गाजियाबाद), गजलकार राम अवतार बैरवा (दिल्ली) एवं चर्चित कवयित्री प्रतिभा चौहान (सिवान) वर्ष -2025 के 'नई धारा रचना सम्मान' से नवाजे जाएंगे जिसके तहत सभी लेखकों को 25-25 हजार रुपए सहित सम्मान पत्र, प्रतीक चिह्न आदि अर्पित किए जाएंगे। यह घोषणा प्रेस सम्मेलन में 'नई धारा' के प्रधान संपादक डॉ. प्रमथराज सिंह ने की।

## यूनेस्को के पूर्व निदेशक एवं मॉरीशस के पूर्व शिक्षा मंत्री का भव्य स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा तथा अभियान के संरक्षक डॉ अनिल कुमार चौबे ने पटना हवाई अड्डा पर यूनेस्को के पूर्व निदेशक, मौरीशस के पूर्व शिक्षा मंत्री एवं रैनबो फाउंडेशन के अध्यक्ष अरमुगम परशुरामन का भव्य स्वागत अंग -वस्त्र, पुष्पगुच्छ तथा पुष्पमाला से किया। डॉ मुकेश कुमार ओझा ने बताया कि अरमुगम परशुरामन पटना स्थित महावीर मंदिर गए तथा महावीर मंदिर में प्रसाद चढ़ाए। उन्होंने गांधी मैदान स्थित महात्मा गांधी और सर शिवसागर राम गुलाम की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। परशुरामन मौरीशस में तेरह वर्ष शिक्षा मंत्री तथा यूनेस्को के बारह वर्ष निदेशक रहे। वर्तमान में ग्लोबल फाउंडेशन के अध्यक्ष हैं। आधुनिको भव संस्कतं वद अभियान के प्रधान संरक्षक एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व गृह सचिव डॉ अनिल कुमार सिंह ने दूरभाष वार्ता में अभियान के संस्कृत भाषा के प्रगति के लिए किए गए कार्यो की जानकारी दी तथा मारीशस में संस्कृत संभाषण शिविर आयोजित करने का अनुरोध किया। अभियान निरन्तर 36 वां अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय शिविर चल रहा है। बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन एवं इण्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एजुकेशन एंड रिसर्च में भी व्याख्यान दिया। पटना साहिब गुरुद्वारे में मत्था टेका तथा सिरोपा देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर भारत मौरीशस मैत्री संघ के अध्यक्ष डॉ अनिल सुलभ, पूर्व उपमहापौर विनय कुमार, विभा रानी श्रीवास्तव, एहसास मणिकांत आदि अनेक संस्कृत एवं हिन्दी के विद्वान उपस्थित थे।

## जांच प्रतिवेदन के आधार पर राज्य खाद्य निगम के 12 पदाधिकारी निलंबित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने राज्य खाद्य निगम के 6 सहायक प्रबंधक एवं 6 गुणवत्ता नियंत्रक को खराब गुणवत्ता के खाद्यान्न की आपूर्ति किए जाने के संबंध में विभागीय जांचोपरांत निलंबन की कार्रवाई की गई है।

इससे पूर्व विभाग द्वारा 6 आपूर्ति निरीक्षकों/प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निलंबित किया गया था। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग पूरे राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली दुकानों में खाद्यान्नों की गुणवत्ता, मात्रा एवं समय पर खाद्यान्न की उपलब्धता के संबंध में राज्यव्यापी अभियान के तहत निरीक्षण अभियान चला रहा है।

## जोगबनी और दानापुर के मध्य वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर फारबिसगंज-अररिया कोर्ट-पूर्णिया-दौरम मधेपुरा-सहरसा-खगड़िया-हसनपुर रोड-समस्तीपुर-मुजफ्फरपुर-हाजीपुर के रास्ते जोगबनी और दानापुर के मध्य एक नये वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है। 15.09.2025 को जोगबनी और दानापुर के मध्य चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस के परिचालन का शुभारंभ गाड़ी सं. 02631 फारबिसगंज-दानापुर वंदे भारत उद्घाटन स्पेशल के रुप में किया जायेगा। 15.09.2025 को गाड़ी सं. 02631 फारबिसगंज-दानापुर वंदे भारत उद्घाटन स्पेशल फारबिसगंज से 15.30 बजे खुलकर 15.55 बजे अररिया कोर्ट, 16.50 बजे पूर्णिया, 17.26 बजे बनमनखी, 17.53 बजे दौरम मधेपुरा, 18.20 बजे सहरसा, 19.13 बजे खगड़िया, 19.36 बजे सलौना, 19.51 बजे हसनपुर रोड, 20.26 बजे समस्तीपुर, 21.05 बजे मुजफ्फरपुर, 21.50 बजे हाजीपुर रुकते हुए 23.40 बजे दानापुर पहुंचेगी। दानापुर और जोगबनी के मध्य गाड़ी सं. 26302/26301 दानापुर-फारबिसगंज -दानापुर वंदे भारत एक्सप्रेस का नियमित परिचालन दानापुर से 17.09.2025 से मंगलवार को छोड़कर सप्ताह में छः दिन तथा फारबिसगंज से 18.09.2025 से बुधवार को छोड़कर सप्ताह में छः दिन परिचालित किया जायेगा।

## पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल में जल्द मिलेगी लिवर ट्रांसप्लांट की सुविधा


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** अब बिहार के मरीजों को लिवर ट्रांसप्लांट के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल, पटना में अब इसकी विधिवत सुविधा मिलेगी ये बातें लिवर ट्रांसप्लांट एंड जीआई सर्जरी के डायरेक्टर डॉ. वैभव कुमार मिश्रा ने हॉस्पिटल परिसर में शनिवार को आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में कहीं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार से जल्द ही लिवर ट्रांसप्लांट का लाइसेंस मिल जाएगी जिसके बाद मरीजों को बाहर के राज्यों का रुख नहीं करना पड़ेगा। लिवर प्रत्यारोपण में हालिया प्रगति और सर्वोत्तम प्रथाएं एवं लिवर प्रत्यारोपणः कौन, कब और क्यों? पर सीएमई का भी आयोजन होटल मोर्या में किया गया है जिसमें प्रदेश भर के सैकड़ों डॉक्टरों ने भाग लिया। इस अवसर पर हॉस्पिटल के जोनल डाइरेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल, पटना में इससे पहले लिवर ट्रांसप्लांट ओपीडी की सुविधा थी जहां लिवर संबंधित स्क्रीनिंग और काउंसेलिंग होती थी। लाइसेंस मिलने के बाद बिहार, झारखंड सहित नेपाल और आस-पड़ोस के मरीजों को भी सुविधा हो जाएगी साथ ही बताया कि रविवार को निःशुल्क लिवर ट्रांसप्लांट परामर्श शिविर का आयोजन भी किया जा रहा है जिसमें लिवर से संबंधित सभी प्रकार के बिमारी का परामर्श निःशुक्ल होगा साथ ही लैब और रेडियोलॉजी सेवाओं पर 50% की बड़ी छूट भी दी जाएगी। इस मौके पर लिवर ट्रांसप्लांट एंड जीआई सर्जरी के ग्रुप डायरेक्टर डॉ. अंकुर गंग, डॉ. कपिलदेव यादव, गैस्ट्रो टीम से डॉ सत्यम सिंहा, डॉ. करण भार्गव, डॉ. शाहिद सिद्दीकी ने भी अपने अनुभव साझा किए।

## गलत खानपान की आदतें लिवर रोगों के बढ़ने का प्रमुख कारण : डॉ. विभा वर्मा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी, रोड नंबर 7, राजेन्द्रनगर, पटना द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क लिवर रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया।

मौके पर अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने बताया कि मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी द्वारा स्वास्थ्य सेवा और जागरूकता को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए लीलावती अस्पताल, मुंबई की लिवर रोग विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ लिवर रोग विशेषज्ञ डॉ. विभा वर्मा के मार्गदर्शन में निःशुल्क लिवर जांच शिविर का सफल आयोजन किया। इस शिविर में शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से आए करीब सौ लोगों ने भाग लिया और निःशुल्क लिवर जांच कराई। प्रतिभागियों को जांच रिपोर्ट के साथ-साथ लिवर रोगों के कारण, लक्षण, बचाव के उपाय तथा संतुलित जीवनशैली अपनाने के सुझाव भी दिए गए। डॉ. विभा वर्मा ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी और गलत खानपान की आदतें लिवर रोगों के बढ़ने का प्रमुख कारण हैं। समय-समय पर जांच कराना और संतुलित जीवनशैली अपनाना अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार के शिविर आमजन के लिए बेहद उपयोगी हैं। सोसाइटी के कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल ने बताया कि आने वाले समय में मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी और भी ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करेगी जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। सचिव दिनेश अग्रवाल ने डॉ. विभा वर्मा और लीलावती अस्पताल की टीम का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सोसाइटी के संस्थापक अध्यक्ष महावीर अग्रवाल, विजय किशोरपुरिया, सुनील अग्रवाल, विनोद अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी, सदस्यगण सक्रिय रूप से जुड़े रहे। शिविर के माध्यम से न केवल लोगों को निःशुल्क जांच की सुविधा मिली, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश भी समाज तक पहुंचा।

## निर्माता निर्देशक रंजीत महापात्र ने आलोक कुमार के गाए गानों की शूटिंग पूरी की

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जाने माने निर्माता-निर्देशक रंजीत महापात्र ने आलोक कुमार के गाए गानों की शूटिंग विंटेज विला रिजॉर्ट में पूरी कर ली है। इस गाने में अभिनेत्री माही खान, सोनू मितवा, मृत्युंजय यादव और अन्य कलाकार शामिल रहे। यह गाना अनुराग मूवीस के बैनर पर बना है। कैमरामैन राजीव जी, मेकअप आकाश कुमार, कोरियोग्राफर पवन पीसी हैं। सह निर्माता बबली चंद्रा की टीम ने बेहद खूबसूरत तरीके से इस गाने को शूट किया है। यह गाना जल्द ही म्यूजिक चैनल पर देखने को मिलेगा।

CMYK

# नेताओं का चेहरा नहीं, बच्चों की शिक्षा और रोजगार देखकर वोट दें : पीके

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**अकोढ़ीगोला।** जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने शनिवार को रोहतास जिले के डिहरी विधानसभा अंतर्गत अकोढ़ीगोला के प्रेमनगर खेल मैदान में आयोजित बिहार बदलाव सभा में बड़ा राजनीतिक संदेश दिया। उन्होंने कहा अब नेताओं के चेहरे पर नहीं, अपने बच्चों के चेहरे व भविष्य पर वोट देना होगा। खेल मैदान में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि पिछले तीस साल से बिहार की जनता जाति, धर्म के नाम पर ठगी होती रही है। लोग मोदी को चायवाला जानकर वोट दिया, लालू को भैंस चराने वाला समझकर वोट दिया तो नीतीश को पांच किलो अनाज के लिए वोट दिया। कभी अपने बच्चों के भविष्य के बारे नहीं सोचा। यदि सोच कर वोट दिया होता तो आज आपकी बच्चों की इस तरह की बदहाली नहीं देखने को मिलती। इस बार सोचने की बारी है। प्रशांत किशोर ने तंज कसते हुए कहा मोदी का चेहरा देखकर वोट दिया तो चायवाला प्रधानमंत्री बन गया। लालू का चेहरा देखकर वोट दिया तो भैंस चराने वाला 15 साल तक राजा बना रहा। नीतीश कुमार का चेहरा देखकर वोट दिया तो वैद्य का बेटा 20 साल से शासन कर रहा है। उन्होंने जनता से पूछा कि क्या इन चेहरों ने आपके बच्चों की शिक्षा और रोजगार की गारंटी दी। उन्होंने कहा कि अब वोट देने का आधार चेहरा नहीं, बच्चों का भविष्य होना चाहिए। अब लालू अपने 9वीं पास बेटे को सीएम बनाने को सोच रहे हैं। निशाना साधते हुए प्रशांत ने कहा लालू जी से बच्चों की चिंता करना जरूर सीखिए। उनका बेटा 9वीं पास भी नहीं है, लेकिन फिर भी वे उसे मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। बदलाव चाहते हैं तो आंख खोलकर वोट कीजिए।

**सभा के दौरान प्रशांत किशोर ने कई घोषणाएं की**

दिसंबर 2025 से 60 साल से ऊपर के हर व्यक्ति को 2000 मासिक पेंशन जब तक सरकारी स्कूल दुरुस्त नहीं होते, तब तक 15 साल से कम उम्र के बच्चों की पढ़ाई निजी स्कूलों में करवाई जाएगी। फीस सरकार देगी। छठ 2025 के बाद अकोढ़ीगोला व डिहरी के युवाओं को 10-12 हजार की मजदूरी के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। पलायन बंद होगी। बिहार में ही युवाओं को रोजी रोजगार मिलेगी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष हीरालाल कुशवाहा, प्रदेश प्रभारी सुभाष सिंह कुशवाहा, समीर दुबे, श्रीकांत तिवारी, प्रियंका सिंह, अभिषेक सांकृत, अतेंद्र कुमार सिंह, प्रतिमा देवी, उमेश सिंह, डॉक्टर अमित कुमार आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन जन सुराज के जिला प्रभारी कमलेश सिंह ने किया। वही सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन आकाश बाबा ने शानदार तरीके से किया।

## सोन नहर में डूबने से युवती की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** स्थानीय बेनी सिंह महाविद्यालय के पीछे शुक्रवार को एक 20 वर्षीय युवती के डूबने से मौत हो गई। मृतका चेनारी नगर पंचायत के भारन्दुआ मोहल्ला निवासी मोहम्मद सरफराज अली की पुत्री गुलफासा खातून बताई जाती है। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर बाद युवती कपड़ा लेकर नहर में साफ करने गई थी। इसी दौरान सोन उच्च स्तरीय नहर के गहरे पानी में डूब गई। काफी घंटे बाद जब हो-हल्ला हुआ तो ग्रामीणों ने शव की तलाश शुरू की। देर शाम कैमूर जिला के करमचट थाना पुलिस की मदद से बगही पुल के समीप से शव को बरामद किया गया। करमचट पुलिस ने शव को शनिवार को सदर अस्पताल भभुआ में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को स्वजनों को सौंप दिया।

## डीएम ने विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी, रोहतास की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में सभी विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी, सहायक निर्वाची पदाधिकारी और कोषांगों के नोडल पदाधिकारी की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी निर्वाची पदाधिकारी से अब तक की गयी उनकी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सबसे पहले अपने स्तर पर कोषांगों का गठन कर लें जिसमें आरओ सेल, नाम निर्देशन कोषांग, मतपत्र कोषांग, डाटा अपलोडिंग कोषांग, वाहन कोषांग आदि महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि कोषांग में ऐसे अधिकारी और कर्मी को चिन्हित कर रखें जो नियम कानून और प्रक्रिया की समझ रखते हों और जो फिल्ड वर्क में दक्ष हों। बैठक में कार्मिक, प्रशिक्षण, इवीएम, बज्रगृह, सामग्री, विधि व्यवस्था, आदर्श आचार संहिता, मतपत्र, डाक मतपत्र, नाम निर्देशन, प्रेक्षक, मीडिया, कम्प्यूटराइजेशन, साइबर सुरक्षा, शिकायत निवारण, कम्युनिकेशन, सिंगल विंडो, स्वीप, निर्वाचन कोषांग आदि की कार्य योजना की समीक्षा की गयी और आवश्यक निर्देश दिए गए।

# मेहतर सेवा संघ ने किया गरीब महिलाओं के बीच साड़ी वितरण

## गरीबों की सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं : अमित पटेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** मेहतर सेवा संघ बिहार के तत्वावधान में डिहरी के एनिकट काली स्थान के प्रांगण में जीवित्पुत्रिका (जितिया) महान पर्व के पावन बेला पर गरीब व असहाय महिलाओं के बीच साड़ी वितरण किया गया। अध्यक्षता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व संघ के प्रदेश अध्यक्ष मोहन राम ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश सह संयोजक अमित पटेल रहे। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारम्भ श्री पटेल ने बबिता देवी को साड़ी देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किये। संघ के प्रदेश अध्यक्ष मोहन राम, प्रदेश उपाध्यक्ष मंजू देवी, प्रदेश कोषाध्यक्ष वीर बसंत लाल एवं विनोद कुमार नगर अध्यक्ष आदि लोगों के कर कमलों द्वारा साड़ी वितरण किया गया। भाजपा के युवा नेता अमित पटेल ने कहा कि इस जगत में गरीबों की सेवा से बढ़ कर दूसरा नेक कार्य कोई नहीं। संघ के अध्यक्ष मोहन राम ने कहा है कि गरीबों की सेवा करने से दिल को सुकून मिलता है। इसलिए दीन दुखियों की सेवा में जीवन पर्यंत करता रहूंगा। प्रदेश कोषाध्यक्ष वीर बसंत लाल ने कहा कि माताएं अपने पुत्रों की लंबी उम्र के लिए जीतिया व्रत 24 घंटा के लिए निर्जला उपवास करती हैं। उन माताओं की दुआ हम लोगों पर भी अवश्य लगेगा। इस अवसर पर संघ के रोहतास जिला सचिव प्रिय रंजन रावत, अशोक राम, नीलम देवी, बेबी देवी, आरती देवी, संजू देवी, गुड़िया देवी एवं सोनी देवी आदि लोग उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों के मसीहा : जनक राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** सासाराम विधानसभा क्षेत्र के तिलौथू स्थित राधा शांता महाविद्यालय परिसर में रविवार को एनडीए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण मंत्री जनक राम ने जनता से अपील की कि वे एनडीए के पक्ष में मतदान कर क्षेत्र के विकास को गति दें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विकास योजनाओं से जुड़ी उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी को गरीबों का मसीहा और विकास का भागीरथ बताया। मंत्री ने विपक्ष को लेकर कहा कि पहले बिहार हत्या, अपहरण और भय का पर्याय बन गया था। यह धर्म और अधर्म की लड़ाई है जिसमें धर्म की जीत होगी। बिहार में एनडीए की सरकार फिर बनेगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 के बाद से एनडीए सरकार के नेतृत्व में बिहार का नया विकास का पैमाना तय हुआ है। 2025 में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनेगी। कहा कि पिछले कई सालों से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में काफी विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि बिहार के हर कोने में करोड़ों रुपए से विकास की योजनाएं बनी है। हरेक क्षेत्र में विकास हो रहा है। उन्होंने राहुल गांधी, तेजस्वी यादव पर तंज करते हुए कहा कि सुशासन की सरकार में ही लोग रात 11 बजे परिवार के साथ कहीं पर घूम नहीं सकते थे।

# मनाया गया संवेदना हॉस्पिटल का 29 वां स्थापना दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी के पाली रोड स्थित संवेदना न्यूरोसायकियेट्रिक रिसर्च प्रा लिमिटेड का 29वां स्थापना दिवस पर डॉक्टर उदय कुमार सिन्हा, डॉक्टर मालिनी राय सहित सभी विशिष्ट अतिथियों में डा. रागिनी सिन्हा पूर्व विधायक इं. सत्यनारायण सिंह सहित अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित व केक काटकर स्थापना दिवस पर मनाया और आए हुए अतिथियों का स्वागत निदेशक एवं डॉ मालिनी राय द्वारा संवेदना हॉस्पिटल का प्रतीक चिन्ह अंगवस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संवेदना की सामूहिक सेवा समाज के हर जरूरतमंदों के साथ समर्पित है। संवेदना का निर्माण में समाज की ही भूमिका है। इसकी नींव में इस शहर, इस धरती का कर्ज है और हमारी सोच उस कर्ज को लौटाने, उतारने की है। यह उद्गार विचार शहर के प्रसिद्ध न्यूरो चिकित्सक डा. उदय कुमार सिन्हा ने संवेदना न्यूरो साइकियेट्रिक रिसर्च प्रा लि. के 29 वां स्थापना समारोह में व्यक्त किया। कहा कि डिहरी शहर में संवेदना न्यूरो रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना 1996 में की गई थी। इसके बाद से यह चिकित्सा संस्थान 29 वर्षों से डिहरी ही नहीं बिहार-झारखंड के साथ उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ के अलावे दक्षिण भारत के सुदूर इलाकों के हजारों से अधिक लोगों को मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल एवं उसकी सेवा प्रदान करने में अग्रणी संस्था के रूप में आज विकसित है जिसका नाम पूरे देश भर में नाम लिया जाता है। मौके पर संवेदना रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक निदेशक डा उदय कुमार सिन्हा और डा मालिनी राय ने कहा कि इस वर्ष का स्थापना दिवस समारोह बहुत कुछ मानसिक स्वास्थ्य के रूप में नया करने को थीम को लेकर मनाया जा रहा है। यहां तक की सामुदायिक आउटरिच गतिविधियों के साथ-साथ निःशुल्क परामर्श भी देने की व्यवस्था की जा रही है। अस्पताल को पूरी तरह से डिजिटल कर दिया गया है ताकि मरीज को नंबर लगाने से लेकर और उसके निदान तक सभी प्रकार की सुविधा घर बैठे मिल सके। मौके पर डा. उदय कुमार सिन्हा व डा. मालिनी राय ने बताया कि 29 वर्षों से संवेदना मानसिक बीमारी से प्रभावित व्यक्तियों और परिवारों के लिए एक आशा की किरण बनी हुई है और भविष्य की ओर देखते हुए हमारा मिशन है कि मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों की अगली पीढ़ी का पोषण करते हुए सुलभ, करुणामय और साक्ष्य आधारित देखभाल प्रदान करना है। स्थापना दिवस का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के देखभाल के बारे में लोगों को जागरूक करना है। साथ ही संवेदना, संवेदना के संकल्प की पुष्टि के लिए वचनबद्ध है। मौके पर महिला कालेज प्रचार्य डा. प्रोफेसर अशोक कुमार सिंह, डा. दिग्विजय सिंह, डा. अजीत कुमार सिंह, डा. उपासना सिंह, आलोक कुमार सिंन्हा, कमल सिन्हा, डॉ नवीन नटराज, डॉ रामजी प्रसाद, मनोज अज्ञानी, मिथिलेश सिन्हा सहित चिकित्सा शिक्षा एवं कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़े सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## झंडोत्तोलन और मशाल दौड़ के साथ सीबीएसई राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**सासाराम।** सी बी एस ई राष्ट्रीय बालक वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन नारायण वर्ल्ड स्कूल की मेजबानी में गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के खेल परिसर में किया गया। भव्य मशाल दौड़ और सीबीएसई के झंडे के झंडोत्तोलन के साथ शुरू हुए इस आयोजन ने बिहार में सीबीएसई की इस प्रथम राष्ट्रीय प्रतियोगिता के गौरव को विशेष आभार से भर दिया। सभी स्थानीय लोगों तथा खेल प्रेमियों में इस राष्ट्रीय आयोजन को लेकर रोमांच अपने शीर्ष पर है। कार्यक्रम का उद्घाटन सीबीएसई पर्यवेक्षक पूनम यादव, तकनीकी प्रतिनिधि काजल राजपूत और नारायण वर्ल्ड स्कूल की निदेशक डॉ मोनिका सिंह ने सामूहिक रूप से सीबीएसई झंडे का झंडोत्तोलन कर सम्पन्न किया। इस भव्यतापूर्ण आयोजन की शोभा को मेजबान संस्थान के कुलपति डॉ महेंद्र कुमार सिंह, सचिव गोविंद नारायण सिंह, प्रबंध निदेशक त्रिविक्रम नारायण सिंह, सीबीएसई के तकनीकी प्रभारी अजय कुमार शर्मा और चंद्रशेखर सिंह ने अपनी विशेष उपस्थिति से यादगार बना दिया।

# शहीद जतिन दास के शहादत दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** श्री श्री रामकृष्ण आश्रम, डिहरी में शहीद जतिन दास की शहादत दिवस पर बंदी अधिकार आंदोलन के बैनर तले एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर दिग्विजय सिंह ने की। संगोष्ठी का मुख्य विषय था-जेलों में कैसे न्याय पहुंचाया जाए। डिहरी विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष नेता उमाशंकर पांडेय उर्फ मुटुर पाण्डेय ने कहा कि गुलाम भारत की जेलें अमानवीय थीं और इसी व्यवस्था को सुधारने के लिए शहीद जतिन दास ने 63 दिनों तक आमरण अनशन कर बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि उनका संघर्ष भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन ही नहीं, बल्कि जेल सुधार आंदोलन की भी प्रेरणा है। बंदी अधिकार आंदोलन के संयोजक संतोष उपाध्याय ने कहा कि बिहार की जेलों में 76 प्रतिशत से अधिक विचाराधीन कैदी बंद हैं जबकि सभी को जमानत का अधिकार है। जेल अत्याचार की प्रयोगशाला नहीं, बल्कि सुधार और मानवीयता का स्थान होना चाहिए। गांधी जी ने भी जेल को अस्पताल की तरह चलाने की बात कही थी। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि रोजाना हथकड़ी में कैदियों को कोर्ट हाजत से कोर्ट हाउस तक घसीटा जाता है जो मानवाधिकार का गंभीर उल्लंघन है। इसके निराकरण के लिए पूरे राज्य में सुशुप्त जिला मानवाधिकार न्यायालयों को सक्रिय किया जाना आवश्यक है। दुसाध जागृति संस्कृति चेतना मंच के अध्यक्ष संजय पासवान ने कहा कि जतिन दास की शहादत सिर्फ भारत तक सीमित नहीं रही, बल्कि दुनियाभर में कैदियों के अधिकारों के संघर्ष को नई ऊर्जा दी। आज भी दुनिया के कई देशों में बंदी अन्याय और अमानवीयता के खिलाफ भूख हड़ताल को हथियार बना रहे हैं। चाहे आयरलैंड के बॉबी सैंड्स हों या तुर्की की इब्रू तिम्तिक, सभी का संघर्ष जतिन दास की परंपरा को आगे बढ़ाता है। संगोष्ठी में वरिष्ठ अधिवक्ता विजय सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र कुमार, मिथिलेश दीपक, सुरेन्द्र तिवारी, चंद्रिका राम और विवेक कुमार, अभिषेक बोस, जितेंद्र कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर दिव्यांशु रंजन ने शहीद जतिन दास के सम्मान में एक क्रांतिकारी गीत प्रस्तुत किया।

## तीन राज्य को जोड़ने वाली सड़क के निर्माण का रास्ता साफ : अमित पासवान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** भीम आर्मी रोहतास के पूर्व जिलाध्यक्ष सह आजाद समाज पार्टी चेनारी विधानसभा प्रभारी अमित पासवान ने रोहतास जिलाधिकारी को पत्र देकर मांग किया था कि नौहट्टा के रास्ते यदुनाथपुर के बेलदुरिया जारादाह होते हुए उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के बसुहारी तक जो तीन राज्यों को जोड़ने वाली सड़क है जिसकी दूरी मात्र 7 किमी. है सड़क निर्माण होना चाहिए जिससे व्यापार के साथ पर्यटन की भी असीम संभावनाएं होंगी। अमित पासवान के आग्रह पर सकारात्मक कार्य हेतु जिलाधिकारी उदिता सिंह ने रोहतास डीडीसी के माध्यम से संबंधित पदाधिकारी कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य प्रमंडल डिहरी को तत्काल इस कार्य को आगे बढ़ाने हेतु स्थल का निरीक्षण करने को कहा है। अमित पासवान ने कहा कि नौहट्टा यदुनाथपुर में क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों के द्वारा यह मांग रखा गया था। मैं कोई संवैधानिक पद पर नहीं हूं, लेकिन लोगों की समस्या का समाधान करना हमारी पहली प्राथमिकता है। चेनारी विधानसभा क्षेत्र के जनता मालिक की सेवा में सदैव तत्पर रहना ही हमारा धर्म और कर्तव्य है।

# अधिवक्ता संवाद का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ भवन में जदयू विधि प्रकोष्ठ, डिहरी अनुमंडल के तत्वावधान में अधिवक्ता संवाद का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि जदयू विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह सदस्य धार्मिक न्यास बोर्ड, बिहार सरकार डा.आनंद कुमार एवं प्रदेश कमिटी के पदाधिकारी गण मौजूद थे।

डा.आनंद कुमार ने अधिवक्ताओं को उनके हित से संबंधित कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुमंडल अध्यक्ष अंगेश कुमार सिंह एवं संचालन प्रदीप कु. सिंह ने किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सह लोक अभियोजक उपेंद्र कुमार, बार अध्यक्ष मनोज अज्ञानी, पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय, रमाकांत दुबे, बैरिस्टर सिंह, मुनमुन पाण्डेय, पंकज सिंह, सैयद आलम, श्रीमन नारायण, धीरज सिंह, अनिशा अनुराधा, जमुना प्रसाद, सुधीर कुमार, काशी गुप्ता, कमल सिन्हा आदि बड़ी संख्या मे अधिवक्ता गण उपस्थित थे।

## एनडीए का संकल्प फिर से नीतीश और 225 : पटेल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** जदयू द्वारा सुशासन का सार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत वजीरगंज विधानसभा क्षेत्र के मानपुर प्रखंड अंतर्गत वार्ड 47 के सूर्यपोखरा, बुनियादगंज बाजार, एवं नौरंगा पंचायत के विभिन्न गांवों में 2005 से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा चलाए गए योजनाओं की जानकारी दी गई है। जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष ज्योति दांगी, अरविंद वर्मा, सतेंद्र गौतम मांझी, राजकुमार शाह ने जनता को बताया कि 2005 से 2025 तक क्या क्या बदलाव हुआ है। पटेल ने कहा कि 2005 से पहले क्या हालत था बिहार का बिजली कब आती थी पता ही नहीं चलता था, रोड में गड्ढा था कि गड्ढा में रोड था कहना मुश्किल था, अपहरण और आतंक का बिहार था। आज बिहार विकास के रास्ते पर लगातार अग्रसर है, बिहार जल्द ही विकसित राज्यों के श्रेणी में होगा। ज्योति दांगी ने महिलाओं को बताई कि नीतीश कुमार के सरकार में महिलाएं आत्मनिर्भर बन गई है। आज महिलाएं घर से बाहर निकल कर पुरुषों का कंधा से कंधा मिलाकर साथ दे रही है। पंचायतों में नगर निकायों में, सरकारी नौकरियों में नीतीश कुमार ने महिलाओं को आरक्षण देकर काफी आगे बढ़ाया है। सभी ने एक सुर में कहा कि 2025 में नीतीश कुमार को सीएम बनायेंगे। सबने नारा दिया 2025 फिर से नीतीश और एनडीए 225 सीट के साथ भरी बहुमत से सरकार बनाएगी।

## स्कॉर्ट वाहन हादसे का शिकार, कई पुलिसकर्मी घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** गया जिले के शेरघाटी अनुमंडल क्षेत्र स्थित नई बाजार के पास जीटी रोड पर एक बड़ा हादसा हो गया। बनारस से गया जा रहे दंडी स्वामी सुरेश्वर आश्रम के मठाधीश के एस्कॉर्ट में शामिल पुलिस वाहन को एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पुलिस वाहन पलट गया जिससे उसमें सवार एसआई मनोज कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घायलों को पलटे वाहन से बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर तेज रफ्तार से आ रहा था और नियंत्रण खो देने के कारण सीधे पुलिस वाहन से जा टकराया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही शेरघाटी थाना प्रभारी अजीत कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर और उसके चालक की पहचान की जा रही है। दोषी चालक को जल्द गिरफ्तार करने का भरोसा भी दिलाया गया। इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। खासकर तब, जब एस्कॉर्ट ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मी खुद हादसे का शिकार हो गए।

## आधुनिक भवन निर्माण में आर्किटेक्ट का अहम योगदान : प्रो रंजीत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** गया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, गया के सिविल इंजीनियरिंग एवं आर्किटेक्चर विभागाध्यक्ष रंजीत कुमार चौधरी ने बिहार प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बीपार्ड गया) में भवन निर्माण विभाग के नव नियुक्त 91 सहायक वास्तुविदों को संबोधित किया। दो सत्र प्रत्येक तीन घंटे का, में उन्होंने दो महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान दिया जिसमें बिहार की सार्वजनिक परियोजनाओं में परंपरागत बनाम आधुनिक निर्माण सामग्री एवं लागत प्रभावी निर्माण तकनीकें। इन व्याख्यानों में उन्होंने व्यवहारिक उदाहरणों और अनुभवों के माध्यम से नव नियुक्त सहायक वास्तुविदों को सरकारी निर्माण कार्यों की चुनौतियों और संभावनाओं से अवगत कराया।

यह गया इंजीनियरिंग कॉलेज के लिए गर्व का विषय है कि उसके संकाय सदस्य राज्य के प्रतिष्ठित प्रशिक्षण संस्थानों जैसे बीपार्ड गया में विशेषज्ञ व्याख्यान देकर योगदान दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि गया इंजीनियरिंग कॉलेज बिहार का पहला राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज है जहां 2023 से आर्किटेक्चर पाठ्यक्रम संचालित हो रहा है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजन सरकार ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि यह संस्था की शैक्षणिक उत्कृष्टता और शिक्षकों की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## कृषक वैज्ञानिक वार्तालाप का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** कृषि विभाग, गयाजी अन्तर्गत कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) द्वारा संयुक्त कृषि भवन, चन्दौती के सभागार में शारदीय (खरीफ) कृषक वैज्ञानिक वार्तालाप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, आत्मा संजीव कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया। दो दिवसीय कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र, आमस के वरीय वैज्ञानिक-सह-प्रधान इं. विमलेश कुमार पाण्डेय, जिला उद्यान पदाधिकारी, तब्बशुम परवीन, कृषि विज्ञान केन्द्र, मानपुर के वैज्ञानिक डा. अशोक कुमार, मायापुर टनकुप्पा स्थित सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स ऑन मिलेट्स के वैज्ञानिक डा. राहुल प्रियदर्शी, कृषि विज्ञान केन्द्र, आमस के वैज्ञानिक सुनील कुमार चौधरी, आत्मा मेघा कुमारी, सहायक तकनीकी प्रबंधक अनिकेत कुमार उपस्थित थे।

## लाखों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के ढिबरी गांव में चोरी की बड़ी घटना सामने आई है। चोरों ने घर में रखे लगभग 3 लाख 55 हजार रुपये नकद और करीब एक लाख रुपये मूल्य के गहनों पर देर रात हाथ साफ कर दिया। चोरी गए रुपये में 3 लाख 40 हजार रुपये बक्से से और 15 हजार रुपये पलंग के नीचे से चोरी हुई है।


**गांधीधाम-भागलपुर-गांधीधाम स्पेशल ट्रेन हरिनगर स्टेशन पर रुकेगी**

यात्रियों की सुविधा के लिए, **09451/09452 गांधीधाम-भागलपुर-गांधीधाम स्पेशल** ट्रेन पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल के **हरिनगर** स्टेशन पर परीक्षण के आधार पर निम्नानुसार ठहराव प्रदान करेगी:

| ट्रेन संख्या और नाम | स्टेशन | समय | | ठहराव (से प्रभावी) |
|---|---|---|---|---|
| | | आ. | प्र. | |
| 09451 गांधीधाम-भागलपुर स्पेशल [19.09.2025 (यात्रा शुरू) से प्रभावी] | हरिनगर | 09.45 | 09.47 | 21.09.2025 |
| 09452 भागलपुर-गांधीधाम स्पेशल [15.09.2025 (यात्रा शुरू) से प्रभावी] | | 14.05 | 14.07 | 15.09.2025 |

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

## एक नजर

### जदयू नेता डॉ0 सतीश कुशवाहा ने किया जनसम्पर्क

**कौआकोल।** जदयू के नवादा जिला अभियान प्रभारी व गोविंदपुर विधानसभा से सम्भावित एनडीए प्रत्याशी डॉ. सतीश कुशवाहा के नेतृत्व में पार्टी से जुड़े कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को कौआकोल प्रखंड के सोखोदेवरा पंचायत विभिन्न गांवों का दौरा किया। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रखंड के सोखोदेवरा, पावापुरी गोवरैया, कौआकोल के बिझो आदि गांवों का सघन दौरा कर लोगों से बिहार के निरन्तर विकास के लिए सीएम के रूप में फिर से विकास पुरुष नीतीश कुमार को कुर्सी पर बैठाने की अपील की। इस क्रम में आम जदयू नेता सतीश कुशवाहा ने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार के विकास के लिए अपना सर्वस्व समपर्ण कर दिया है। उनके द्वारा शुरू किए गए कई लोक कल्याणकारी योजनाओं से लोग लाभान्वित हो रहे हैं। मौके पर पूर्व मुखिया लीला देवी, राजेन्द्र रावत,शिवबालक कुशवाहा, समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### 20 सितंबर को पटना चलने का आह्वान

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखंड मुख्यालय के डाकबंगला परिसर में शनिवार को नंदवंशी समाज की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र कुमार शर्मा ने किया। जिसमें विभिन्न पंचायतों से समाज के लोग पहुंचे। समाज के लोगों से आह्वान किया गया कि अपने हक और अधिकार के लिए 20 सितंबर को पटना चलें। इसके लिए पंचायत स्तर पर सक्रिय सदस्यों का चयन किया गया है। बैठक में ढोढा पंचायत के उप मुखिया ब्रह्मानंद शर्मा ने कहा कि हमारे समाज को राजनीतिक भागीदारी में उपेक्षित किया जाता है। सभी राजनीतिक पार्टियों में हिस्सेदारी मिलना चाहिए। प्रखंड उपाध्यक्ष अर्जुन ठाकुर ने कहा कि समाज के गरीब लोगों पर आये दिन अत्याचार होते रहता है, यह बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने लोगों से कहा कि महासम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पटना के बापू सभागार पहुंचना है। इस अवसर पर प्रखंड उपाध्यक्ष अर्जुन ठाकुर, विनोद ठाकुर, उकौडा पंचायत के सरपंच देवनंदन शर्मा, मनोज शर्मा, कारू ठाकुर, गोपाल शर्मा, राजकुमार शर्मा, सुधीर शर्मा, सहदेव शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### पूर्व लिपिक के निधन से शोक की लहर

**कौआकोल।** प्रखण्ड कार्यालय कौआकोल में पदस्थापित रहे पूर्व लिपिक मोहम्मद गुलाम शाहिद हसन उर्फ शाहिद बाबू का शुक्रवार की देर रात्रि उनके पैतृक आवास बिहारशरीफ के अम्बेर मुहल्ला में निधन हो गया। उनके स्वजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार उनकी मौत हृदयाघात से हो गई। उनके निधन की सूचना के बाद कौआकोल प्रखण्ड में शोक की लहर दौड़ गई। हर कोई उनके निधन की खबर सुनने के बाद स्तब्ध रह गया। वहीं खबर के बाद प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के कर्मियों में भी शोक की लहर दौड़ गई। लोगों ने कहा कि शाहिद बाबू एक मिलनसार एवं जिंदादिल इंसान थे। यही कारण है कि वे कौआकोल प्रखण्ड कार्यालय में लगभग 18 वर्षों से अधिक समय तक अपनी सेवा देकर 2024 में सेवानिवृत्त हुए। इसके बाद वे बिहारशरीफ स्थित अपने निजी मकान में रहने लगे। वे अपने पीछे पत्नी एवं एक पुत्र समेत अन्य परिवार को छोड़कर चले गए। पूर्व लिपिक शाहिद बाबू के निधन पर प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी शमा बानो, शिक्षक जयप्रकाश मेहता, तत्कालीन बीडीओ सह रजौली बीडीओ संजीव कुमार झा, पत्रकार रौशन कुमार सोनू, नवीन कुमार, पैक्स अध्यक्ष रामाश्रय सिंह,संजय यादव, प्रमुख रीना राय,उपप्रमुख नवीन यादव, बिस्वान ऑपरेटर सत्येंद्र कुमार आदि ने गहरा शोक जताते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया है।

### शराब जब्त, 25 शराबी भी धराए

**रजौली।** थाना क्षेत्र के फरका बुजुर्ग पंचायत के बजवातरी गांव के जंगली क्षेत्र से शुक्रवार की सुबह उत्पाद बलों ने 151 लीटर शराब जब्त किया। हालांकि उत्पाद बलों के बजवातरी पहुंचने से पहले ही शराब तस्कर भागने में सफल रहे। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि शराबबंदी को सफल बनाने को लेकर चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों के सहयोग से झारखंड की ओर से आनेवाली वाहनों की लगातार सघन जांच की जा रही है। साथ ही आसपास के क्षेत्र में गश्त कर शराब निर्माण, भंडारण, परिवहन, बिक्री एवं सेवन के विरुद्ध भी लगातार कार्रवाई की जा रही है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि शराब भंडारण को लेकर शुक्रवार की सुबह गुप्त सूचना मिली।सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर जांच चौकी पर पदस्थापित एसआई प्रवीण कुमार को उत्पाद बलों के साथ बजवातरी भेजा गया। छापेमारी के दौरान बजवातरी गांव के जंगली क्षेत्र से एक प्लास्टिक के बोरे में रहे उजले रंग की थैली में बंद 120 लीटर एवं बाहर रखे 30 लीटर देशी महुआ शराब को जब्त किया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शराब तस्करों द्वारा शराब की पैकिंग जंगली क्षेत्र में करने के बाद बोरों में बंद कर विभिन्न गांवों में भेजा जाता है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब को लेकर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं जांच चौकी पर गुरुवार की संध्या से लेकर शुक्रवार की अहले सुबह तक विभिन्न यात्री बसों एवं निजी वाहनों पर शराब पीकर सफर कर रहे 25 लोगों को हिरासत में लिया गया। सभी लोगों के शराब पिए होने की पुष्टि ब्रेथ एनलाइजर मशीन से हुई। सभी शराबियों को शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां सभी ने जुर्माना राशि भरा और अपने-अपने घर चले गए। इस मौके पर गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

### पुत्र की लंबी उम्र के लिए माताएं करेगी जीवित्पुत्रिका व्रत

**औरंगाबाद।** जीवित्पुत्रिका व्रत की तिथि को लेकर एक नया विवाद खड़ा हो गया है। यह व्रत माताओं द्वारा अपनी संतान की लंबी आयु और मंगल कामना के लिए किया जाता है। एक ओर कई विद्वानों और पंचांगों के अनुसार यह व्रत 15 सितंबर 2025 को मनाया जाना है, वहीं कुछ विद्वान इस तिथि को शास्त्रों के विरुद्ध बता रहे हैं। ऐसे में जीवित पुत्रिका व्रत को लेकर औरंगाबाद महेश्वर मंदिर के प्रधान पुजारी मदन गोपाल मिश्र ने कहा कि सनातन धर्म के पुराणों के अनुसार यह व्रत 14 सितंबर 2025 को किया जाना चाहिए, क्योंकि यह अष्टमी तिथि के दिन पड़ रहा है। निर्णय सिधु के माधव ने कहा है कि यह व्रत मातृ अष्टमी को किया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि व्रत का विधान प्रदोष काल में जीमूतवाहन की पूजा के साथ है। मदन गोपाल मिश्र ने पुराणों के कई श्लोकों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि भविष्य पुराण का हवाला देते हुए यह बताया गया है कि व्रत अष्टमी को ही किया जाना चाहिए, और यह सप्तमी से जुड़ा हुआ नहीं होना चाहिए। यह भी कहा गया है कि यह व्रत जीवित्पुत्रिका व्रत की पुस्तक में नहीं बल्कि भविष्य पुराण में वर्णित है। ऐसे में रविवार को ही व्रत करना सर्वथा उचित है जबकि पारण सोमवार को होगा।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 20 सितंबर को लगेगा रक्तदान शिविर




**रफीगंज (औरंगाबाद)।** जिला प्रशासन के निर्देश पर मिशन जिंदगी अभियान के तहत 20 सितंबर 2025 को रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रभारी सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. अरविंद कुमार सिंह, चिकित्सक पदाधिकारी डॉ. लालजी यादव एवं प्रभारी स्वास्थ्य प्रबंधक विकास कुमार सिंह ने बताया कि शिविर को सफल बनाने के लिए रफीगंज के पंजाब नेशनल बैंक, एसबीआई, एचडीएफसी, एक्सिस बैंक के कर्मियों, रफीगंज थाना, प्रखंड कार्यालय के पदाधिकारियों, समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों और स्थानीय नागरिकों के बीच जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। डॉ. सिंह ने कहा कि कृत्रिम साधनों से सब कुछ मिल सकता है, लेकिन रक्त नहीं। थोड़े से प्रयास से किसी की जिंदगी बचाई जा सकती है, इसलिए समाज के हर वर्ग को आगे आना चाहिए। वहीं स्वास्थ्य प्रबंधक विकास कुमार सिंह ने बताया कि रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बनता। थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चों को नियमित रक्त की आवश्यकता होती है, जिन्हें रक्तदान से जीवनदान दिया जा सकता है। उन्होंने सक्षम लोगों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की।

# राजगीर का चप्पा-चप्पा एनडीए सरकार की विकास गाथा का प्रतीक : मंत्री



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री सह भाजपा विधायक डॉ. सुनील कुमार ने शनिवार को राजगीर ग्लास ब्रिज और जू सफारी का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजगीर का चप्पा-चप्पा एनडीए सरकार की विकास गाथा का प्रतीक है। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि बिहार ने पिछले कुछ वर्षों में जिस प्रकार से पर्यटन और पर्यावरण संरक्षण को जोड़कर विकास की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। वह पूरे देश के लिए एक मिसाल है। डॉ. सुनील कुमार ने सफारी ऑडिटोरियल में आयोजित कार्यक्रम में देशभर से आए प्रख्यात चिकित्सकों का स्वागत किया और उन्हें राजगीर की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक धरोहर से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार लगातार पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीव संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है और राजगीर जू सफारी इसका सर्वोत्तम उदाहरण है। यहां बाघ, शेर, तेंदुआ, भालू और हिरण जैसे वन्यजीवों को उनके प्राकृतिक वातावरण में संरक्षित किया गया है। मंत्री डॉ सुनील कुमार ने कहा कि राजगीर जू सफारी एशिया का पहला जू सफारी है, जो न केवल बिहार बल्कि पूरे देश के लिए गौरव की बात है। इसका निर्माण इस दृष्टिकोण से किया गया है कि पर्यावरण को संरक्षित रखते हुए पर्यटन को भी बढ़ावा दिया जा सके। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन, आर्थिक गतिविधियों का विस्तार और वैश्विक स्तर पर राजगीर की पहचान और मजबूत हुई है। ग्लास ब्रिज का भी जिक्र करते हुए डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि यह आधुनिक तकनीक और प्राकृतिक सुंदरता का अद्भुत संगम है। यहाँ आने वाले पर्यटक न केवल रोमांच का अनुभव करते हैं बल्कि आसपास की पर्वतीय श्रृंखलाओं और हरियाली से भी मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि बिहार सरकार ने इसे सुरक्षित और आकर्षक बनाने में विशेष ध्यान दिया है। जिससे यह देश-विदेश के पर्यटकों का केंद्र बन गया है। डॉ. सुनील कुमार ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि राजगीर का महत्व केवल पर्यटन तक सीमित नहीं है। यह स्थल बौद्ध, जैन और मगध साम्राज्य की गौरवशाली परंपरा से भी जुड़ा हुआ है। यहां भ्रमण कर न केवल शांति और सुकून की अनुभूति होती है बल्कि यह आत्मा को भी आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करता है। यही कारण है कि राजगीर हर दृष्टिकोण से बिहार की पहचान का महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका है।

# रहुई बीस सूत्री समिति कार्यालय का मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने किया उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** रहूई प्रखंड कार्यालय स्थित प्रखंड स्तरीय बीस सूत्री क्रियान्वयन कार्यालय का उद्घाटन बिहार सरकार के पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने किया। इस अवसर पर मंत्री ने नए कार्यालय के शुभारंभ पर बधाई एवं मंगलकामनाएं दी और कहा कि यह कार्यालय विशेष रूप से गरीब और उपेक्षित लोगों के हितों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए स्थापित किया गया है। रहूई प्रखंड के लोगों की समस्याओं के समाधान और सामाजिक विकास के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करेगा। यह कार्यालय न केवल प्रशासनिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा, बल्कि गरीब और वंचित लोगों के लिए सशक्तिकरण और विकास का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। इस मौके पर रहुई प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष बिट्टू सिंह,उपाध्यक्ष राकेश कुमार एवं जद (यू) जिला प्रवक्ता भवानी सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार, महामंत्री रविरंजन पांडे, मनोज सिंह,संजु देवी,चंचला देवी, जोगिंदर पासवान संजय पासवान, हरिशंकर सिंह, रौशन सिंह, कौशल सिंह, संतोष कुमार, रामलग्न प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## बिहारशरीफ व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नालंदा के तत्वावधान में शनिवार को बिहारशरीफ व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुरुविंदर सिंह मल्होत्रा, जिलाधिकारी कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भारत सोनी एवं डीएएसजे-1 संजीव कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। यह तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत थी, जिसमें सुलहनीय फौजदारी मामलों सहित सिविल, बिजली विभाग, वन विभाग, क्लेम (दावावाद), बैंक ऋण, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, माप-तौल अधिनियम, राजस्व, मनरेगा, सेवा संबंधी, भू-अर्जन तथा आपदा प्रबंधन से जुड़े मामलों का निस्तारण आपसी समझौते के आधार पर किया गया। लोक अदालत में न तो जमानत की झंझट रही और न ही कोर्ट फीस का बोझ, केवल सुलहनामा दाखिल होते ही मामला समाप्त कर दिया गया। इस अवसर पर डीएसएजे-VI सह एससी/एसटी कोर्ट के न्यायाधीश धीरज कुमार भास्कर, डीएएसजे-VII सह पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश धीरेंद्र कुमार, डीएएसजे-XIII सह एक्साइज कोर्ट के न्यायाधीश अनूप सिंह, डीएएसजे-XII जय प्रकाश चौधरी, बार एसोसिएशन अध्यक्ष बीरेंद्र सिंह एवं सचिव दिनेश कुमार समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता और न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## राजकुमार चौधरी ने संभाला कल्याण बिगहा थानाध्यक्ष का पद, कहा- अपराध पर लगेगा अंकुश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हरनौत।** रहुई थाना में पदस्थापित रहे दारोगा राजकुमार चौधरी को कल्याण बिगहा का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। शनिवार को उन्होंने औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और बुद्धिजीवियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। बराह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि कमलेश कुमार उर्फ पिंटू और हरनौत नगर पंचायत के उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि सुरेश सिंह ने नए थानाध्यक्ष को बुके और अंगवस्त्र भेंट कर अभिनंदन किया। पदभार संभालने के बाद थानाध्यक्ष राजकुमार चौधरी ने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का अपराध बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## पशु अस्पताल निर्माण में गड़बड़झाला पर अधिकारी भी खामोश




हुलासगंज के पुराना पशु अस्पताल का फाउंडेशन और नवनिर्मित पशु अस्पताल की तस्वीर

**डॉ रंजीत कुमार भारतीय/ नबिटा ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के हुलासगंज प्रखंड क्षेत्र में नव निर्मित पशु अस्पताल उद्घाटन का बाट जोह रहा है। सूरजपुर पंचायत क्षेत्र के हुलासगंज- सोनवां- मखदुमपुर पथ के किनारे नए प्रखंड स्तरीय पशु अस्पताल का निर्माण कराया गया है। दो मंजिला बनाए गए पशु अस्पताल पिछले दो माह से बनकर तैयार है लेकिन अभी तक उद्घाटन की तारीख तय नहीं हुई है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्ष 2005 में वर्तमान प्रखंड कार्यालय, कृषि भवन और दुग्ध शीतक केंद्र के बगल में लगभग 16 लाख रुपए की लागत से पशु अस्पताल का निर्माण प्रक्रिया शुरू की गई थी। इसके लिए संवेदक को 5 लाख रुपए की अग्रिम राशि का भुगतान भी किया गया था। संवेदक द्वारा भवन के फाउंडेशन का काम शुरू तो किया गया लेकिन काम बीच में ही छोड़ दिया गया। इस बीच कई वर्ष गुजर गए और निर्माण कार्य फिर कभी शुरू नहीं हो सका। निर्माण कार्य आखिर क्यों रोकी गई और निर्माण कार्य के बदले अग्रिम राशि जिस संवेदक को दिया गया उससे पैसा वापस आखिर क्यों नहीं लिया गया इस प्रश्न का जवाब अब अधिकारियों के पास भी नहीं है । साथ ही यह भी प्रश्न उठता है कि अब एक नए स्थल पर पशु चिकित्सालय का भवन निर्माण करना क्यों जरूरी हो गया? यह बात स्थानीय लोगों के समझ से भी परे है। इस संबंध में पूछे जाने पर जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनीता कुमारी ने प्रश्न को टालते हुए कहा कि जमीन को लेकर कोई अड़चन रही होगी, इस कारण पुराने स्थल पर अस्पताल नहीं बन पाया होगा। हालांकि देखा जाए तो पुराने अस्पताल भवन का फाउंडेशन आज भी उसी रूप में मौजूद है। साथ ही जिस जमीन पर पशु अस्पताल का निर्माण किया जा रहा था वह मालिक गैर मजरूआ भूमि था, जो किसी भी व्यक्ति के दखल में भी नहीं है। फिर भी पशु अस्पताल का निर्माण नहीं कराया जा सका। इस बीच पशु अस्पताल पिछले 4 दशक से भी अधिक समय से किराए के मकान में संचालित हो रहा है।ऐसे में सरकार के राजस्व का अपव्यय और संसाधनों की बर्बादी के लिए आखिर किसे जिम्मेवार माना जाए।

## बीपीएससी संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार लोक सेवा आयोग की 71वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा एकल पाली में आज जिले के कुल 27 परीक्षा केन्द्रों पर स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त परीक्षा सम्पन्न हुई। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान द्वारा जिले के कई परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया और प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को कदाचारमुक्त परीक्षा और विधि-व्यवस्था संधारण करने के लिए कई आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने आज कन्या इंटर विद्यालय नवादा, गांधी इंटर विद्यालय नवादा, प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय नवादा, आरपीएस स्कूल नवादा एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल नवादा आदि केंद्रों का निरीक्षण किया। जिला नियंत्रण कक्ष नवादा से प्राप्त सूचना के अनुसार आज 12 हजार 168 अभ्यर्थियों में से 08 हजार 297 परीक्षार्थी केन्द्रों पर उपस्थित रहे और 03 हजार 871 अनुपस्थित रहे। सर्वाधिक परीक्षार्थियों की संख्या 563 केएलएस कॉलेज, नवादा में रही। सबसे कम परीक्षार्थियों की संख्या 194 त्रिवेणी कॉलेज, कुंती नगर, नवादा में पाई गई। सभी केन्द्रों का लाइव टेलीकास्ट (समाहरणालय के सभाकक्ष) जिला नियंत्रण कक्ष में किया गया। जिला नियंत्रण कक्ष द्वारा पल-पल की सूचना ली गई और आयोग के द्वारा निर्देशित नियमों का पालन किया गया। सभी परीक्षा केन्द्रों पर चार स्तरीय दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई थी। जिला प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों के लिए आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थीं। परीक्षा अवधि में अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर के निर्देश के आलोक में नगर क्षेत्र में स्थित फोटोस्टेट की दुकान, साइबर कैफे एवं इंटरनेट की सुविधा को प्रातः 08:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक बंद रखा गया। निरीक्षण के समय गोपनीय शाखा प्रभारी के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मोबाइल पशु चिकित्सक इकाई द्वारा पशुपालकों को मिल रहा लाभ, कॉल करने पर मिल रही सुविधा




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र में किसानों के घर तक पशु चिकित्सा सेवाओं की पहुंच बढ़ाने में मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई से किसान अपने पशुओं के लिए स्वास्थ्य देखभाल, प्रजनन और सलाहकार सेवाएं दूर-दराज के गांवों में अपने दरवाजे पर प्राप्त कर रहे हैं। इसकी सुविधा प्रत्येक दिन सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक कॉल सेंटर में टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल कर या फिर मोबाइल ऐप (किसान पशुपालक ऐप) के जरिए वेटरनरी डॉक्टर से संपर्क करने पर मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई की टीम घर पर जाकर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करा रही है। इसके अलावे कॉल सेंटर में टेली मेडिसिन की भी व्यवस्था उपलब्ध है। शनिवार की सुबह हरदिया के पशुपालक पवन कुमार द्वारा टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल करने के बाद मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई में डॉ. विपिन बिहारी, कंपाउंडर पप्पू कुमार एवं चालक सहायक के रूप में विद्यासागर कुमार पहुंचे। लंपी से संक्रमित पशु को संतुलित आहार, हरा चारा और दलिया खिलाना चाहिए। लम्पी से अगर गाय की मृत्यु हो जाती हो,तो उसके शरीर को गहरे गड्ढे में चूना और नमक डालकर दबा देना चाहिए।

## एसपी सहित कई लोगो ने किया रक्तदान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** छत्रपति शिवाजी सेवा संस्थान के सचिव एवं बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक जितेंद्र प्रताप जीतू के जन्म दिवस पर सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान सेवा शिविर लगाया गया। 12 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। पहले रक्तवीर जिसमें नवादा के एसपी अभिनव धीमान ने इस रक्तदान पर रक्तदान करके नवादा के युवाओं को मैसेज दिया और अपील किया कि स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से हर युवा को रक्तदान करना चाहिए। कुल 13 लोगों ने रक्तदान किया। संस्था के सचिव जितेंद्र प्रताप जीतू ने बताया कि कई वर्षों से मैं अपने जन्मदिन पर और सालगिरह पर रक्तदान शिविर लगाते आ रहा हूं। छत्रपति शिवाजी सेवा संस्थान सर्व समाज से अपील करता है कि अपने जन्मदिन पर और शादी की सालगिरह पर पार्टी नहीं मना कर अगर रक्तदान शिविर लगाते हैं तो कई लोगों की जान बचती है। जितेंद्र प्रताप जीतू ने सभी रक्त वीरों को साधुवाद दिया और खुशी जाहिर करते हुए बताया कि मेरे जन्मदिन का असली तोहफा मुझे मिल गया। मौके पर मौजूद बजरंग दल के जिला सहसंयोजक अनीश सिंह, कौशल यादव, पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी जितेंद्र, स्वाभिमानी पतंजलि व भारत के राज्य कार्यकारिणी सदस्य शंभू शंकर, ब्लड बैंक प्रभारी डाक्टर विभूति कश्यप, ब्लड टेक्नीशियन मिथिलेश कुमार सिन्हा, जीएनएम शर्मिला देवी, लैब टेक्नीशियन जुली कुमार, काउंसलर शिल्पी कुमारी, ऑपरेटर राजीव रंजन आदि मौजूद थे।

## हिंदी दिवस पूर्व संध्या पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के बलिया गांव स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को हैंड इन हैंड इंडिया द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता, संवेदनशीलता और अभिव्यक्ति की क्षमता को प्रोत्साहित करना था। हिंदी दिवस जैसे अवसर न केवल भाषा के महत्व को रेखांकित करते हैं, बल्कि बच्चों को अपनी मातृभाषा पर गर्व करने और उसे सशक्त बनाने का अवसर भी प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के दौरान हैंड इन हैंड इंडिया के परियोजना प्रबंधन राजेश कुमार तथा लेखापाल सुमंत कुमार सिंह उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप प्रथम स्थान कक्षा 10 की छात्रा बेबी कुमारी, द्वितीय स्थान कक्षा 9 की तनीषा कुमारी एवं तृतीय स्थान कक्षा 10 की प्रियंका कुमारी को प्राप्त हुआ। उत्तीर्ण सभी छात्राओं को संस्था द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सतीश कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी हमारी पहचान और संस्कृति की धरोहर है। इसे केवल एक भाषा के रूप में नहीं बल्कि अपने संस्कार और सभ्यता के प्रतीक के रूप में संरक्षित करना प्रत्येक छात्र का दायित्व है। उन्होंने छात्रों को मातृभाषा के साथ-साथ अन्य भाषाओं के अध्ययन पर भी बल दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई, जिनमें रंजीत कुमार, गौतम कुमार, रीना रंजन , ज्योत्सना कुमारी, स्वाती कुमारी, शत्री कुमार, सुधीर दास, अभिमन्यु कुमार पांडे, मोहम्मद कैफ, नीरज यादव, सराजूल आलम, कौशिक राज,चंद्रभूषण कुमार एवं नितेश उपाध्याय विशेष रूप से शामिल थे।

## आठ दिवसीय गुरुपर्व मेला 15 सितंबर से होगा शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखंड के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व रखने वाला गुरुपर्व मेला की शुरुआत जिउतिया के पारण 15 सितंबर से रजौली संगत के पीछे प्रांगण में शुरू हो रहा है। गुरुपर्व मेला सैकड़ों वर्षों से लग रहा है और आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।आठ दिनों तक चलने वाले इस मेले में धार्मिक अनुष्ठान, कीर्तन-भजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। मेले के दौरान संगत परिसर में विशेष लंगर का आयोजन किया जाएगा। महंत भोला बक्स दस के नेतृत्व में भक्तों के लिए लंगर चलाया जाएगा, जहां श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण होगा।मेले में आने वाले लोगों के लिए यह लंगर प्रमुख आकर्षण रहता है। गुरुपर्व मेला केवल धार्मिक आस्था का केंद्र ही नहीं,बल्कि सामाजिक मेलजोल का भी महत्वपूर्ण अवसर है। यहां श्रद्धालु एक साथ बैठकर भजन-कीर्तन का आनंद लेते हैं और आध्यात्मिक वातावरण में डूब जाते हैं। मेला समिति और स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा और यातायात की विशेष व्यवस्था की गई है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्थानीय लोगों का कहना है कि गुरुपर्व मेला रजौली की सांस्कृतिक पहचान है और पीढ़ियों से इसकी परंपरा को आगे बढ़ाया जा रहा है। आठ दिनों तक क्षेत्र में मेले जैसा उत्सव का माहौल रहेगा और बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगत परिसर में दर्शन और प्रसाद ग्रहण करने पहुंचेंगे। साथ ही मेला में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन,घूमने के लिए कई प्रकार के झूले समेत बच्चों के लिए खिलौने समेत मनोरंजन के कई साधनों का प्रबंध किया जा रहा है।

## एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में एमएलसी नीरज कुमार को नहीं बुलाने पर कार्यकर्ताओं में नाराजगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** नवादा विधानसभा क्षेत्र का एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन गांधी इंटर विद्यालय के प्रांगण में आयोजित किया गया। एनडीए के कार्यकर्ता सम्मेलन में सभी घटक दलों के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। इस घटक दल में स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित विधान परिषद नीरज कुमार को नहीं बुलाए जाने पर कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी गई। जदयू के जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने खुले मंच से यह नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि मंत्री अशोक चौधरी की एमएलसी नीरज कुमार से नहीं पटती है जिसके कारण उन्हें इस कार्यक्रम में नहीं बुलाया गया और ना ही बैनर में उनका फोटो दिया गया। यह बहुत ही शर्म की बात है। राजीव रंजन ने कहा कि कुछ दलाल और चापलूसों के कारण हमारी पार्टी की स्थिति बेहतर नहीं दिख रही है। ऐसे में आगामी चुनाव पर इसका प्रभाव भी देखने को मिल सकता है। उन्होंने कहा कि एमएलसी नीरज कुमार नवादा के विकास में काफी अपना योगदान दिया है और नवादा में उनके चाहने वाले कार्यकर्ताओं की संख्या काफी है। ऐसे में उन्हें यहां नहीं बुलाना कार्यकर्ताओं का अपमान माना जाएगा। दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी के कई बड़े व पुराने कार्यकर्ता भी इस एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन से नदारत रहे। कई लोगों ने यहां तक कहा कि उन्हें इसकी सूचना तक नहीं मिली है। वर्तमान जिला अध्यक्ष पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए ऐसे पुराने कार्यकर्ताओं का कहना है कि जब तरजीह ही नहीं मिलेगा तो कार्यक्रम में जाने से क्या फायदा होगा। कार्यक्रम के दौरान प्रेमचंद पटियाला भी अनुपस्थित रहे। उन्होंने भी तरजीह नहीं देने का आरोप लगाया है। ऐसे में आगामी विधानसभा चुनाव पर इसका प्रतिकूल असर भी देखने को मिल सकता है।

# भारत में लोकतंत्र, चुनाव और दलगत राजनीति विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन सम्पन्न

## मगध विश्वविद्यालय एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में हुआ आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, राजनीति विज्ञान विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भारत में लोकतंत्र, चुनाव और दलगत राजनीति विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 13 सितम्बर को सम्पन्न हुआ। अंतिम दिन के प्रथम सत्र में कुल ग्यारह पैनलों में एक सौ पच्चीस शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। द्वितीय सत्र में समापन समारोह आयोजित हुआ जिसकी शुरुआत विशिष्ट अतिथि जय प्रकाश विश्वविद्यालय के समाज विज्ञान संकाय के पूर्व अध्यक्ष डॉ सरोज कुमार, दिल्ली विश्वविद्यालय के दयाल सिंह कॉलेज के डॉ मनोज सिंह और डीआईजी रोहतास सत्य प्रकाश के स्वागत के साथ हुई। सत्य प्रकाश ने अपने वक्तव्य में डेमोक्रेसी के विभिन्न समानार्थी शब्दों - जनतंत्र, लोकतंत्र, गणतंत्र और भीड़तंत्र पर विमर्श करते हुए कहा कि डेमोक्रेसी शब्द की जड़ें एथेंस के प्रयोगों से जुड़ी हैं, लेकिन इसके बीज सर्वाधिक भारत के बौद्ध धर्म में मिलते हैं। उन्होंने कहा कि आज हम पोस्ट ट्रुथ समाज में रह रहे हैं जहां लोकतंत्र का स्वरूप लगातार बदल रहा है और इससे उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए प्राथमिक डाटा पर आधारित शोध को बढ़ावा देना आवश्यक है। डॉ मनोज सिंह ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए आलोचनात्मक परीक्षण हेतु विचार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर बल दिया। प्रो. सरोज कुमार ने लोकतंत्र के प्रति बढ़ती चिंताओं को रेखांकित किया। कुलपति प्रो शशि प्रताप शाही ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती जागरूक नागरिकों पर निर्भर करती है क्योंकि जब जनता अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सचेत होती है तभी लोकतांत्रिक व्यवस्था सार्थक बनती है। सम्मेलन के संयोजक एवं विभागाध्यक्ष डॉ अंजनी कुमार घोष ने स्वागत भाषण दिया। संयुक्त आयोजन सचिव डॉ शमशाद अंसारी और अविनाश ने सम्मेलन का सार प्रस्तुत किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ शमशाद अंसारी ने किया। कार्यक्रम की सफलता में शोधार्थी और विद्यार्थियों अशोक, रविराज पंकज, हर्ष, अर्चना, सलोनी, आरती, अनन्या, मनीष, राजीव सनोज, नीतीश और आलोक की सक्रिय भूमिका रही।

# डॉ. विनीता कुमारी ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में किया शोधपत्र प्रस्तुत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. विनीता कुमारी ने केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अपने शोधपत्र का सफलतापूर्वक प्रस्तुतिकरण किया। उनके शोधपत्र का शीर्षक था 'स्वयं सहायता समूहों में महिलाओं की आर्थिक गतिविधियों का विश्लेषण'। यह शोधपत्र ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से उनकी आर्थिक गतिविधियों के आपसी संबंधों पर केंद्रित है। अपने अध्ययन में डॉ. विनीता कुमारी ने आवश्यकता मूल्यांकन, उत्पादन, वितरण एवं बिक्री, आय, उपभोग, बचत, उधारी और निवेश जैसी गतिविधियों की परस्पर कड़ियों का विश्लेषण किया। शोध में व्याख्यात्मक संरचनात्मक मॉडलिंग और मिकमैक विश्लेषण पद्धति का प्रयोग कर इन गतिविधियों की अंतःक्रियाओं को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया गया। शोध से यह निष्कर्ष सामने आया कि आवश्यकता मूल्यांकन आर्थिक गतिविधियों की नींव है जो उत्पादन की प्रक्रिया को आरंभ करता है। उत्पादन के बाद वितरण एवं बिक्री से आय प्राप्त होती है जिस पर आधारित होकर उपभोग, बचत और उधारी संचालित होती हैं और अंततः निवेश के निर्णय लिए जाते हैं। मिकमैक विश्लेषण से यह भी स्पष्ट हुआ कि आवश्यकता मूल्यांकन, उत्पादन और वितरण-बिक्री सबसे प्रभावशाली गतिविधियां हैं जबकि उधारी और निवेश पूरी तरह निर्भर गतिविधियां हैं। आय, उपभोग और बचत को परस्पर संबंधित चर के रूप में पहचाना गया। डॉ. विनीता कुमारी ने कहा कि उनका अध्ययन मौजूदा साहित्य से भिन्न है क्योंकि सामान्यतः शोध इन गतिविधियों का पृथक रूप से विश्लेषण करते हैं जबकि इस अध्ययन में इनकी आपसी अंतःक्रिया को विस्तार से समझने का प्रयास किया गया है। उनका यह शोध ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की समग्र समझ विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

## नदी में डूबने से बच्चे की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र के कमाल शहीद निवासी राकेश कुमार का 7 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार को शनिवार को गढ़ मोहल्ला स्थित बुढ़िया नदी में स्नान करने के दौरान गहरे पानी में डूब गया जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बच्चा अपनी मां के साथ स्नान करने नदी गया था। इसी दौरान खेल-खेल में वह गहरे पानी में चला गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि नदी से मानक से अधिक बालू उत्खनन के गहरे गड्ढे हो गए हैं। यही वजह है कि बच्चे का संतुलन बिगड़ते ही वह गहरे पानी में चला गया और बाहर निकलने का मौका भी नहीं मिल पाया।

# भारत के विकास में युवाओं की भूमिका सबसे अहम : बांसुरी स्वराज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया।** बोधगया के सांस्कृतिक केंद्र में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा शनिवार को आयोजित युवा शंखनाद कार्यक्रम में युवाओं का सैलाब उमड़ पड़ा। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज रहीं जिन्होंने अपने ऊर्जावान संबोधन से युवाओं में नई ऊर्जा का संचार किया। बांसुरी स्वराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अभूतपूर्व प्रगति कर रहा है और इस परिवर्तनकारी दौर में युवाओं की भूमिका सबसे अहम है। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण की रीढ़ बताते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में भारत को विश्वगुरु बनाने में युवा शक्ति निर्णायक योगदान देगी। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सिर्फ दर्शक न बनें, बल्कि समाज और देश को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि आज भारत स्टार्टअप, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से नई ऊंचाइयां छू रहा है। इन सबके केंद्र में युवा ही हैं जिनकी ऊर्जा, नवाचार और संकल्प से देश आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक प्रेम सागर ने भी युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की नींव स्वरोजगार और रोजगार सृजन पर टिकी है और यह जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है। कार्यक्रम के अंत में युवाओं ने जोशपूर्ण नारों के बीच राष्ट्रहित में काम करने का संकल्प लिया। देर तक बोधगया का सांस्कृतिक केंद्र युवा ऊर्जा और उत्साह से गूंजता रहा।

## एक नजर

### दो बाइकों की टक्कर में तीन घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** शनिवार को टिकारी केसपा मुख्य सड़क के चैता गांव के समीप दो बाइक की आपस में टक्कर होने से तीन लोग घायल हो गये। घटना में एक घायल की हालत चिंताजनक है जिसका इलाज पटना स्थित पीएमसीएच में किया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों बाइक टिकारी की ओर जा रही थी। अपाची बाइक चला रहे चालक ने पीछे से दूसरे बाइक में जा टकराई। घटना में दोनों बाइक क्षतिग्रस्त हो गया वहीं तीन बाइक सवार घायल हो गये। डायल 112 व स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अनुमण्डलीय अस्पताल लाया गया जहां से तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर गया रेफर कर दिया गया। एक घायल की पहचान अलीपुर निवासी उदय प्रसाद के 22 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार के रूप में हुई जिसका इलाज पीएमसीएच में किया जा रहा है।

### हत्यारोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** टिकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुशांत कुमार चंचल ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि पंचानपुर थाना की पुलिस ने हत्या के आरोपी अभियुक्त को घटना के 12 घण्टे के भीतर गिरफ्तार करने में सफलता पाई। श्री चंचल ने जानकारी देते हुए कहा कि विगत 11 सितंबर की रात्रि लभरा गांव के रहने वाले मजदूर अमरेश गोस्वामी की अपराधियों ने पिटाई कर दी थी जिसमें अमरेश गंभीर रूप से घायल हो गया था। 12 सितंबर की अहले सुबह अमरेश की मौत इलाज के क्रम में हो गई थी। मौत के बाद मृतक की पुत्री के फर्द बयान पर चार लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। प्राथमिकी दर्ज होने के बारह घण्टे के भीतर पुलिस ने लभरा गांव निवासी योगेश पासवान को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को योगेश को न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया जहां से जेल भेज दिया गया।

### जीवित्पुत्रिका व्रत के लिए महिलाओं ने की खरीदारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** गया जी में तीन दिवसीय जितिया पर्व नहाय खाय के साथ जीवित्पुत्रिका व्रत आज शनिवार से शुरू हो गयी है। महिलाएं 14 सितंबर को निर्जला व्रत उपवास रखेगी और अगले दिन सोमवार को की सुबह पारण कर उपवास का इस पर्व का समापन करेगी। इस पर शनिवार को बाजार में महिलाओं ने उनके परिजनों ने व्रत से जुड़े समान के साथ कई महिलाओं ने अपने बेटा-बेटी के लिए जितिया को गुथवाथी दिखी है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माताएं अपनी संतान की लम्बी आयु एवं सुख समृद्धि के लिए जीवित्पुत्रिका व्रत करती है।

### महिला ने पति और ससुराल वालों पर लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का मामला सामने आया है। अहियापुर गांव की रहने वाली काजल ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए थानाध्यक्ष को आवेदन दिया है। काजल की शादी 9 मई 2022 को मिलन कुमार मुरली के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शुरुआती दिनों में सब ठीक था, लेकिन कुछ महीनों बाद पति और ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता ने बताया कि उसके ससुर मोहन शर्मा, सास कविता देवी और रिश्ते के मामा श्रीनिवास शर्मा लगातार पैसों की मांग करते थे। मना करने पर मारपीट व गाली-गलौज करते थे। 3 फरवरी 2023 को काजल ने एक बेटी को जन्म दिया।

### शिक्षक कन्हाई प्रजापत का कैंसर से निधन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्राथमिक विद्यालय मुसहरी बिगहा में कार्यरत शिक्षक कन्हाई प्रजापत का कैंसर से निधन हो गया। वे कोंच थाना क्षेत्र के कुरमावां गांव निवासी थे। परिजनों ने बताया कि उनकी तबीयत एक माह से खराब चल रही थी, लेकिन कैंसर की पुष्टि रिपोर्ट एक सप्ताह पूर्व आई थी। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए पटना के पारस अस्पताल और महावीर कैंसर संस्थान में भर्ती कराया गया जहां उनका निधन हो गया।

# स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में संतुलित आहार और सर्वाइकल कैंसर पर हुई विशेष चर्चा

## मगध विश्वविद्यालय और इनर व्हील क्लब की पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के गृहविज्ञान विभाग और इनर व्हील क्लब, गया सनराइज के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर एकदिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के सहयोग से हुआ जिसका उद्देश्य संतुलित आहार और महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के पहले सत्र में सीडीपीओ शेरघाटी स्नेहा सिन्हा ने संतुलित आहार के महत्व पर व्याख्यान दिया और छात्राओं को पोषण जागरूकता शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सही पोषण समझ से ही स्वस्थ समाज की नींव रखी जा सकती है। दूसरे सत्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सोनम ने सर्वाइकल कैंसर और एचपीवी टीकाकरण पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को एचपीवी वैक्सीनेशन की अनिवार्यता से अवगत कराया। इस दौरान जागरूकता पंपलेट वितरित किए गए और छात्राओं ने अपनी स्वास्थ्य संबंधी जिज्ञासाओं पर प्रश्न पूछे जिनका उत्तर डॉ. सोनम ने विस्तारपूर्वक दिया। इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष डॉ. निभा जायेन ने महिला स्वास्थ्य को समाज की रीढ़ बताते हुए छात्राओं से सजग रहने का आह्वान किया। विभाग की प्रभारी डॉ. दीप शिखा पांडेय ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि गृहविज्ञान विभाग आगे भी समाजहित में ऐसी सार्थक पहलें करता रहेगा। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुषमा कुमारी ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने संतुलित आहार अपनाने और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता समाज तक फैलाने का संकल्प लिया।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के दैनिक कर्मी देंगे 16 को धरना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार राज्य कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय दैनिक कर्मी संघ (एक्टू) बिहार ने 7 सूत्री मांगों की पूर्ति हेतु 16 सितंबर 25 को अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग-पटना के समक्ष एक दिवसीय राज्य व्यापी प्रदर्शन-घरणा करने का निर्णय लिया है। संघ के महासचिव रेणू देवी ने प्रेस वक्तव्य जारी करते हुए कहा कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय जो राज्य के प्रखंडों से लेकर जिले तक संचालित हैं में दैनिक कर्मी मुख्य रसोइया, सहायक रसोइया, आदेशपाल, रात्रि प्रहरी कार्यरत है जिसमें अधिकतर महिला हैं ये आवासीय विद्यालय में 24 घंटे छात्राओं को सेवा देती हैं बदले में इन्हें मानदेय भुगतान मात्र चार हजार पांच सौ प्रतिमाह दिया जाता है जो सरकार के श्रम-विभाजन द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन से कम हैं- इन्हें सरकारी अवकाश का लाभ भी प्राप्त नहीं होता, मानदेय भुगतान भी नियमित रूप से नहीं मिलता ये चारों पदों पर कर्मी लगातार 18-20 वर्षों से कार्यरत हैं इनका सेवा स्थायीकरण की मांग वर्षों से की जा रही है-एक ही तरह के कार्य करने वाले कर्मी को दो तरह का वेतन तथा सुविधा दिया जाना तो अन्याय है क्योंकि जो रसोइया नियमित पद पर है उन्हें वेतन 11400-/का भुगतान होता है। अभी-अभी सरकार ने विभिन्न विभाग में कार्यरत कर्मी का मानदेय दुगुना-तिगुना बढ़ाया फिर कस्तूरबा गांधी बालिका के दैनिक कर्मी के साथ सौतेलापन क्यों फलस्वरूप बाध्य होकर सात सूत्री मांग पत्र यथाः- कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में चतुर्थ वर्ग यथा मुख्य रसोइया, सहायक रसोइया, आदेशपाल, रात्रि प्रहरी के रिक्त पदों के विरूद्ध कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कमियों का समायोजन करते हुए सेवा स्थायीकरण किया जाय।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 22 साल पुराने आपराधिक विवाद का निपटारा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** बिहार विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार मदन किशोर कौशिक के आदेशानुसार एवं जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम लवकुश कुमार के सफल नेतृत्व में शनिवार अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय शेरघाटी में वर्ष 2025 का अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत के मद्देनजर शेरघाटी में दो बेंच का गठन किया गया। बेंच नम्बर 22 मे प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट कल्पना भारती एवं पैनल अधिवक्ता ओम प्रकाश वहीं बेंच नम्बर 23 में प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट शबनम जवी एवं पैनल अधिवक्ता श्याम कुमार पाठक शामिल हुए। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 88 सुलहनीय प्रकृति के मामलों का निष्पादन किया गया। साथ ही बैंक लोन के कुल 319 वाद का निपटारा किया गया जिसमें 7780150 रुपये की समझौते राशि पर वादों का निपटारा राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से किया गया। कुल इस लोक अदालत में 407 वादों का निस्तारण किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूको बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, मगध कॉपरेटिव बैंक, के अलावे वन विभाग, खनन विभाग, माप तौल विभाग, बिजली विभाग के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बेंच न्यायिक पदाधिकारीगण एवं पैनल अधिवक्तागण ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन किया।


**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू**
Email – dddopalamu@gmail.com

**–:पशुपालकों के लिए आम सूचना:–**

वित्तीय वर्ष 2025–26 में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के राज्यादेश संख्या– 17 रा0 (वि0), दिनांक– 26.08.2025 के आलोक में राज्य योजनान्तर्गत **मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना** के तहत निम्नलिखित गव्य विकास कार्यक्रमों को अनुदानित/लाभुक अंशदान/बैंक ऋण पर संचालन हेतु इच्छुक ग्रामीण कृषकों/दुधारू मवेशी पालकों द्वारा संबंधित पंचायत के ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा के साथ पूर्ण विवरणी सहित विहित प्रपत्र में भरकर ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की छायाप्रति के साथ संलग्न कर जिला अन्तर्गत संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करने हेतु आमंत्रित किया जाता है :–

**मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम**

**-: 02 दुधारू गाय/भैंस की योजना:-**

| चरण | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि: 75 प्रतिशत (सभी ग्रामीण महिला लाभुकों के लिए (दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकत/विधवा ग्रामीण महिला को छोड़कर) | सरकारी अनुदान राशि: 90 प्रतिशत सिर्फ दिव्यांग / आपदा / आगलगी /सड़क दुर्घटना / परित्यकत/ विधवा ग्रामीण महिला के लिए | लाभुक अंशदान: 25 प्रतिशत (सभी ग्रामीण महिला लाभुकों के लिए (दिव्यांग /आपदा/ आगलगी/ सड़क दुर्घटना/ परित्यकत/ विधवा ग्रामीण महिला को छोड़कर) | लाभुक अंशदान: 10 प्रतिशत सिर्फ दिव्यांग/आपदा /आगलगी / सड़क दुर्घटना/ परित्यकत/ विधवा ग्रामीण महिला के लिए |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम चरण (01 गाय/भैंस) | 1,35,050/- | 51,113/- | 61,335/- | 17,037/- | 6,815/- |
| द्वितीय चरण (01 गाय/भैंस) | | 50,175/- | 60,210/- | 16,725/- | 6,690/- |

**-: 05 दुधारू गाय/भैंस की योजना:-**

| चरण | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि: 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | सरकारी अनुदान राशि: 50 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | बैंक ऋण/लाभुक अंषदान: 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | बैंक ऋण/लाभुक अंषदान: 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम चरण (03 गाय/भैंस) | 3,37,625/- | 1,52,869/- | 1,01,913/- | 50,956/- | 1,01,912/- |
| द्वितीय चरण (02 गाय/भैंस) | | 1,00,350/- | 66,900/- | 33,450/- | 66,900/- |

**-: 10 दुधारू गाय/भैंस की योजना:-**

| चरण | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि: 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | सरकारी अनुदान राशि: 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | बैंक ऋण/लाभुक अंषदान: 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | बैंक ऋण/लाभुक अंषदान: 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम चरण (05 गाय/भैंस) | 6,75,250/- | 2,55,563/- | 1,70,375/- | 85,187/- | 1,70,375/- |
| द्वितीय चरण (05 गाय/भैंस) | | 2,50,875/- | 1,67,250/- | 83,625/- | 1,67,250/- |

**–: पशुआहार एवं चारा विकास योजना :–**

| योजना का नाम | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि: 90 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | सरकारी अनुदान राशि: 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | लाभुक अंषदान: 10 प्रतिशत (अनुसूचित जाति /जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | लाभुक अंषदान: 25 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
|---|---|---|---|---|---|
| हस्तचालित चैफ कटर | 8,000/- | 7,200/- | 6,000/- | 800/- | 2,000/- |
| विद्युतचालित चैफ कटर | 20,000/- | 18,000/- | 15,000/- | 2,000/- | 5,000/- |

अहर्त्ता :– उपरोक्त वर्णित योजना के लिए ग्रामीण क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वंय सहायता समूह के सदस्य/लघु उद्यमियों के सदस्यों के लिए हस्तचालित चैफ कटर के लिए न्यूनतम 05 दुधारू गाय तथा विद्युत चालित चैफ कटर के लिए न्यूनतम 10 दुधारू गाय के होने की अनिवार्यता होगी। पषुशेड सहित दुधारू गायों की Jio Tag फोटोग्राफ संलग्न करना अनिवार्य है।

**–: प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता योजना :–**

| कार्यक्रम का नाम | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि: 90 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/ जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | सरकारी अनुदान राशि: 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/ जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | लाभुक अंषदान: 10 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/ जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | लाभुक अंषदान: 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति / जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
|---|---|---|---|---|---|
| मिल्कींग मशीन | 1,20,000/- | 1,08,000/- | 90,000/- | 12,000/- | 30,000/- |
| वर्मी कम्पोस्ट यूनिट | 25,000/- | 22,500/- | 18,750/- | 2,500/- | 6,250/- |
| पनीर एवं खोआ मेकिंग यूनिट | 1,00,000/- | 90,000/- | 75,000/- | 10,000/- | 25,000/- |
| काउ मैट (6.5'×4') | 5,200/- | 4,680/- | 3,900/- | 520/- | 1,300/- |
| डीप बोरिंग(Boring- 4" dia,depth upto 400 ft with PVC casing upto a depth of 40' or as per site. Installation of submersible pump of 1.5 HP including 200' PVC pipe, cap & starter.) | 1,00,000/- | 90,000/- | 75,000/- | 10,000/- | 25,000/- |

- **अहर्त्ता** :– उपरोक्त वर्णित योजना के लिए ग्रामीण क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वंय सहायता समूह के सदस्य/लघु उद्यमियों के पास कम से कम 05 (पाँच) दुधारू गाय/भैंस के साथ–साथ बुनियादी सुविधा उपलब्ध हो एवं शेड सहित गायों की Jio Tag फोटोग्राफ संलग्न करना अनिवार्य है।
- **अहर्ता/नियम व शर्ते–**
  - **विभागीय राज्यादेश संख्या– 17 रा0(वि0), दिनांक– 26.08.2025**
- इस योजना के अन्तर्गत लाभुकों का चयन ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति द्वारा अनुशंसित लाभुकों की सूची पर संबंधित प्रखण्ड स्तरीय समिति की अनुशंसा उपरान्त उपायुक्त, पलामू की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा अंतिम रूप से लाभुकों का चयन किया जायेगा।
- वैसे लाभुक जिन्हें विगत 05 वर्षों में समान योजनाओं का लाभ राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार द्वारा दिया गया हो, इस योजना का लाभ के पात्र नहीं होंगे।
- जिनके परिवार का एक भी सदस्य संस्थागत भूमि धारक/पूर्व अथवा वर्तमान संवैधानिक पद धारक/केन्द्र एवं राज्य सरकार/लोक उपक्रम/सरकारी स्वायत्तशासी संस्थाओं के कर्मी (मल्टी टांस्किंग स्टाफ/वर्ग IV/समुह 'घ' के कर्मी को छोड़कर) रू० 10000/- अथवा उससे अधिक मासिक पेंशनधारी/पिछले मूल्यांकन वर्ष में आयकर का भुगतान किया हो/पेशेवर संस्थाओं से निबंधित पेशेवर यथा चिकित्सक, अभियन्ता, वकील, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट एवं आर्किटेक्ट वर्ग के होने की स्थिति में इस योजना के पात्र नहीं होंगे।
- 02/05/10 दुधारू गाय/भैंस की योजना अन्तर्गत दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम का कार्यान्वयन अनुदान–सह–लाभुक अंशदान/बैंक ऋण पर किया जायगा।
- लाभुक द्वारा दुधारू पशुओं का लगातार तीन पाली दुहाई एवं पूर्ण संतुष्टि के उपरान्त गव्य विकास निदेशालय से निबंधित/सूचीबद्ध पशुविक्रेता से दुधारू पशु क्रय किया जाएगा।
- दुधारू मवेशी वितरण योजना का क्रियान्वयन के क्रम में दुधारू मवेशी का क्रय 6 माह के अन्तराल पर दो चरणों में किया जायेगा।
- दुधारू गायों का पशु शेड का निर्माण मनरेगा अंतर्गत उपलब्ध निधि के अभिसरण के तहत किया जायेगा।
- हस्त चालित/विद्युत चालित चारा काटने की मशीन की योजना का लाभ सरकार द्वारा निर्धारित इकाई दर अथवा राज्यादेश में उल्लेखित दर, दोनों में जो कम होगा, उसके आधार पर क्रय उपरांत अनुदान राशि का भुगतान लाभुकों को उनके दावा विपत्र के आधार पर किया जायेगा।
- चारा काटने की मशीन की योजना के लिए लाभुकों को हरा चारा उत्पादन किया जाना अनिवार्य होगा।
- प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता की योजना अन्तर्गत स्वीकृत अनुदान राशि का भुगतान विभाग द्वारा निर्धारित दर अथवा राज्यादेश में उल्लेखित दर दोनों में से जो कम होगा, के आधार पर क्रय उपरांत लाभुकों का दावा विपत्र के आधार पर अनुदान राशि का भुगतान किया जायेगा।
- वर्मी कम्पोस्ट यूनिट एवं बोरिंग आदि हेतु सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृत प्राप्त प्राक्कलित राशि अथवा योजना के अनुमानित लागत दोनों में से जो कम हो के, आधार पर कार्य उपरांत अनुदान की राशि लाभुकों को उनके दावा विपत्र के आधार पर दिया जायेगा।
- चारा काटने की मशीन, मिल्कींग मशीन, खोवा/पनीर मेकिंग यूनिट तथा काउ मैट आदि की विशिष्टियाँ/गुणवत्ता विभाग द्वारा निर्धारित की जायेगी।
- लाभुकों को अनुदान राशि का भुगतान बैंक खातों में DBT के माध्यम से झारखण्ड कोषागार संहिता 2016 के आलोक में किया जायेगा।
- लाभुक अंशदान के मामले में (02/05/10 गाय/भैंस) के चयनित लाभुकों का Escrow Account/Dedicated Account संबंधित जिला गव्य विकास पदाधिकारी द्वारा खोला जायेगा एवं अनुदान राशि Escrow Account/Dedicated Account में ही हस्तांतरित की जायेगी। अंतिम रूप से चयनित होने के उपरान्त लाभुकों को भी अपना अंशदान Escrow Account/Dedicated Account में 01 माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा उनके स्थान पर प्रतीक्षा सूची से लाभुकों का चयन किया जायेगा।
- आवेदन पत्र के साथ स्थानीय और जाति/दिव्यांगता/आपदा प्रभावित/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकता की घोषणा संबंधित मुखिया/पंचायत समिति सदस्य/जिला परिषद का सदस्य इत्यादि के द्वारा उक्त घोषणा कराना अनिवार्य है।
- प्रत्येक आवेदन के साथ पंचायत के **ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति के बैठक में ली गई प्रस्ताव एवं अनुशंसित सूची** की छाया प्रति संलग्न करना अतिआवश्यक है, जिसमें **मुखिया का हस्ताक्षर व मुहर** नितान्त आवश्यक है।
- अपूर्ण एवं विलम्ब से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।
- लाभुकों के लिए गव्य प्रक्षेत्र अन्तर्गत संस्थागत प्रशिक्षण यथा छः दिवसीय प्रशिक्षण/फारमर्श अवेयरनेस कार्यक्रम (APDF) में प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य है।
- मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का लाभ लेने हेतु वांछित स्थानीय और जाति/दिव्यांगता/विधवा/50 वर्ष से अधिक उम्र के निःसंतान दंपति की घोषणा का विकल्प होगा। संबंधित मुखिया/पंचायत समिति सदस्य/जिला परिषद का सदस्य/ इत्यादि के द्वारा उक्त घोषणा की सत्यता की जाँच करते हुए आवेदन पत्र को सत्यापित किया जायेगा स्थानीयता के लिए Voter Id/ Aadhar Card के आवेदन पत्र के साथ लाभुक को जमा करना होगा।
- मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत चयनित प्रत्येक लाभुको का Escrow Account संबंधित DAHO/DDDO इत्यादि के द्वारा अनिवार्य रूप से खोला जायेगा एवं अनुदान की राशि Escrow Account में ही हस्तांतरित की जायेगी। अंतिम रूप से चयनित होने के उपरान्त लाभुकों को भी अपना अंशदान Escrow Account में एक माह के अंदर जमा करना अनिवार्य होगा। लाभुक अंशदान जमा होने के उपरान्त ही लाभुकों को पशुओं के क्रय/प्राप्त करने की अहर्ता प्राप्त पंचायत स्तरीय समिति/ग्राम सभा के द्वारा लाभुक अंशदान संबंधित Escrow Account में जमा करना सुनिश्चित किया जायेगा। पशुधन इत्यादि के आपूर्ति के उपरान्त लाभुक अंशदान एवं अनुदान की राशि एकमुस्त आपूर्तिकर्ता के बैंक खाता में हस्तांतरित की जायेगी।
- **नोट :–विशेष जानकारी के लिए संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय एवं जिला गव्य विकास कार्यालय, आजाद नगर, सुदना, डालटेनगंज, पलामू से किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क किया जा सकता है एवं स्वंय आकर निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं।**

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
पलामू

PR 361839 District(25-26)#D

संपादकीय

# मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के फैसले से लेकर आयोग की प्रक्रिया पर उठे कई सवाल

पहचान और नागरिकता से लेकर अन्य जरूरी दस्तावेज बनवाने तथा उसे सुरक्षित रखने को लेकर गरीब तबके के लोगों की मुश्किलें जगजाहिर रही हैं। ऐसे में पहचान के लिए सत्यापन की प्रणाली को ज्यादा समावेशी और व्यावहारिक बनाने की जरूरत है। इसमें दोराय नहीं कि किसी भी चुनाव के दौरान स्वच्छ मतदान सुनिश्चित कराना निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी है और इसके लिए समय-समय पर मतदाता सूची को दुरुस्त करने के मकसद से उसे जरूरी कदम उठाने पड़ते हैं। मगर बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के फैसले से लेकर आयोग की प्रक्रिया पर जितने सवाल उठे, उसने उसकी मंशा को कठघरे में खड़ा किया। यह अपने आप में एक विचित्र फैसला था कि मतदाता सूची में कायम रहने के लिए आयोग ने लोगों के सामने जरूरी दस्तावेज पेश करने के जो विकल्प रखे, उनमें आधार कार्ड नहीं था। यह दलील दी गई कि आधार कार्ड व्यक्ति की नागरिकता का पहचान नहीं है, इसलिए इसे स्वीकार्य दस्तावेज के रूप में जगह नहीं मिलेगी। नतीजा यह हुआ कि जिनके पास अपने आपको बिहार का निवासी साबित करने के लिए मुख्य दस्तावेज आधार ही था, वैसे तमाम लोगों के लिए मतदाता सूची में अपना नाम बनाए रखना मुश्किल हो गया। जबकि निर्वाचन आयोग ने कुछ ऐसे प्रमाण पत्रों को स्वीकार्य दस्तावेज बताया, जिन्हें बनाने के लिए आधार की जरूरत पड़ती है। गौरतलब है कि शुरू से इस संबंध में लचर दलील दे रहे निर्वाचन आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद अब आखिरकार आधार को एक स्वीकार्य दस्तावेज मान लिया है। आयोग ने बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को कहा है कि मतदाताओं की पहचान स्थापित करने के लिए आधार कार्ड को एक अतिरिक्त दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जाए। इसके तहत सूचीबद्ध ग्यारह दस्तावेजों के अलावा आधार कार्ड को बारहवें दस्तावेज के रूप में माना जाएगा। सवाल है कि अगर अब जाकर आयोग को अपना रुख बदलने का कारण इस संबंध में बने नियम-कायदे हैं, तो आयोग के इससे इनकार करने की क्या वजहें थीं। अगर जुलाई में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के शुरूआती दौर में ही बाकी दस्तावेजों के साथ-साथ आधार कार्ड को भी स्वीकार्य माना जाता तो क्या इस समूचे मसले पर खड़े हुए इतने बड़े विवाद से नहीं बचा जा सकता था? जिन लाखों लोगों के नाम मसविदा मतदाता सूची से बाहर करने की नौबत आई थी, उसका कारण क्या निर्वाचन आयोग का रवैया नहीं था?

गौरतलब है कि इस मुद्दे पर आयोग के अड़ियल रुख की वजह से बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के दौरान आधार को छोड़ कर जिन ग्यारह दस्तावेजों को पहचान स्थापित करने के लिए स्वीकार्य बताया गया, उनमें से केवल पासपोर्ट और जन्म प्रमाण पत्र को नागरिकता साबित करने के लिए जरूरी दस्तावेज के तौर पर माना जाता है। सवाल है कि बाकी के नौ अन्य दस्तावेजों के बूते अगर मतदाता की पहचान की जा सकती है, तो आधार कार्ड के सत्यापन से भी किसी के पात्र-अपात्र होने के बारे में भी पता क्यों नहीं लगाया जा सकता?

विडंबना यह है कि इस मसले पर अब तक निर्वाचन आयोग ने जिस तरह की जिद ठान रखी थी, उसकी वजह से बहुत सारे लोगों के सामने अपनी पहचान तक साबित करने का संकट खड़ा हो गया था। पहचान और नागरिकता से लेकर अन्य जरूरी दस्तावेज बनवाने तथा उसे सुरक्षित रखने को लेकर गरीब तबके के लोगों की मुश्किलें जगजाहिर रही हैं। ऐसे में पहचान के लिए सत्यापन की प्रणाली को ज्यादा समावेशी और व्यावहारिक बनाने की जरूरत है। इसके अलावा, लोकतंत्र के जीवन के लिए सभी पात्र मतदाताओं के मतदान के मौलिक अधिकार को सुरक्षित और सुनिश्चित करना निर्वाचन आयोग की ही जिम्मेदारी है।

# महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण विवाद और बढ़ गया

**मराठा आरक्षण विवाद ओ.बी.सी. नेताओं द्वारा राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन की धमकी के साथ और बढ़ गया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी.)के वरिष्ठ नेता और मंत्री छगन भुजबल राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में शामिल नहीं हुए और घोषणा की कि वह पात्र मराठों को कुनबी जाति प्रमाण पत्र जारी करने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले के खिलाफ अदालत का रुख करेंगे।**



**राहिल नोरा चोपड़ा**

महाराष्ट्र कांग्रेस ने गुरुवार को मांग की कि राज्य कांग्रेस के नेतृत्व वाली तेलंगाना सरकार की तर्ज पर ओ.बी.सी. आरक्षण कोटा 27 प्रतिशत से बढ़ाकर 42 प्रतिशत करें। उन्होंने कहा कि आरक्षण को लेकर चल रहे विवाद को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने का यही एकमात्र तरीका है। हालांकि, कार्यकर्त्ता मनोज जरांगे पाटिल ने मुंबई में 5 दिनों तक भूख हड़ताल की, जिसे राज्य सरकार द्वारा उनकी 8 में से 6 मांगें मान लेने के बाद समाप्त किया गया। सरकार ने पात्र मराठों को कुनबी (ओ.बी.सी.) जाति प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में एक सरकारी आदेश भी जारी किया। टी.टी.वी. दिनाकरन पन्नीरसेल्वम के नक्शेकदम पर – एडप्पादी पलानीस्वामी (ई.पी.एस.) के नेतृत्व वाली अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कडग़म (ए.आई.ए.डी.एम.के.) की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एन.डी.ए.)में वापसी और राज्य भाजपा में नेतृत्व परिवर्तन के साथ, अम्मा मक्कल मुनेत्र कडग़म (ए.एम.एम.के.) के नेता टी.टी.वी. दिनाकरन बुधवार को ओ. पन्नीरसेल्वम (ओ.पी.एस.) के नक्शेकदम पर चलते हुए, तमिलनाडु में एन.डी.ए. गठबंधन से बाहर चले गए। उनके बाहर निकलने से सवाल उठे हैं कि क्या पलानीस्वामी चुनावों में डी.एम.के. से लडऩे को लेकर गंभीर थे या केवल ए.आई.ए.डी.एम.के. में अपना वर्चस्व सुनिश्चित करने में रुचि रखते थे। यह एक खुला रहस्य है कि पलानीस्वामी ओ.पी.एस. और टी.टी.वी. के एन.डी.ए. का हिस्सा होने का विरोध कर रहे हैं, खासकर ऐसे समय में जब ए.आई.ए.डी.एम.के. के एकीकरण की आवाजें तेज हो रही हैं।

उन्होंने कहा, ''जैसा कि मैंने कहा कि विजयकांत ने 2006 में प्रभाव डाला था, 2026 में भी ऐसा प्रभाव पडऩे की संभावना है। जब विजयकांत राजनीति में आए तो सभी पार्टियां प्रभावित हुईं और आगे भी ऐसा ही प्रभाव पड़ेगा।'' बिहार में जद-यू 50-50 के फार्मूले पर जोर दे रही – बिहार में जैसे-जैसे उच्च दांव वाली लड़ाई करीब आ रही है, केंद्रीय गृह मंत्री और पार्टी के प्रमुख चुनावी रणनीतिकार अमित शाह रणनीति बनाने के लिए पार्टी की राज्य इकाई के साथ बैठक कर रहे हैं। शाह ने कोर कमेटी के नेताओं के साथ बैठक की, जिसमें उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और विनोद तावड़े शामिल थे। टिकट बंटवारे पर चर्चा तो हुई लेकिन कुछ भी अंतिम रूप नहीं दिया जा सका क्योंकि कुछ सीटों का बंटवारा एन.डी.ए. के सहयोगियों के बीच हो सकता है। दूसरी ओर 'हम' (सैक्युलर) के प्रमुख जीतन राम मांझी ने सार्वजनिक रूप से कम से कम 20 सीटों पर दावा पेश किया और एन.डी.ए. नेताओं को उनकी पार्टी के प्रति सहानुभूति दिखाने की आवश्यकता पर बल दिया। 'हम' को मुख्य रूप से मध्य बिहार के जिलों में मुसहर जाति के दलितों से ताकत मिलती है। चिराग पासवान की पार्टी ने लोकसभा चुनावों में सभी 5 सीटें जीतकर 100 प्रतिशत स्ट्राइक रेट हासिल किया था लेकिन अब उसने लगभग 30 से 35 सीटों की मांग की है। लोजपा (आर.वी.) मुख्य रूप से दलितों के बीच पासवानों की पार्टी के रूप में जानी जाती है। इस बीच, बिहार में भाजपा द्वारा बड़ी हिस्सेदारी हासिल करने की कोशिश उसके इस आकलन पर आधारित है कि मुस्लिम, अति पिछड़े और महादलितों के बीच जद-यू का वोट बैंक उसकी संगठनात्मक ताकत के साथ-साथ कम होता जा रहा है। एन.डी.ए. सूत्रों के अनुसार, जद-यू 50-50 के फॉर्मूले पर जोर दे रही है।

## तेजस्वी ने भी दांव खेला

इस साल के अंत में होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों से पहले बिहार में राजनीतिक हलचल बढ़ रही है। राजनीतिक दल कल्याणकारी वादों के साथ महिला मतदाताओं तक सक्रिय रूप से पहुंच रहे हैं। नीतीश कुमार सरकार की मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना, योग्य महिलाओं को आय सृजन में सहायता के लिए 10,000 रुपए प्रदान करती है साथ ही राज्य सरकार की नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षित सीटों की घोषणा भी की गई है। सरकार ने महिलाओं के लिए पैंशन योजना भी शुरू की है। वहीं मुख्य विपक्षी दल राजद ने भी दांव खेला है। विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने महिलाओं को 2,500 रुपए मासिक देने वाली 'माई-बहन' योजना, विधवा माताओं और बहनों की पैंशन बढ़ाकर 1,500 रुपए करने, हर रसोई में 500 रुपए में सबसिडी वाले गैस सिलैंडर, 200 यूनिट मुफ्त बिजली और बेटियों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले आवासीय कोचिंग संस्थान, विश्व स्तरीय खेल प्रशिक्षण और नौकरी के अवसर, मुफ्त परीक्षा फार्म और यात्रा सुविधाओं सहित कई योजनाओं का वादा किया।

## राहुल गांधी ने कहा-वोट चोरी केवल सत्ता हथियाने का एक साधन

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा को जल्द ही एक बड़े वोट चोरी के खुलासे की धमकी दी। महागठबंधन के नेता खुली एस.यू.वी. में यात्रा कर रहे थे और लोग सड़कों पर खड़े होकर झंडे लहरा रहे थे और उनका उत्साहवर्धन कर रहे थे। सैंकड़ों युवा सैल्फी लेते देखे गए। पार्टी कार्यकर्त्ताओं ने 'वोट चोर-गद्दी छोड़ो' के नारे लगाए। राहुल गांधी ने सत्तारूढ़ पार्टी पर लोकतंत्र को कमजोर करने और नागरिकों के अधिकारों पर अंकुश लगाने का आरोप लगाया। वोट चोरी को न केवल सत्ता हथियाने का एक साधन बताया बल्कि लोकतंत्र की चोरी भी बताया। हमारा देश आदि काल से संत, महात्मा, आचार्य, गुरु के प्रति, राजा हो या रंक निष्ठा, समर्पण, आदर-सम्मान दिखाता आया है। इनके द्वारा कहां उचित, अनुचित का भेद किए बिना मान लिए जाने की परंपरा थी। यह भी बहुत सोच-समझकर,न्याय-अन्याय की परख कर और जो सार्वजनिक हित में हो, अक्सर वही बात कहते और करते थे। एक तरह का संतुलन बना रहता था। परंतु हम तो वर्तमान हैं और भूतकाल केवल याद ही कर सकते हैं और भविष्य सदा से अनिश्चय का भंवर रहा है। आवश्यक है कि तर्क की कसौटी पर कसे बिना स्वामियों से लेकर शंकराचार्य, मंडलेश्वर या किसी अन्य का कथन आंख-कान बंद कर मान लेना खतरे से खाली नहीं होता। भावनाओं से खिलवाड़ होना मामूली है, सब कुछ लूट लिया जाना संभव है और 'अब पछताए क्या होत,जब चिड़िया चुग गई खेत' नियति बन जाती है। सनातन शाश्वत सत्य है – सबसे पहले तो उन लोगों से सावधान हो जाइए जो कहें कि सनातन खतरे में है, हम उसे बचाने निकले हैं। समझ लीजिए कि जो आदि और अंत दोनों है, उसकी रक्षा की बात कहने वाले बहरूपिए हैं जो कहे कि भारतीय संस्कृति की रक्षा करने निकले है, वे ढोंगी हैं जो इसके लिए कोई यज्ञ, अनुष्ठान करने का आह्वान करे, वह पाखंडी है और जो अपना सब कुछ अर्पित करने को कहे, वह लम्पट है। यह समय वह नहीं जब स्वामी विवेकानंद, राम कृष्ण परमहंस, स्वामी श्रद्धानंद, स्वामी शिवानंद, महर्षि अरविंद, मां अमृतानंदमयी जैसी महान विभूतियां मार्गदर्शन करती थीं, आज एक गुरु ढूंढो हजार मिल जाते हैं। इनके महलनुमा आश्रमों की झलक एक वैबसीरीज में दिखाई गई जो बहुत लोकप्रिय हुई। इसके बावजूद न जाने क्या आकर्षण है कि ऐसे लोग अपनी शक्ल, सूरत और प्रवचन से इतना प्रभावित करते हैं कि उनके खोट दिखाई देने के बजाय लोग उनके मोहपाश में खिंचे चले आते हैं। इनकी कार्यशाला का सांचा अर्थात् 'मोडस ऑपरेंडी' यह है कि सबसे पहले किसी टी.वी. चैनल या समाचार पत्र के संपादकीय विभाग में पैठ बनाते हैं। बादल और सनातन को पुन– स्थापित करने का संकल्प दोहराते हैं। संपादक, पत्रकार के जीवन में ऐसे लोग प्रतिदिन आते रहते हैं, बड़े से बड़ा गुरु, अपने धर्म का स्वयंभू सर्वेसर्वा उनकी कृपा यानी अखबार या टी.वी. में तनिक-सा स्थान और फोटो के साथ हो तो और भी बढिय़ा, इसके लिए पैर छूने से लेकर साक्षात् दंडवत् करता है। एक बार इसमें सफल हो गए तो फिर नेताओं के चक्कर और किसी तरह मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री, यहां तक कि प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति तक अखबार की कतरन और टी.वी. की क्लिप और कतरनी की तरह चलने वाली जुबान से अपनी पहुंच बना लेते हैं। इसके बाद तो इनका धंधा इन्हें झोंपड़ी से महलों तक ले जाता है। अफसोस इस बात का है कि जहां भारत की आध्यात्मिकता, सनातन की व्याख्या और जीवन की संपूर्णता के बारे में गंभीर ज्ञान, आत्मिक शक्ति और नेतृत्व क्षमता चाहिए।

अध्यात्म

# नामुमकिन को कैसे मुमकिन बनायें

एक समय की बात है एक राजा के दो बेटे थे, उम्मेदसिंह और रघुवीर सिंह। एक बार दोनों राजकुमार जंगल में शिकार करने गए। रास्ते में एक विशाल नदी थी। दोनों राजकुमारों का मन हुआ कि क्यों ना नदी में नहाया जाये। यही सोचकर दोनों राजकुमार नदी में नहाने चल दिए। लेकिन नदी उनकी अपेक्षा से कहीं ज्यादा गहरी थी। रघुवीर सिंह तैरते तैरते थोड़ा दूर निकल गया, अभी थोड़ा तैरना शुरू ही किया था कि एक तेज लहर आई और रघुवीर सिंह को दूर तक अपने साथ ले गयी। रघुवीर सिंह डर से अपनी सुध बुध खो बैठा गहरे पानी में उससे तैरा नहीं जा रहा था अब वो डूबने लगा था। अपने भाई को बुरी तरह फँसा देख के उम्मेदसिंह जल्दी से नदी से बाहर निकला और एक लकड़ी का बड़ा लट्ठा लिया और अपने भाई रघुवीर सिंह की ओर उछाला। लेकिन दुर्भागयवश रघुवीर सिंह इतना दूर था कि लकड़ी का लट्ठा उसके हाथ में नहीं आ पा रहा था। इतने में सैनिक वहां पहुँचे और राजकुमार को देखकर सब यही बोलने लगे – अब ये नहीं बच पाएंगे , यहाँ से निकलना नामुनकिन है। यहाँ तक कि उम्मेदसिंह को भी ये अहसास हो चुका था कि अब रघुवीर सिंह नहीं बच सकता, तेज बहाव में बचना नामुनकिन है, यही सोचकर सबने हथियार डाल दिए और कोई बचाव को आगे नहीं आ रहा था। काफी समय बीत चुका था, रघुवीर सिंह अब दिखाई भी नही दे रहा था। अभी सभी लोग किनारे पर बैठ कर रघुवीर सिंह का शोक मना रहे थे कि दूर से एक सन्यासी आते हुए नजर आये उनके साथ एक नौजवान भी था। थोड़ा पास आये तो पता चला वो नौजवान रघुवीर सिंह ही था। अब तो सारे लोग खुश हो गए लेकिन हैरानी से वो सब लोग रघुवीर सिंह से पूछने लगे कि तुम तेज बहाव से बचे कैसे ? सन्यासी ने कहा कि आपके इस सवाल का जवाब मैं देता हूँ – ये बालक तेज बहाव से इसलिए बाहर निकल आया क्यूंकि इसे वहां कोई ये कहने वाला नहीं था कि यहाँ से निकलना नामुनकिन है इसे कोई हताश करने वाला नहीं था, इसे कोई हतोत्साहित करने वाला नहीं था। इसके सामने केवल एक लकड़ी का लट्ठा था और मन में बचने की एक उम्मीद और इसने प्रयत्न जारी रखा और बस इसीलिए ये बच निकला। जिंदगी में भी कुछ ऐसा ही होता है, जब दूसरे लोग किसी काम को असम्भव कहने लगते हैं तो हम भी अपने हथियार डाल देते हैं। हम अपनी क्षमता का आंकलन दूसरों के कहने से करते हैं। आपके अंदर अपार क्षमताएं हैं, किसी के कहने से खुद को कमजोर मत बनाइये। सोचिये विक्रम से अगर बार बार कोई बोलता रहता कि यहाँ से निकलना नामुमकिन है, तुम नहीं निकल सकते, ये असम्भव है तो क्या वो कभी बाहर निकल पाता ? उसने स्वयं पे विश्वास रखा।

# हिन्दी भारत के माथे की बिंदी



**डॉ ध्रुव कुमार**

दुनिया भर में पा रही विस्तार है हिंदी,
देश के स्वाभिमान का आधार है हिंदी।

प्रसिद्ध लघुकथाकार-कवि रामेश्वर कांबोज हिमांशु की यह पंक्तियां किसी भी हिंदी भाषी के लिए गर्व का अहसास है किन्तु यह गर्वोक्ति हर हिंदुस्तानी का हो, इसके लिए अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है। सबसे पहले तो यह विचार करना जरूरी है कि आखिर आजादी के इतने वर्षों के बाद भी हिंदी सही मायने में राष्ट्रभाषा क्यों नहीं बन पाई ?

स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरांत यह महसूस किया गया कि एक राष्ट्र, एक संविधान, एक ध्वज, एक राष्ट्रगान की तरह देश की एक राष्ट्रभाषा का होना भी आवश्यक है। 1915 के लखनऊ अधिवेशन गांधी जी ने हिंदी में भाषण देते हुए स्पष्ट घोषणा की थी - हिंदी का प्रश्न मेरे लिए स्वराज्य के प्रश्न से कम नहीं है । एक भाषा के मुद्दे पर इस अधिवेशन में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित कर हिंदी भाषा और देवनागरी के प्रचार प्रसार एवं राष्ट्रीय एकता की स्थापना के लिए सबों से एकजुट होने की अपील की गई थी। लेकिन वैश्विक भाषा बनने की योग्यता रखने के बावजूद हिंदी को आज भी वह स्थान हासिल नहीं हो पाया है जिसकी वह हकदार है।

यह देशवासियों के लिए गौरव की बात है कि विश्व में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषाओं में एक प्रमुख स्थान हिन्दी का है। हिन्दी और हिन्दी साहित्य के पुरोधाओं ने समस्त विश्व-पटल पर हिन्दुस्तान को एक विशिष्ट पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पर यह विडम्बना ही है कि जन-जन की भाषा हिन्दी अपने ही देश में उपेक्षित रही है। अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त हुए 78 वर्ष हो गए, पर अंग्रेजी भाषा की गुलामी ने पूरे भारतवर्ष को अब भी जकड़ रखा है और यही कारण है कि हिन्दी भाषा को कभी समुचित सम्मान नहीं मिल सका। हम आज भी हिन्दी को राष्ट्रभाषा का गौरव दिलाने के लिए संघर्षरत हैं। हिन्दी दिवस के अवसर पर समेकित रूप से यह विचार करने की आवश्यकता है कि हमारे लिए हिन्दी दिवस कहीं ऐसे आयोजन मात्र औपचारिकता भर तो नहीं रह गई हैं। हमें हिंदी को मां की तरह सम्मान देना होगा। जब तक हम इसे स्व-भावना से इसे नहीं जोड़ेंगे, तब तक वैश्विक स्तर पर इसको पूर्ण सम्मान नहीं मिलेगा। अपनी लोक संस्कृति व आंचलिक भाषा का हम अवश्य इस्तेमाल करें, लेकिन एक व्यक्ति जिस तरह अपनी मां का त्याग नहीं करता क्योंकि वो अपनी मूल भावना से उसके साथ जुड़ा रहता है, उसी प्रकार हिन्दी को अपनी आत्म - संस्कृति से जोड़ना होगा।

वस्तुतः हिंदी की इस दशा के लिए अहिंदी भाषियों से अधिक हिंदी भाषी ही ज्यादा दोषी हैं। अक्सर देखा जाता है कि हिंदी भाषी लोग राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हिंदी बोलने में अपना अपमान समझते हैं जबकि हिंदी हिंदुस्तान में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी चाहते थे कि हिंदी जनमानस की भाषा बने, लेकिन आजादी के इतने वर्षों के बाद भी यह कार्य संभव नहीं हो पाया है, यह दुखद है।

वैश्वीकरण के दौर में अधिकांश कार्य भारत में अंग्रेजी में हो रहें हैं, जिससे हिन्दी की उपयोगिता कम हो रही है। हिंदी राष्ट्रभाषा या राष्ट्रीय होने लायक है। वही भाषा राष्ट्रीय बन सकती है जिसे अधिक संख्या में लोग बोलते व समझते हों और जो सीखने में सुगम हो। वैसे भारत सरकार ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में हिन्दी भाषा को प्रमुखता देकर प्रशंसनीय कार्य किया है। हाल के वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस ढंग से विदेशों में अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हिंदी में अपने उदगार व्यक्त किए हैं, उससे हिंदी का मान सम्मान बढ़ा है। हिंदी को रोजगार की भाषा नहीं बनाया जाना, इसके विकास में सबसे बड़ी रुकावट है। नवयुवकों के मन में हिंदी के प्रति जो उदासीनता का भाव है, उसका कारण शायद यही है। सरकारी स्तर पर इसके विकास के लिए थोड़ा और ध्यान देने की आवश्यकता है। आज कार्य क्षेत्र में हिन्दी भाषा का अधिकाधिक प्रयोग, हिन्दी में तकनीकी ज्ञान के विकास तथा हिन्दी साहित्य के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण कार्यों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। हमें सभी भाषाओं का सम्मान करते हुए हिन्दी को सर्वोपरि भाषा बनाने के प्रयास करने होंगे। जब तक हम सभी मिलकर हिन्दी की उन्नति के लिए प्रयासरत नहीं होंगे, हिन्दी को उसका वास्तविक अधिकार नहीं मिल पाएगा। हिंदी दिवस पर हम अपने संकल्पित लक्ष्य की प्राप्ति की शपथ लें, तभी विश्व रूपी आकाश में हिन्दी का परचम लहरा पायेंगे। हिंदी की प्रसिद्ध साहित्यकार और गोवा की पूर्व राज्यपाल मृदुला सिन्हा की इन पंक्तियों को हमें हमेशा याद रखना होगा- हिन्दी भारत के माथे की बिंदी है और हमें इस पर अभिमान करना सीखना होगा।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार हैं)**

# अमरीका – भारत को मत गंवाओ

**शशि थरूर**

कई दशकों तक यह एक नीति आपदा और शुरुआती शीत युद्ध में एक बड़ा झटका था क्योंकि वाशिंगटन ने साम्यवाद को रोकने की कसम खाई थी। आज, 75 साल बाद,नई दिल्ली खुद को चीन और रूस की गोद में पाती है और अमरीका से दूर हो रही है। अमरीकी 'हू लॉस्ट इंडिया' बहस में शामिल होने से पहले यह देखना चाहिए कि यह अभी टाला जा सकता है। दोनों देशों के बीच जो हो रहा है, वह अक्षम्य है अमरीका-भारत संबंध जो विश्व के सबसे महत्वपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों में से एक है, गलत दिशा में जा रहा है। फिर भी 7 दशकों में, वाशिंगटन और नई दिल्ली ने आपसी सम्मान और सांझा हितों की नींव पर संबंधों का निर्माण किया है। फिर भी, आज ट्रम्प की दंडात्मक टैरिफ की लहर के भार तले और परिणामी कूटनीतिक तनाव के कारण यह नींव दरक रही है। भारत जो दुनिया में सबसे अधिक टैरिफ लगाए जाने वाले देशों में से है (औसतन लगभग 50 प्रतिशत, जबकि चीन का लगभग 20 प्रतिशत है) अमरीका में अन्य प्रतिस्पर्धियों की तुलना में अपने सामान को बाजार में लाने में कठिनाई महसूस करता है। इसका अर्थ यह है कि भारतीय निर्यातक, विशेषकर मॉस्को और बीजिंग की ओर देख रहे हैं। गहरी अविश्वास और अमरीकी व्यापार नीति के बारे में कड़वाहट ने हाल ही में घोषित 'इंडो-यू.एस. संबंध' को पिछले चौथाई सदी में परिभाषित किया है। लेकिन यह केवल व्यापारिक सांझेदारी नहीं है, अगर वाशिंगटन यही चाहता है। यह अमरीका के लिए समय है कि वह भारत को रणनीतिक सांझेदार के रूप में स्वीकार करे न कि केवल एक व्यापारिक प्रतिस्पर्धी के रूप में। 26 अगस्त तक, भारत का अमरीका को निर्यात 46.4 बिलियन तक बढ़ गया था जबकि अमरीका से आयातित सामान 57 बिलियन तक था। अमरीका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक सांझेदार है। प्रमुख निर्यात में कपड़े, चमड़ा, समुद्री भोजन और इंजीनियरिंग वस्तुएं (जैसे हीरे और फार्मास्यूटिकल्स) शामिल हैं। इसके बदले भारत अमरीका से तेल और लगातार बढ़ते हुए रक्षा उपकरण खरीदता है। वाशिंगटन की जलवायु परिवर्तन फंड्स में रूस की युद्ध संचालित बाधा ने केवल अमरीका से भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए तेल खरीदने की बाध्यता को और बढ़ा दिया है। भारत अमरीका से लगभग 67 बिलियन का सामान निर्यात करता है लेकिन टैरिफ से बहुत बड़ी मात्रा में प्रभावित होता है। लेकिन ये टैरिफ केवल आर्थिक दंड नहीं हैं, ये राजनीतिक संकेत हैं। और इन्हें नई दिल्ली में जोर-शोर से पढ़ा और सुना जा रहा है। रणनीतिक स्वायत्तता को दंडित किया जा रहा है न कि (जैसा कि पहले सम्मानित किया जाता था) आदर किया जा रहा है। परिणाम गंभीर हैं। भारतीय निर्यातक प्रतिस्पर्धात्मकता खो रहे हैं (जैसे त्रिपुर, सूरत और विशाखापट्टनम में )। अमरीकी खरीदार जो पहले वियतनाम, इक्काडोर, थाईलैंड और तुर्की से आपूर्ति लेने लगे थे अब भारतीय आपूर्ति पर दबाव डाल रहे हैं। निवेशक विश्वास कमजोर हुआ है। भारतीय उपभोक्ताओं को उच्च कीमतों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि आयातित कंटेनर देर से आते हैं और लागत बढ़ गई है। सूरत के आभूषण निर्माता और विशाखापट्टनम के स्टील निर्माता नौकरियां खो रहे हैं। यह नुकसान लंबे समय तक झेलना होगा। जितना यह चलता रहेगा, उतना ही भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिरता खतरे में होगी। आर्थिक मुद्दे से परे व्यापार युद्ध अमरीका-भारत रणनीतिक संबंध को भी खतरे में डालता है। एक ऐसा संबंध जिसमें प्रमुख रक्षा सहयोग, सह-विकास और सह-उत्पादन व्यवस्थाएं और हाल ही में हस्ताक्षरित 'मेजर डिफैंस पार्टनरशिप फ्रेमवर्क' शामिल है। इसके अलावा इस साल भारत की मेजबानी में होने वाला 'क्वाड' शिखर सम्मेलन अस्थिर हो सकता है। नई दिल्ली को अलग-थलग करना भारत को अमरीका के विरोधियों (जैसे चीन और रूस) के करीब धकेलना, क्षेत्रीय सुरक्षा को अस्थिर करना और वैश्विक स्थिरता को हिला देना है।अमरीका को यह पहचानना होगा कि रणनीतिक स्वायत्तता अवज्ञा नहीं है-यह संप्रभुता है। भारत को ऊर्जा विकल्पों या रक्षा खरीद के निर्णयों के लिए दंडित करना, जिन्हें हर देश केवल अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर ही ले सकता है, अल्पदृष्टि और प्रतिकूल है। वाशिंगटन को तुरंत भारतीय श्रम-गहन क्षेत्रों को लक्षित करने वाले दंडात्मक टैरिफ समाप्त करने चाहिएं जो विशेष रूप से संवेदनशील हैं (जैसे कपड़ा और परिधान उद्योग), जहां भारतीय निर्यात पर लगभग 25 प्रतिशत टैरिफ लगता है। बातचीत में कोई प्रगति नहीं हो रही है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर हो सकती है। अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिये दिन बहुत ही अच्छा है।

**वृषभ**
आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। सरकारी कार्यों में रुकावट आ सकती है। काम की उलझनों के कारण आप फँस सकते हैं।

**मिथुन**
उच्च अधिकारी आपका प्रोत्साहन बढ़ायेंगे। पिता के प्रति आदर का भाव बढ़ेगा। दिखावे के लिये धन खर्च कर सकते हैं।

**कर्क**
नयी नौकरी आरम्भ करने के लिये समय उत्तम है। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपका प्रदर्शन उत्कृष्ट रहने वाला है।

**सिंह**
आपके सद्गुणों की प्रशंसा होगी। बड़े-बुजुर्गों के लिये उपहार खरीद सकते हैं। जल्दबाजी एवं क्रोध के कारण काम खराब हो सकते हैं।

**कन्या**
आज आप कहीं घूमने के लिये जा सकते हैं। अनावश्यक खर्चों की चिन्ता मन में रहेगी। नकारात्मक बातों को अधिक तूल न दें।

**तुला**
कार्यक्षेत्र का वातावरण अनुशासित रहने वाला है। आज आपको ओवरटाइम करना पड़ सकता है।

**वृश्चिक**
आपकी मनःस्थिति विचलित हो सकती है। स्वार्थी व्यवहार के कारण प्रेमीजन आपसे खिन्न हो सकते हैं।

**धनु**
अपनी रुचि के अनुसार काम करने का प्रयास करें। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जॉब में आपके अधिकार बढ़ेंगे।

**मकर**
जोड़ों में दर्द की शिकायत हो सकती है। अनैतिक कार्यों से आपको दूरी बनाकर रखनी चाहिये।

**कुंभ**
अपनी दिनचर्या में परिवर्तन कर सकते हैं। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों की आय बढ़ सकती है। विदेश यात्रा में रुकावट दूर होगी।

**मीन**
वैवाहिक जीवन सामान्य रहेगा। पुराने मामलों का निपटारा हो सकता है। सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं।

# सीएसपी लूटकांड मामले में तीन अपराधी गिरफ्तार

## 48 घंटे में पुलिस ने पूरे गैंग का किया उद्भेदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** मटिहानी थाना क्षेत्र के बाबा स्थान खरीदी मोड़ के निकट सीएसपी संचालक से लूट में शामिल तीन अपराधकर्मियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना के मात्र 48 घंटा के अन्दर पुलिस ने घटना का उद्भेदन कर लिया है। शनिवार को सदर डीएसपी आनंद कुमार पांडेय ने प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया की 10 सितंबर को सीएसपी संचालक अपने मोटरसाइकिल से बाबा स्थान खरीदी मोड़ से होते हुए वृंदावन स्थित अपने सीएसपी सेन्टर जा रहे थे। अचानक मोटरसाइकिल सवार तीन अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा हथियार दिखाकर 2 लाख उन्नतीस हजार रुपया, 1 लैपटप, 1 मीट्रिक डिवाइस एवं पीएनबी का चेकबुक 105 पीस छिनकर भाग गए थे। जिसके संबंध में पीड़ित विपिन कुमार ने मटिहानी थाना कांड मुकदमा दर्ज कराया। श्री पांडेय ने बताया कि पुलिस टीम के द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन, तकनिकी अनुसंधान तथा मानवीय आसूचना के आधार पर मात्र 48 घंटे के अंदर कांड का उद्भेदन कर कांड में संलिप्त अपराधी अमित कुमार, थाना-तेघडा, को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त अमित कुमार के स्वीकारोक्ति बयान लिया गया। जिसमें उसने अपने अलावा और 6 अपराधकर्मियों के संलिप्त होने की बात बताई तथा उनके निशानदेही पर सीएसपी संचालक से लुटी गयी राशी में से 31,800 रुपये बरामद किये गये साथ ही कांड में संलिप्त अपराधी कुदंन महतो थाना-लाखो, एवं छोटू कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। ये सभी पेशेवर अपराधी है। अभियुक्त गण के द्वारा पूछताछ में बताया गया की इनलोगो का सात लोगो का गैंग है। जो की सीएसपी संचालको के साथ मौका देखकर लूटपाट एवं रोड डकैती की घटना को अंजाम देते है। जून माह में गैंग के द्वारा सीएसपी संचालक से पांच लाख पचीस हजार रूपया की लूट की घटना कारित की गयी थी।

# ग्रामीणों को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

## रहियार उत्तर पंचायत में नवसृजित स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत रहियार उत्तर पंचायत में शनिवार को नवसृजित स्वास्थ्य केंद्र जनता उच्च विद्यालय चित्तौड़ा बेला के एक कमरा में विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत की प्रभारी मुखिया धर्मेन्द्र कुमार मंडल एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अमित कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण पुरुष, महिलाएं एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह के दौरान मुखिया धर्मेन्द्र कुमार मंडल ने कहा कि लंबे समय से इस क्षेत्र में स्वास्थ्य केंद्र की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। अब स्वास्थ्य केंद्र शुरू होने से ग्रामीणों को प्राथमिक उपचार और नियमित स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अमित कुमार ने जानकारी दी कि स्वास्थ्य केंद्र में सामान्य जांच, प्रसव पूर्व परामर्श, बच्चों का टीकाकरण, परिवार नियोजन संबंधी सेवाएं एवं सामान्य बीमारियों का इलाज उपलब्ध रहेगा। धीरे-धीरे स्वास्थ्य केंद्र को और आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की योजना है। स्थानीय ग्रामीणों ने स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण और उद्घाटन पर खुशी जताई और कहा कि इससे समय पर इलाज मिलने में सुविधा होगी तथा आपात स्थिति में मरीजों की जान बचाना आसान होगा इस मौके पर पीएससी प्रभारी अमित कुमार हेल्थ मैनेजर अमानुल्लाह, चंद्रदेव राम, एवं पंचायत प्रतिनिधि, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविका और स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्वास्थ्य केंद्र के सुचारू संचालन और जनहित में बेहतर सेवा सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

# गंगा ग्लोबल संस्थान में रक्तदान शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिले के गंगा ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में रोटरी ब्लड सेंटर के सहयोग से शनिवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गंगा ग्लोबल कैम्पस के विद्यार्थियों, बीएड कलेज के छात्र-छात्राओं, संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर सामाजिक सहयोग का परिचय दिया। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन सर्वेश कुमार ने कहा कि रक्तदान एक महान सामाजिक कार्य है। जिससे अनेक जीवन बचाए जा सकते हैं। युवाओं का इस प्रकार से आगे आना समाज के लिए प्रेरणादायी है। शिक्षाविद और ब्लड क्लब झारखंड के प्रेसिडेंट रहे चंदेश्वर खान ने बच्चों को इसके बारे में जानकारी दी और सभी को रक्त दान का महत्व समझाया। प्राचार्या प्रो (डा.) सुधा कुमारी झा ने अपने संदेश में कहा इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को न केवल सामाजिक जिम्मेदारी का बोध कराते हैं। बल्कि उन्हें मानवता की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा भी देते हैं।कार्यक्रम संयोजक प्रो विवेक कुमार ने बताया कि रोटरी क्लब के सहयोग से यह रक्तदान शिविर बेहद सफल रहा। हमारे छात्र-छात्राओं, संकायजनों और स्थानीय सहयोगियों ने जिस उत्साह से भाग लिया, वह काबिले तारीफ है।शिविर में गंगा ग्लोबल कैंपस और बीएड कलेज के विद्यार्थियों एवं संकायजनों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया और रक्तदान कर समाज सेवा का संदेश दिया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान कर रक्तदान- महादान के मूलमंत्र को सार्थक किया।

# 544.92 लीटर विदेशी शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**शिवाजीनगर।** बिहार सरकार की सख्त शराबबंदी नीति के बीच शिवाजीनगर पुलिस ने शनिवार को एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रहियार उत्तर पंचायत के कोंची गांव में छापेमारी कर एक भूसा घर से 544.92 लीटर विदेशी शराब बरामद किया है। बरामदगी के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार धंधेबाजों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस टीम नियमित वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि कोंची गांव में चोरी-छिपे अवैध शराब का कारोबार किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के लिए पुलिस दल मौके पर पहुंचा। पुलिस को देखते ही कुछ लोग भागने लगे। पुलिस ने खदेड़ने का प्रयास किया लेकिन सभी आरोपी भागने में सफल रहे भूसा घर से शराब की बरामदगी इसके बाद पुलिस ने छापेमारी की तो एक भूसा घर से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब के कार्टून बरामद किए गए। जब्त शराब में शामिल हैं रॉयल स्टेक ऽ 52 कार्टून (375 एमएल की बोतलें) बीयर 3 कार्टून (500 एमएल कैन इंपीरियल ब्लू 1 कार्टून (375 एमएल की बोतलें)डेनिज क्लासिक व्हिस्की 3 कार्टून (375 एमएल की बोतलें कुल बरामद शराब की मात्रा 544.92 लीटर बताई गई है धंधेबाजों पर मामला दर्ज थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि बरामदगी के बाद अवैध शराब धंधे में शामिल दो नामजद आरोपियों समेत अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस टीम फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है शराबबंदी कानून पर पुलिस की सख्ती पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी।

# एक नजर

## जनता दरबार का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न राजस्व ग्रामों में उत्पन्न भूमि विवाद के निबटारे को लेकर शनिवार को थाने में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें दो भूमि विवाद का नया मामला सुनवाई के लिए दर्ज किया गया है तथा एक भी पुराने मामले का निष्पादन नहीं किया गया। छतौना के रंजीत पंडित व राम नंदन सिंह तथा डफरपुर पंचायत के वृंदावन के अमरेश कुमार तथा राजा रामेश्वर सिंह रैयती भूमि विवाद मामले को सुनवाई के लिए दर्ज किया गया। जनता दरबार में कुल 10 मामले लंबित है। छतौना के रामनारायण महतो व मिथिलेश कुमार,अब्बूपुर के दामोदर महतो व सोनी देवी, रामनारायण महतो व मिथिलेश कुमार, चक्का के नारायण महतो व राजकुमार पोद्दार, शेखपुरा के सुखो ताती व मनोज पासवान, रजाकपुर के अमीर महतो व अमीन महतो, पहसारा के रमेश सहनी व राम उदय सहनी आदि मामले की सुनवाई कर अगली तारीख तय की गयी।मौके पर ए एस आई युगल किशोर मंडल, अंचल कर्मी गोपाल कुमार,अमरजीत कुमार व फरियादी आदि मौजूद थे।

## नशे की हालत में गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने पहसारा से एक नशेड़ी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। बताया कि गिरफ्तार नशेड़ी रजाकपुर पंचायत के वार्ड संख्या 8 का बैजू सहनी है। वह नशे की हालत में उत्पात कर रहा था। इसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस पदाधिकारी को दी। गश्ती पदाधिकारी उसे सूचना स्थल पर पहुंच कर हिरासत में ले लिया। ब्रेथ एनालाइजर से जांच के बाद शराब पीने की पुष्टि हुई। उत्पाद एवं मद्यनिषेध अधिनियम के तहत सूचना दर्ज कर उसे न्यायालय में उपस्थापित किया गया। इस गिरफ्तारी में एस आई कुंदन रजक तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## नहाए खाए के साथ ही जिऊतिया व्रत प्रारंभ

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड अंतर्गत नहाय खाय के साथ ही महिलाओं ने प्रारंभ किया जिऊतिया पर्व। महिलाओं के द्वारा पुत्र की दीर्घायु होने के लिए जिवूत महान की पूजा-अर्चना के साथ ही जिऊतिया पर्व आरंभ किया गया। इस अवसर पर महिलाओं के द्वारा पवित्र नदी, पोखर एवं जलाशयों में महिलाओं के द्वारा झुंगुनी के पत्ते पर नदी में सरसों तेल एवं सरसों की खाली चढ़ाया जाता है तथा घर में चुरा दही जीवूत महान देव को चढ़ाया जाता है। इस अवसर पर महिलाओं के दो-दिनों तक द्वारा निराहार एवं निर्जला रहकर इस कठिन पर्व को किया जाता है। महिलाओं के द्वारा मंदिरों में विद्वान पंडितों से जीवूत महान एवं महादेव की कथा महिला अवश्य ही सुनती है। इस अवसर पर महिलाओं के द्वारा नहाय खाय के दिन नोनी की सांग एवं मरूआ की रोटी तथा मछली एवं मरूआ रोटी का सेवन कर जीवूत जिऊतिया पर्व शुरू होने के दिन ही उसे ग्रहण किया जाता है। मौके पर अनीता दीदी, मीनाक्षी वर्मा , राम काशी देवी अरहूलिया देवी, सुनीता देवी, सहित अन्य के द्वारा जीवूत महान की पूजा अर्चना किया गया।

## मैथिली नाटक की परम्परा बहुत सशक्त : ऋषि वशिष्ठ

**दरभंगा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर मैथिली विभाग में 'मैथिली नाटक एवं रंगमंचक विकास यात्रा' विषय पर महत्वपूर्ण व्याख्यान का आयोजन शनिवार को हुआ। विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर दमन कुमार झा की अध्यक्षता में आयोजित इस व्याख्यान के मुख्य वक्ता मैथिली साहित्य के लब्ध प्रतिष्ठित कथाकार, उपन्यासकार, नाटककार और बाल साहित्य पुरस्कार से सम्मानित श्री ऋषि वशिष्ठ रहे। प्रो झा ने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुआ अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि ऋषि वशिष्ठ मैथिली के साहित्यकार तो हैं ही, साथ ही नाटक एवं रंगमंच के भी अच्छे जानकार हैं। साहित्य के साथ साथ रंगमंच पर भी इनकी अच्छी पकड़ है। ग्रामीण एवं शहरी रंगमंच को इन्होंने बहुत करीब से देखा और जिया है। ऋषि ने नाटकों के साथ कई सिनेमा के स्क्रिप्ट भी लिखे हैं। मुख्य वक्ता के तौर पर विचार रखते हुए ऋषि वशिष्ठ ने कहा कि नाटक को ' पंचम वेद' कहा गया है। रंगमंच ने देश की आज़ादी के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समकालीन परिवेश में नाटक समाज के सबसे निचले तबके से लेकर सरकारी स्तर तक, हर तरह के लोगों तक अपनी बात पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम है। नाटक के मंचन के दौरान अभिनेता अपनी अभिव्यक्ति की कला विकसित करने में सक्षम होते हैं। उन्होंने अभिनय के आंगिक, वाचिक, सात्विक और आहार्य तत्वों को महत्त्वपूर्ण माना। नाटककार का अस्तित्व नाटक की मंचीयता में निहित है। इसीलिए गाँव से लेकर शहर तक नाटकों की प्रस्तुति और मंचन होना बेहद ज़रूरी है।

# समाज कल्याण व बाल संरक्षण अधिनियम का प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड सभागार में बाल संरक्षण अधिनियमों, नियमावली के प्रमुख प्रावधानों, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं परिवार आधारित वैकल्पिक देखभाल की महता से प्रतिभागियों को अवगत कराने के उद्देश्य से जिला बाल संरक्षण इकाई भोजपुर एवं संस्था मिरेकल फाऊंडेशन इंडिया के संयुक्त प्रयास से बाल संरक्षण के विभिन्न हितधारकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस में प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहित भारद्वाज, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी प्रीति कुमारी, चाइल्डलाइन बाल कल्याण समिति, आंगनबाड़ी सेविका, जीविका दीदी व पूर्वी गुंडी पंचायत के मुखिया ने भाग लिया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, संस्था मिरेकल फाऊंडेशन इंडिया के पदाधिकारी दीपक सिंह, बीपीएम श्याम कुमार,चाइल्ड हेल्पलाइन के को-ऑर्डिनेटर लव कुमार तथा पंकज कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मोहित भारद्वाज के द्वारा किया गया। उन्होंने इस मौके पर सभी प्रतिभागियों का स्वागत एवं उत्साहवर्धन करते हुए प्रशिक्षण में प्राप्त सिख आत्मसात करते हुए अपने कार्यो में लागू करने की सलाह दी, साथ ही उन्होंने मिरेकल फाऊंडेशन इंडिया को धन्यवाद दिया। कहा की इस कार्यक्रम के माध्यम से कमजोर परिवार का चिन्हित करना तथा परिवार को मजबूत करना आसान हो पाएगा।

# विधान सभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** शनिवार को अररिया जिला कंाग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शाद अहमद ने अपने निवास पर अररिया जिले के सभी प्रखण्ड अध्यक्षों की एक आवश्यक बैठक की जिसमें आगामी विधानसभा चुनाव में प्रत्येक विधानसभा में प्रत्याशियों के चयन पर विचार विमर्श किया गया। विचार विमर्श के उपरांत सभी प्रखण्ड अध्यक्षों के द्वारा विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों का नाम कंाग्रेस जिला अध्यक्ष को सुपुर्द किया। जिला अध्यक्ष शाद अहमद ने बताया कि इन नामों की सूची को प्रदेश एवं एआईसीसी को चयनित प्रत्याशियों का नाम सुपुर्द करने पटना के लिए रवाना हो रहे है। इस मौके पर फारबिसगंज कॉग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष गुलाबचंद ऋषिदेव, नगर कॉग्रेस कमिटी अध्यक्ष अमितेश कुमार गुड्डू, रानीगंज प्रखंड अध्यक्ष सरोज सिंह, जोकीहाट प्रखण्ड अध्यक्ष अलीमुद्दीन, अररिया प्रखंड अध्यक्ष जफरूल हसन, नरपतगंज प्रखण्ड अध्यक्ष नश्तर आजाद, भरगामा प्रखण्ड अध्यक्ष अरविन्द झा, सिकटी प्रखंड अध्यक्ष उमानंद मंडल, कुर्साकांटा प्रखण्ड कंाग्रेस अध्यक्ष प्रशान्त कुमार यादव, पलासी प्रखण्ड कंाग्रेस अध्यक्ष साबिर आलम, आदि मौजूद थे।

# सुरक्षित शनिवार को बच्चों को दी गई दुर्घटनाओं के बारे में जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत सुरक्षित शनिवार की वार्षिक सारणी के अनुसार सितंबर माह के दूसरे शनिवार को सड़क, रेल दुर्घटनाओं के बारे में प्रखंड अंतर्गत सभी विद्यालयों के चेतना सत्र में छात्र-छात्राओं को दी गई। उत्क्रमित मध्य विद्यालय कलवाड़ा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय चित्तौड़ा बेला, मध्य विद्यालय बुनियादपुर, मध्य विद्यालय जंदाहा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय रामभद्रपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय शंकरपुर सहित अन्य विद्यालयों में शिक्षकों के द्वारा छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई की जब हम सड़क पर चलते रहे होते हैं तो यह आपदा हमारे साथ-साथ चलती है। थोड़ी सी असावधानी हमें दुर्घटना कर सकती है इस बारे में बच्चों को जरूर समझ लेना चाहिए की सड़क सुरक्षा संबंधी कौन-कौन से नियम हैं। इस संदर्भ में कौन-कौन सी सावधानियां बरतें। सुरक्षित शनिवार को बताया गया कि क्या करें एवं क्या न करें। सड़क पर चलती है एवं सड़क पार करते समय, रेल से सफर करते समय एवं रेलवे फाटक पार करते समय नियमों का पालन करना, साइकिल चलाते समय सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन करना, दो पहिया वाहन चलाते समय चालक एवं पीछे बैठे वाले हेलमेटों का प्रयोग करें, किसी भी वाहन को चलाते समय सेल्फी ना लें थोड़ी सी सावधानी एवं घर से नियमों का पालन करें सड़क रेल दुर्घटनाओं को काम किया जा सकता है। मौके पर प्रधानाध्यापक सह पूर्व बीआरपी बालमुकुंद सिंह, मृत्युंजय कुमार राय, प्रदीप कुमार, देवानंद कामत, हीरानंद झा, प्रकाश कुमार,मो अब्दुल्ला, मो मेहरोज आलम सहित अन्य शिक्षा को एवं प्रधानाध्यापक कौन है सुरक्षित शनिवार के बारे में छात्र-छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी।

## भूमि विवाद निपटारे को लेकर जनता दरबार

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल कार्यालय परिसर में शनिवार को भूमि विवाद निपटारे को लेकर जनता दरबार आयोजित की गई। जिसकी जानकारी देते हुए अंचल के राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार ने बताया कि पूर्व का एक और नया एक आवेदन के साथ दो आवेदनों की सुनवाई की गई। जिसमें से एक भी आवेदन को निष्पादित नहीं किया जा सका। शेष बचे हुए दोनों आवेदनों को लेकर अगली जनता दरबार में अपना अपना साक्ष्य के साथ शामिल होने के लिए दोनों पक्षों को नोटिस भेजा जाएगा। मौके पर अंचल गार्ड समेत कई लोग मौजूद थे।

# छात्र-छात्राओं को दुर्घटनाओं के बारे में किया सजग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** प्रति वर्ष बिहार में पांच से सात हज़ार लोगों की जाने सड़क व रेल दुर्घटना में जाती है। जब हम सड़क पर चल रहे होते हैं तो आपदा हमारे साथ साथ चलती है। थोड़ी सी असावधानी और लापरवाही हमें दुर्घटनाग्रस्त कर देती है और हम सब अपनी जान गंवा देते हैं। उक्त बातें शनिवार को फारबिसगंज प्रखंड के मध्य विद्यालय झिरुआ पश्चिम के प्रधानाध्यापक कपिलदेव रजक ने विद्यालय में आयोजित सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम के दौरान बच्चों को सड़क व रेल दुर्घटना से बचाव तथा सावधानी को लेकर जागरूक करते हुए अपने सम्बोधन में कहा।



उन्होंने आगे कहा की सड़क पर चलते समय या सड़क पार करते समय तथा रेल से सफर करते समय तथा रेलवे फाटक पार करते समय एवं साईकिल चलाते समय नियमों का पालन करना, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए इससे दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है। वहीं शिक्षक अमलेश कुमार, तहसीन आलम इत्यादि ने बच्चों को जागरूक और सावधान करते हुए कहा की वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग से बचना चाहिए। सड़क या रेलवे फाटक पार करते समय मोबाइल फोन या ब्लूटूथ इत्यादि का प्रयोग दुर्घटना का कारण बनता है। वहीं कपिलदेव रजक ने कहा की मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत सुरक्षित शनिवार की वार्षिक सारणी के अनुसार सितम्बर माह के दूसरे शनिवार का विषय सड़क व रेल दुर्घटना पर छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया है।

# हिन्दी दिवस को लेकर परिचर्चा और काव्य गोष्ठी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग में 'ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में राजभाषा हिंदी की महत्ता' विषय पर परिचर्चा एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो0 उमेश कुमार ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो कुमार ने कहा कि हिंदी सिर्फ बुद्धिजीवी वर्ग की ही भाषा नहीं है बल्कि यह भारत के आमजनों की भाषा है। भले ही हिंदी संवैधानिक रूप से भारत की राष्ट्रभाषा घोषित हो या नहीं हो लेकिन इसकी लोकप्रियता के कारण सभी इसे भारत की राष्ट्रभाषा ही मानते हैं। हिंदी सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि अन्य कई विदेशी देशों में भी बोली जाती है। मॉरीशस की अत्याधिक आबादी अपने बोलचाल में हिंदी का ही प्रयोग करती है। भारत से जब गिरमिटिया मज़दूर मॉरिशस, फिजी, सूरीनाम आदि देश गए, तब हिंदी के लाखों बीज वहां बिखेर गए जो आज फलऽफूल रहे हैं। राजभाषा हिंदी का इतिहास अत्यंत पुराना है। हिन्दी भारत की राजभाषा एवं राष्ट्रभाषा बनाने की योग्यता रखती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो मंजू राय ने कहा कि हिंदी एक ऐसी भाषा है जिसको याद करने के लिए किसी दिवस की आवश्यकता नहीं है। भला जिन लोगों की दिन की शुरुआत ही हिंदी से होती है उसे किसी विशेष दिवस मनाने की क्या जरूरत है साथ ही उन्होंने ने कहा कि कोई भी भाषा एक-दूसरे की परस्पर विरोधी नहीं होती है, इसीलिए किसी भी भाषा बोलने वाले में आपस में बैर नहीं होना चाहिए और उन्होंने हिन्दी को राजभाषा स्वीकार किया। बीज वक्तव्य देते हुए डॉ आनंद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि दसवीं शताब्दी से लेकर आज तक हिंदी भाषा का विस्तार हो रहा है। भारतीय आर्यभाषा परिवार में हिंदी का विशेष महत्व रहा है। हिंदी के पक्ष में अधिकतर भारतीय लोगों का समर्थन प्राप्त है।

विभाग के वरीय प्राध्यापक प्रो विजय कुमार ने कहा कि वैसे तो भाषा का काम एक दूसरे से संपर्क करने का है लेकिन जहां जितनी विविधता होती है वहां पर विरोध भी उतना ही होता है इसीलिए भाषा कहीं-कहीं तोड़ने का भी काम करती है। डॉ सुरेन्द्र प्रसाद सुमन ने कहा कि हिंदी की दुर्दशा हिंदी बोलने वाले ही करते हैं। हिंदी भाषी को हिंदी बोलने में शर्मिंदगी महसूस होती है। इस मौके पर साहित्यकार हीरालाल सहनी और सूबेदार नंदकिशोर साह ने अपनी कविताओं के माध्यम से सभी का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में लक्ष्मण कुमार, धीरज कुमार, हरेकांत कुमार, सूरज नारायण महतो, खुशबू कुमारी, दुर्गानंद ठाकुर, कंचन कुमारी आदि छात्र छात्राओं ने स्वरचित कविता का पाठ भी किया। राजभाषा हिंदी की विशेषताओं को व्यक्त करते हुए डॉ मंजरी खरे ने मंच का संचालन किया एवं वरीय शोधप्रज्ञ बेबी कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

इस कार्यक्रम में सौ से अधिक प्रतिभागी ऑफलाइन और तीस प्रतिभागी आभासी पटल के माध्यम से जुड़े। काव्यपाठ करनेवाले एवं परिचर्चा में भाग लेनेवाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया।

# हिंदी सिर्फ बुद्धिजीवियों की भाषा ही नहीं यह आम भाषा : प्रो उमेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**दरभंगा।** हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग में 'ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में राजभाषा हिंदी की महत्ता' विषय पर परिचर्चा एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो0 उमेश कुमार ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो कुमार ने कहा कि हिंदी सिर्फ बुद्धिजीवी वर्ग की ही भाषा नहीं है बल्कि यह भारत के आमजनों की भाषा है। भले ही हिंदी संवैधानिक रूप से भारत की राष्ट्रभाषा घोषित हो या नहीं हो लेकिन इसकी लोकप्रियता के कारण सभी इसे भारत की राष्ट्रभाषा ही मानते हैं। हिंदी सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि अन्य कई विदेशी देशों में भी बोली जाती है। मॉरीशस की अत्याधिक आबादी अपने बोलचाल में हिंदी का ही प्रयोग करती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो मंजू राय ने कहा कि हिंदी एक ऐसी भाषा है जिसको याद करने के लिए किसी दिवस की आवश्यकता नहीं है। भला जिन लोगों की दिन की शुरुआत ही हिंदी से होती है उसे किसी विशेष दिवस मनाने की क्या जरूरत है। बीज वक्तव्य देते हुए डॉ आनंद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि दसवीं शताब्दी से लेकर आज तक हिंदी भाषा का विस्तार हो रहा है। भारतीय आर्यभाषा परिवार में हिंदी का विशेष महत्व रहा है। हिंदी के पक्ष में अधिकतर भारतीय लोगों का समर्थन प्राप्त है। विभाग के वरीय प्राध्यापक प्रो विजय कुमार ने कहा कि वैसे तो भाषा का काम एक दूसरे से संपर्क करने का है लेकिन जहां जितनी विविधता होती है ,वहां पर विरोध भी उतना ही होता है, इसीलिए भाषा कहीं-कहीं तोड़ने का भी काम करती है। डॉ सुरेन्द्र प्रसाद सुमन ने कहा कि हिंदी की दुर्दशा हिंदी बोलने वाले ही करते हैं। हिंदी भाषी को हिंदी बोलने में शर्मिंदगी महसूस होती है। इस मौके पर साहित्यकार हीरालाल सहनी और सूबेदार नंदकिशोर साह ने अपनी कविताओं के माध्यम से सभी का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में लक्ष्मण कुमार, धीरज कुमार, हरेकांत कुमार, सूरज नारायण महतो, खुशबू कुमारी, दुर्गानंद ठाकुर, कंचन कुमारी आदि छात्र छात्राओं ने स्वरचित कविता का पाठ भी किया। राजभाषा हिंदी की विशेषताओं को व्यक्त करते हुए डॉ मंजरी खरे ने मंच का संचालन किया एवं वरीय शोधप्रज्ञ बेबी कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस कार्यक्रम में सौ से अधिक प्रतिभागी ऑफलाइन और तीस प्रतिभागी आभासी पटल के माध्यम से जुड़े। काव्यपाठ करनेवाले एवं परिचर्चा में भाग लेनेवाले प्रतिभागियों को प्रमाणऽपत्र भी प्रदान किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### मोटरसाइकिल सहित शराब कारोबारी गिरफ्तार

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** जीतना पुलिस ने शनिवार को गुप्त सूचना के आधार पर थाना अंतर्गत सैनिक रोड हड़का सती माई स्थान के समीप बरहरवा बॉडर के पास से होंडा एसपी



मोटरसाइकिल सहित एक शराब कारोबारी के पास से 45 लीटर नेपाली कस्तूरी शराब को बरामद किया है। जीतना थाना प्रभारी एसआई रजनी कुमारी ने बताई की पकडे गए कारोबारी की पहचान जीतना थाना क्षेत्र के झाझरा गांव निवासी अशर्फी पड़ित के पुत्र सुरेंद्र पड़ित के रूप में हुई है। जिसे आवश्यक कागजी प्रक्रिया एवं पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई हेतु न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### नेपाल से सुरक्षित स्वदेश लौटे 250 भारतीय छात्र

**आदापुर (पूर्वी चंपारण)नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नेपाल के भरतपुर मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई कर रहे लगभग 250 भारतीय मेडिकल छात्रों को हालात बिगड़ने की आशंका के चलते कॉलेज प्रशासन द्वारा एहतियातन भारत वापस भेज दिया गया है। छात्रों को नेपाल पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ियों की सुरक्षा में भरतपुर से रक्सौल बॉर्डर तक लाया गया, जहां उन्हें भारतीय प्रशासन को सौंप दिया गया। रक्सौल पहुँचने के बाद सभी स्टूडेंट्स अपने अपने घरों



की रवाना हो गए। रक्सौल पहुँचने पर छात्रों ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि हालात सामान्य न होने के कारण उनके कॉलेज को बंद कर दिया गया है इसी वजह से वे लोग वापस आये हैं। कॉलेज प्रशासन ने उन सभी को भरोसा दिया है कि जैसे हिस्थिति सामान्य होगी, सभी छात्रों को फिर से वे लोग वापस बुला लेंगे।

### बैंक आयी महिला से चौदह हजार की झपटमारी

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के सेंट्रल बैंक में पैसा निकासी करने आयी एक महिला से बदमाशो ने चौदह हजार रुपया की झपटमारी कर फरार हो गया है। पीड़ित महिला ने पुलिस को 112 पर सूचना दी है। सूचना पर पहुँची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की है। पीड़ीता



अथमोहन गाँव निवासी रंभा देवी ने बताया कि स्थानीय सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के शाखा से दोपहर में 15000 की निकासी करने आयी थी। वह एक युवक से विड्राल फॉर्म को भरवाई रुपए निकालने के बाद एक हजार रुपया अपने नाती को दे दिया। शेष पैसा अपने पास रखी थी। इसी क्रम में बैंक के नीचे बदमाशो ने चीटिंगबाजी कर चौदह हजार रुपया को स्टेशन रोड़ से झपटमारी कर फरार हो गया। बरहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। ईधर स्थानीय लोगो की माने तो स्टेशन रोड़ में प्रतिदिन असमाजिक तत्व के युवको का जमावड़ा लगा रहा है। जो आसपास के कई होटलों में शरण लिया रहता है।

### पीडीएस दुकान पर आवंटन बढ़ाने की ग्रामीणों ने की मांग

**नरकटियागंज/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड अंतर्गत केसरिया पंचायत के केसरिया गांव के ग्रामीणों ने शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी से मिलकर अपने नजदीकी पीडीएस दुकान में आवंटन बढ़ाने की मांग किया है। ग्रामीण ने प्रेमचंद्र कुमार, कृष्णा साह, गणेश प्रसाद, होसिल साह, भूषण पासवान, लक्ष्मी मांझी,समेत सैकड़ो लाभुको के हस्ताक्षरित आवेदन भी एसडीएम को सौपा है। आवेदन में बताया है कि पंचायत में दो पीडीएस दुकान है। लेकिन हमारे नजदीकी पीडीएस दुकान पर आवंटन का अभाव है। जिसके चलते अनाज उठाव के लिए करीब तीन किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। जिससे काफी परेशानी होती है। ग्रामीणों ने एसडीएम ने नजदीकी दुकान में आवंटन बढ़ाने की मांग किया है। इधर एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि मामले की जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### जमीनी विवाद में केस दर्ज

**मैनाटांड/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानिय थाना के बेलबनिया गांव में जमीन विवाद को लेकर केस दर्ज की गई है। विधा देवी ने आवेदन देकर साहेब साह,झून्ना साह समेत पांच पर केस दर्ज कराया है।

### पति ने पत्नी को घर से निकाला,केस दर्ज

**मैनाटांड/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** मैनाटांड थाना के संतपूर पीपरा गांव में पति के द्वारा पत्नी के साथ मारपीट कर घर से निकलने के मामले में महिला ने पति के खिलाफ केस दर्ज कराया है। मीना देवी ने पुलिस को आवेदन देकर बताया है कि पति राजकुमार पासवान ने पहले मनोरमा देवी से शादी की। मनोरमा देवी के दो बेटा और दो बेटी है। फिर उसने हमसे शादी रचाया। हमारी भी दो बेटियां है। पिडीत महिला ने पुलिस को आवेदन देकर पति राजकुमार पासवान व इसकी पहली पत्नी मनोरमा देवी पर मारपीट कर घर से निकालने आरोप लगाते हुए तीन लोगों पर केस दर्ज कराया है। पुलिस छानबीन शुरू कर दी है।

### लड़की के अपहरण में छह पर केस

**मैनाटांड/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** मैनाटांड थाना क्षेत्र से बहला फुसलाकर लड़की की अपहरण करने के मामले में लड़की के पिता ने थाने में केस दर्ज कराया है। लड़की की पिता ने पुलिस को आवेदन देकर वेदी राम पर आरोप लगाते हुए सिकंदर राम बिहारी राम समेत 6 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### अपहरण मामले में तीन पर मुकदमा

**मैनाटांड/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** भंगहा थाना क्षेत्र से लड़की को बहला फुसलाकर लडकी को अपहरण के मामले में लड़की की पिता ने थाने में केस दर्ज कराया है। लडकी की पिता ने अजीत कुमार पर आरोप लगाते हुए इसके माता और पिता के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### समस्याओं को लेकर बीडीओ से मिला मुखिया संघ

**नरकटियागंज/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष अजित कुमार दुबे उर्फ बाला दुबे के नेतृत्व में दर्जनों पंचायत के मुखिया व उनके प्रतिनिधियो ने बीडीओ से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा है। बीडीओ को दिए ज्ञापन में पंचायतों में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं के कार्यान्वयन में आ रही बाधाओं को दूर करने पर विस्तार से चर्चा हुई। संघ का कहना है कि विकास कार्यो ने आ रहीं बाधाओं को समय पर दूर करना आवश्यक है ताकि जनता को योजनाओं का लाभ सुचारू रूप से मिल सके। अध्यक्ष बाला दुबे ने कहा कि सभी मुखिया एकजुट होकर सभी समस्याओं का समाधान प्रशासनिक सहयोग से करेंगे। वहीं बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने मुखिया संघ को सकारात्मक आश्वासन दिया और कहा कि सभी समस्याओं का समाधान समन्वय बनाकर किया जाएगा। इसको लेकर आगामी दिनों में एक बैठक भी की जाएगी। बीडीओ ने अपील किया कि वे अपने क्षेत्रों में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए विकास कार्यों में तेजी लाएं और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सीधे संपर्क करें। प्रखंड प्रशासन हर पल सहयोग करने के लिए तत्पर है। इस मौके मुखिया बाबू साहेब तिवारी, धीरेन्द्र सिंह, संतोष कुमार साह, अली मोहम्मद, नवीन प्रसाद, प्रभात बैठा, मुखिया प्रतिनिधि रौशन ब्याहुत, राम रतन राम, गुलरेज अख्तर, तारिक अनवर, मो. आलमगीर, बादल अली, अवनीश मिश्र आदि शामिल थे।

# समाज के हर तबके में एनडीए के प्रति बढ़ा है विश्वास : मंगल पांडे

## मोतिहारी विधानसभा क्षेत्र का एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

राजीव कुमार/नबिटा ब्यूरो

**मोतिहारी(पूर्वी चंपारण)।** शहर के राजा बाजार स्थित महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में शुक्रवार को मोतिहारी विधानसभा का एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष मंजू देवी एवं संचालन भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज ने किया। उक्त सम्मेलन में मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार ने उपस्थित लोगों का अभिनंदन करते हुए पूर्व के राजद के कार्यकाल के माहौल का वर्णन किया। उन्होंने अपने जनसरोकार से संबद्धता की चर्चा की।



उन्होंने कहा कि मैं एक साधारण परिवार से आता हूँ और साधारण लोगों के कष्ट और समस्या से परिचित हूँ। इसलिए जब मैं विधायक बना तो आम आदमी का विधायक बन कर अभी तक का कार्यकाल बिताया। स्वास्थ्य मंत्री बिहार सरकार मंगल पांडेय ने अपने आज हर तरफ विकास हो रहा है। समाज के हर तबका में एनडीए के प्रति विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि प्रमोद कुमार जैसा सहज और सरल प्रतिनिधि आपको नहीं मिलेगा। सहजता के साथ विकास कार्यो को लेकर उनकी दृढ़ता अनुकरणीय है।

श्री पाण्डेय ने केंद्र और बिहार सरकार के विकास कार्यों की चर्चा करते हुए महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा उठाये गए कदम तो बताया। वोट जिनके समय के लूट लिया जाता था वो लोग वोट चोरी की बात कह रहे हैं जो हास्यास्पद है। सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार के क्रिया कलाप को रेखांकित करते हुए कहा कि शहर से लेकर गाँव तक इनके द्वारा बिजली फीडर के माध्यम से बिजली की उपलब्धता सुलभ बनी है और आज बिहार की सरकार ने 125 यूनिट बिजली मुफ्त दे रही है उन्होंने कहा कि आज मैं स्वयं कुछ विकास का जो काम कर पा रहा हूँ उसमें प्रमोद जी का बड़ा योगदान है। कल को अगर कोई लुटेरा और डकैत आपका प्रतिनिधि बन गया तो फिर मोतिहारी के विकास का रास्ता अवरुद्ध हो जायेगा। आपके सहयोग और समर्थन से हम अपने जीते जी किसी अपराधी के ध्वज को उठाने नहीं देंगे। विधान पार्षद रविन्द्र प्रसाद सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम लोग चुनाव के लिए तैयार रहते हैं। इसका कारण यह कि एनडीए की सरकार ने जनकल्याणकारी कार्यों को इस तरह से धरातल पर उतारा है कि हम आश्वस्त हैं कि आम जनता और माताओं का आपार समर्थन हमें मिलेगा। हमें सिर्फ भ्रम पैदा करने वालों से सतर्क रहना है। सम्मेलन में विधान पार्षद वीरेंद्र नारायण यादव, बिहार मछुआरा आयोग के अध्यक्ष ललन सहनी, लोजपा के राष्ट्रीय सचिव विजय कुमार यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष सरोज रंजन पटेल, रालोमो के संतोष कुमार गुप्ता, पूर्व विधान पार्षद सतीश कुमार, एनडीए के संयोजक प्रकाश अस्थाना, उप महापौर डॉ० लालबाबू प्रसाद सहित एनडीए के अन्य नेतागण और घटक दलों के जिलाध्यक्षों से साथ भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद ने दी।

# नाले से युवक का शव बरामद, परिजनों में शोक की लहर

## शव को पोस्टमार्टम को भेज कर पुलिस जांच में जुटी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**एकमा (सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र में छपरा-सिवान नेशनल हाईवे 531 किनारे स्थित अलख नारायण सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय एकमा के पास शनिवार को नाले में एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शनिवार को पूर्वाह्न लगभग 11.00 बजे स्थानीय लोगों ने शव को देखा और तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। जानकारी पाकर मौके पर पहुंची एकमा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान एकमा थाना क्षेत्र के नवतन गांव निवासी स्वर्गीय जगन्नाथ प्रसाद के पुत्र विनोद प्रसाद (32) के रूप में हुई है। बताया गया है कि विनोद का पूरा परिवार दिल्ली में रहता है। जबकि युवक की शाद हो चुकी थी। बताया जाता है कि वह अक्सर अपने ससुराल में ही रहता था। ग्रामीणों ने बताया कि विनोद शांत स्वभाव का इंसान था। उनकी अचानक हुई मौत से परिवार व आसपास के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई है। बताया गया है कि मामले में अभी तक परिजनों की ओर से कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। फिलहाल, यह स्पष्ट नहीं है कि युवक की मौत हत्या है या आत्महत्या। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि परिजनों को सूचना दे दी गई है। युवक का शव मिलने को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं की जा रही हैं।

# नेपाल की पहली महिला पीएम बनीं सुशीला कार्की

## संसद भंग करने के साथ ही किया गया चुनाव की तारीखों का ऐलान

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नेपाल में पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की ने शुक्रवार को देश की अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।उन्होंने यह पद केपी शर्मा ओली के इस्तीफे के तीन दिन बाद संभाला। गौरतलब है कि के.पी.शर्मा ओली ने देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों के बाद प्रधानमंत्री पद छोड़ दिया था। पद संभालते ही प्रधानमंत्री सुशीला कार्की के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती अपने देश नेपाल को मौजूदा राजनीतिक संकट से बाहर निकालने की है। पिछले कुछ दिनों से देश में राजनीतिक संकट गहराया हुआ था, जब मुख्य रूप से युवाओं के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों ने अभूतपूर्व हिंसा का रूप ले लिया।सोमवार 8 सितंबर को शुरू हुए इन प्रदर्शनों में कम से कम 51 लोगों की मौत हुई है। यह विरोध प्रदर्शन कुछ इस तरह से उग्र हुआ कि ओली



सरकार को अपने पद से इस्तीफा देकर पीछे हटना पडा और सरकार गिर गई। बाद में इस आंदोलन का नेतृत्व करने वाले ञ्रील्ल` प्रतिनिधियों ने काफी मशक्कत और राष्ट्रपति के साथ आपसी सलाह मशवरे के बाद पूर्व न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री के लिए सबसे योग्य उम्मीदवार के रूप में आगे बढ़ाया था। सुशीला कार्की को उनकी स्वच्छ छवि, पारदर्शी सोच और न्यायिक क्षेत्र के लंबे अनुभव के लिए जाना जाता है। उन्होंने न्यायपालिका में रहते हुए भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग के खिलाफ सख्त रुख अपनाया। यही वजह है कि युवाओं और विभिन्न राजनीतिक समूहों के बीच उनकी स्वीकार्यता तेजी से बढ़ी है। इसके पहले नेपाल के मौजूदा संकट में निर्णायक भूमिका निभाने वाली जेन-जी कमेटी ने साफ कर दिया है कि वे अंतरिम सरकार में शामिल नहीं होंगे। हालांकि वे कार्की के शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद थे। जेन- जी ने कहा है कि वे अलग रह कर ही सरकार की कार्यप्रणाली पर अपनी निगरानी रखेंगे।

**चुनाव की तारीखों का किया ऐलान**

नई सरकार ने सत्ता संभालने के तुरंत बाद ही देश में चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। अब नेपाल में संसदीय चुनाव 21 मार्च 2026 को होंगे। इस चुनाव बाद नेपाल को पूर्णरूपेण नई सरकार मिल जायेगी।

**ओली गुट कर रहा है विरोध –**

पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की पार्टी ने संसद भंग करने के फैसले का विरोध तेज कर दिया है। पार्टी के महासचिव शंकर पोखरेल ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया और जनता से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से सड़कों पर उतरकर इस फैसले के खिलाफ आवाज उठाने का भीआह्वान किया है।

# मरीज की मौत पर परिजनों का हंगामा

**बेतिया/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** जीएमसीएच में शनिवार की सुबह एक मरीज की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा किया। परिजनों का आरोप था कि समय पर स्ट्रेचर नहीं मिलने से मरीज को इलाज में देरी हुई है, जिससे उसकी जान चली गई। घटना की सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक और सुरक्षा गार्ड मौके पर पहुंचे और आक्रोशित परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया। मृतक की पहचान चनपटिया थाना क्षेत्र के घोघा गांव निवासी 75 वर्षीय वृक्षा साह के रूप में हुई है। परिजनों का कहना था कि वृक्षा साह को गंभीर हालत में परिजन जीएमसीएच लेकर आए थे। लेकिन, अस्पताल पहुंचने के बाद स्ट्रेचर उपलब्ध नहीं कराया गया। काफी देर तक वे इधर-उधर भटकते रहे। इस दौरान मरीज की हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना था कि यदि समय पर स्ट्रेचर मिलता तो मरीज की शायद जान बच सकती थी। स्थिति बिगड़ने की आशंका देखते हुए ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों और सुरक्षा गार्डों ने हस्तक्षेप किया। समझाने-बुझाने के बाद मामला शांत हुआ और परिजन शव को अपने साथ गांव ले गए। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. दिवाकांत मिश्रा ने बताया कि मरीज को टेम्पो में लाया गया था। परिजनों ने टेम्पो के पास डॉक्टर को बुलाकर उनकी जांच कराई थी। जांच से उनकी पहले ही मृत्यु हो चुकी थी। इमरजेंसी गेट पर हमेशा स्ट्रेचर उपलब्ध रहता है।

# तीन जविप्र दुकानदारों पर प्राथमिकी दर्ज

**मझौलिया/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र में जन वितरण प्रणाली की लापरवाही और गड़बड़ी का बड़ा मामला सामने आया है। खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी जयप्रकाश मौर्य ने तीन जन वितरण दुकानदारों के खिलाफ खाद्यान गमन का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोपितों में बहुअरवा के दुकानदार लक्ष्मी राम, चनायन बांध के दिलीप पासवान और मंजू देवी शामिल हैं।खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि लगातार शिकायत मिल रही थी कि उपभोक्ताओं को समय पर राशन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा। शिकायतों की पुष्टि के लिए जब दुकानदारों के गोदाम का निरीक्षण किया गया, तो दुकानदारों की दुकानें बंद मिलीं और वे मौके से गायब थे। उपभोक्ताओं ने भी आरोप लगाया कि दुकानदार उन्हें यह कहकर टाल देते थे कि खाद्यान उपलब्ध नहीं है।जांच के दौरान चौंकाने वाला तथ्य यह सामने आया कि दुकानदारों की पीओएस मशीनों में पर्याप्त खाद्यान उपलब्ध दिख रहा था, लेकिन गोदाम में अनाज नहीं मिला। इससे साफ जाहिर होता है कि सरकारी खाद्यान का गमन कर अवैध तरीके से उसकी बिक्री की गई है।खाद्य आपूर्ति विभाग ने इस मामले को गंभीर मानते हुए तुरंत प्राथमिकी दर्ज कराई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि उपभोक्ताओं का हक मारने और राशन घोटाले में शामिल दुकानदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।ग्रामीणों ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत किया और मांग की कि दोषियों का लाइसेंस रद्द कर पात्र उपभोक्ताओं को समय पर उनका हक का राशन उपलब्ध कराया जाए।

# बीपीएससी 71वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

## कुल 492 में 182 अभ्यर्थी परीक्षा से रहें अनुपस्थित

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पीएम श्री महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी परीक्षा केंद्र पर शनिवार को बिहार लोक सेवा आयोग की एकीकृत 71वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता की गई। कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न कराने को लेकर परीक्षा केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट के रूप में सीओ ढाका अर्चिता भारती एवं अशोक कुमार चौधरी प्रतिनियुक्त थे। वहीं विधि व्यवस्था संधारण के लिए सब इंस्पेक्टर मो. शहबाज आलम तैनात



परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो गई। केंद्राधीक्षक सह प्रधानाध्यापक प्यारे सतीश कुमार सिंह ने बताया कि उक्त परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों की संख्या 492 थी। जिसमें 310 अभ्यर्थी ही उपस्थित हुए। जबकि 182 अभ्यर्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहें। परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पूर्व मुख्य गेट पर ही अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र की जांच केंद्राधीक्षक एवं मजिस्ट्रेट के द्वारा बारी - बारी से की गई। इसके उपरांत पुलिसकर्मियों द्वारा मेटल डिटेक्टर से जांच की गई। अभ्यर्थियों की फ्रिक्सिंग तीन चरणों में थे। चिरैया थानाध्यक्ष महेश कुमार शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने को लेकर गश्ती दल के साथ केंद्र के बाहर अलर्ट मोड में थे। परीक्षा देकर बाहर निकले एक अभ्यर्थी पटना निवासी अंकित कुमार सिंह ने बताया कि प्रश्न काफी कठिन थे। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बार का कट ऑफ पिछली बार से कम होगा। मौके पर कार्यालय सहायक के रूप में प्रतिनियुक्त शिक्षक राघवेंद्र कुमार, दयाशंकर पंडित, रवि कुमार रवि, आदित्य राज, हरि प्रकाश, चंद्रिका कुमार, लिपिक विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# स्कूली बच्चों ने पंचायत सचिव के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

**नरकटियागंज/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के प्रा. वि. मोहम्मदपुर उर्दू की प्रभारी प्रधानाध्यापिका नीपु कुमारी का विवाद थमने का नाम नही ले रहा है। अब इस मामले ने एक नया मोड़ ले लिया है। शनिवार को प्रभारी एचएम के निलंबन में देरी को लेकर स्थानीय ग्रामीण रेयाज अंसारी, सलमान अंसारी, अयूब अंसारी, नसीम, अंसारी, शकील अहमद, लालबाबू समेत दर्जनाधिक स्कूली बच्चों ने प्रखंड कार्यालय पहुचकर पंचायत सचिव के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया है। इस दौरान बच्चों एवं अभिभावकों ने बीडीओ से मिलकर प्रभारी एचएम निपु कुमारी के निलंबन में देरी को लेकर पंचायत सचिव पर कई गंभीर आरोप भी लगाया है। इसके साथ ही बच्चों ने एचएम पर भी मध्यान भोजन में अंडा देकर फोटो खिंचवाने के बाद अंडा वापस लेने समेत कई गंभीर आरोप लगाया है।अभिभावकों ने बताया कि विभागयीं निर्देश के बाद भी पंचायत सचिव द्वारा निलंबन की करवाई को टाल मटोल किया जा रहा है। हालांकि बीडीओ ने सभी को समझाबुझा कर शांत करवाया और करवाई का भरोषा दिलाया। जिसके बाद बच्चे शांत हुए। बीडीओ सुरज कुमार सिंह ने बताया कि प्रा. वि. मोहमदपुर की प्रभारी एचएम के विरुद्ध डीपीओ स्थापना से विते 6 सितंबर को निलंबन का आदेश जारी किया गया है। वावजूद पंचायत सचिव द्वारा निलंबन की प्रक्रिया में लापरवाही करना गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि पंचायत सचिव की लापरवाही के कारण पिछले एक सप्ताह से क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका व्यक्त की गई है। साथ ही बच्चों की पठन पठान प्रभावित है।

# जर्जर लोहे का पुल बना जानलेवा

**मझौलिया/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र के माधोपुर गांव स्थित लोहे का पुल आज ग्रामीणों के लिए परेशानी और खतरे का सबब बन गया है। पश्चिम चम्पारण को पूर्वी चम्पारण से जोड़ने वाला यह पुल अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है, लेकिन इसकी जर्जर हालत ने लोगों की जिंदगी दांव पर लगा दी है। पुल की लोहे की चादरें जगह-जगह से टूट चुकी हैं, जिनसे नीचे बह रही गहरी नाली साफ दिखाई देती है। प्रतिदिन इस पुल से गुजरना ग्रामीणों के लिए मौत को दावत देने जैसा हो गया है।

# परास्नातक वर्ग में मिस्टर फ्रेशर बने रवि शंकर मिश्र और मिस फ्रेशर मुस्कान सिंह

## स्नातक वर्ग में मिस फ्रेशर का खिताब अपराजिता को और मिस्टर फ्रेशर राजन कुमार यादव को मिला

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के मीडिया अध्ययन विभाग में स्नातक व परास्नातक के तृतीय और पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा नवोन्मेष-2025 (फ्रेशर पार्टी) का भव्य आयोजन बुद्ध परिसर स्थित बृहस्पति सभागार में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण गीत के साथ माँ सरस्वती व बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. संतोष त्रिपाठी, भौतिकी विभाग, एमजीसीयू को मीडिया अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अंजनी कुमार झा ने बैच, सॉल व मोमेंटो प्रदान करके उनका स्वागत किया। साथ ही निर्णायक मंडल के रूप में उपस्थित डॉ. रश्मि श्रीवास्तव, डॉ. अवनीश कुमार व डॉ. बबलू पाल और विभागाध्यक्ष डॉ. अंजनी कुमार झा, डॉ. परमात्मा कुमार मिश्र, डॉ. साकेत रमन, डॉ. सुनील दीपक घोड़के, डॉ. उमा यादव, अतिथि प्राध्यापक डॉ. आयुष आनंद व मयंक भारद्वाज को स्वागत बैच लगाकर सम्मानित किया गया।




फ्रेशर्स पार्टी का संचालन श्रेया - आर्मन (एमजेएमसी तृतीय सेमेस्टर), आर्या - नितीश (बीएजेएमसी पाँचवाँ सेमेस्टर) और आरुषिझप्रशांत (बीएजेएमसी तृतीय सेमेस्टर) ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत बीएजेएमसी पाँचवें सेमेस्टर की मुस्कान द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से हुई, जिसने पूरे वातावरण को भक्ति और उल्लास से भर दिया। इसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का दौर शुरू हुआ। बीएजेएमसी तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं स्वेता प्रिया, इशु प्रशर और सिमरन ने एकल नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बीएजेएमसी प्रथम सेमेस्टर के अपराजिता और अंकित ने ऊर्जावान नृत्य से तालियाँ बटोरीं। बीएजेएमसी पाँचवें सेमेस्टर की मुस्कान और मुस्कान कुमारी ने अपनी प्रस्तुति से कार्यक्रम में नई ऊर्जा का संचार किया, जबकि एमजेएमसी प्रथम सेमेस्टर की अमीषा वर्मा और मुस्कान सिंह ने अपनी कलात्मक अदाओं से दर्शकों का मन मोह लिया। समूह नृत्य में बीएजेएमसी प्रथम सेमेस्टर के अंकित, अपूर्वा और अभिमन्यु ने धमाकेदार प्रस्तुति दी। वहीं, बीएजेएमसी तृतीय सेमेस्टर की अर्पिता और श्रेया ने भी अपनी प्रतिभा से मंच को जीवंत किया। एमजेएमसी प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं प्राची, मुस्कान सिंह, जुली और रजनींदनी ने भी समूह नृत्य कर समा बांध दिया। बीएजेएमसी तृतीय सेमेस्टर के छात्रों ने 'धमाल ग्रुप' के नाम से लेजी डांस प्रस्तुत कर दर्शकों को ठहाकों से लोटपोट कर दिया। इसके बाद बीएजेएमसी पाँचवें सेमेस्टर ने सरप्राइज ग्रुप डांस प्रस्तुत कर सबको चौंका दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में काव्य और वक्तृत्व का भी रंग देखने को मिला। शुभम कुमार तिवारी ने अपनी शायरी से श्रोताओं के दिल जीत लिए, प्राची ने कविता प्रस्तुत की और कृष्णा पांडे तथा मुन्ना कुमार ने भाषण देकर सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम के अंत में 'मिस्टर एवं मिस फ्रेशर' की घोषणा की गई। इस खिताब में बीएजेएमसी की अपराजिता और एमजेएमसी की मुस्कान सिंह को 'मिस फ्रेशर' चुना गया, जबकि बीएजेएमसी के राजन कुमार यादव और एमजेएमसी के रवि शंकर कुमार मिश्रा 'मिस्टर फ्रेशर' घोषित किए गए। अंत में धन्यवाद प्रस्ताव के साथ यह सांस्कृतिक आयोजन सम्पन्न हुआ। विभागीय शिक्षक एवं निर्णायक मंडल का सम्मान सॉल व मोमेंटो प्रदान करके किया गया। साथ ही सभी नवप्रवेश विद्यार्थियों का सम्मान भी मोमेंटो प्रदान कर किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी व शोधार्थी मौजूद रहे। फ्रेशर पार्टी का समापन राष्ट्रगान से हुआ, जिसके पश्चात सभी लोग रात्रि भोजन कर घर लौट गए।

# दुर्गा पूजा से पूर्व जहानाबाद शहर के सभी प्रमुख चौराहे और स्थल हाई मास्क लाइट की रौशनी से होंगे जगमग

## 7 करोड़ की लागत से सभी वार्डों में स्ट्रीट लाइट लगाने की योजना पर काम जारी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद शहर में प्रवेश करते ही आपको दर्जनों हाई मास्क लाइट विभिन्न चौक चौराहे और प्रमुख स्थानों पर भले दिख जाए लेकिन इनका रोशनी देने से कोई वास्ता नहीं है अक्सर रात्रि में शहर से गुजरने वाले लोग शहर में रोशनी की कमी होने की बात बताते हैं। देखा जाए तो मुख्य सड़क पर लगी एलइडी लाइट सड़क पर पर्याप्त रौशनी के दृष्टिकोण से काफी नहीं हैं। यही कारण है कि रात्रि में जहानाबाद शहर की सड़कों पर धुंधली रौशनी ही नजर आती है। हालांकि बजाबता शहर के सभी प्रमुख चौक-चौराहे और रास्ते पर हाई मास्क लाइट लगाया गया था लेकिन समय के साथ साथ इनमें अधिकतर लाइटें खराब हो चुकी है। जिलाधिकारी अलंकृता पांडे के निर्देश पर नगर परिषद के कार्यपालक अधिकारी दीनानाथ प्रसाद सिंह ने लाइट लगाने वाले एजेंसी को पत्र और दूरभाष के माध्यम से खराब हाई मास्क लाइट को ठीक करने का निर्देश दिया है। इस आशय की जानकारी देते हुए कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि एक सप्ताह के भीतर सभी हाई मास्क लाइट को ठीक करा लिया जाएगा। इसके पहले नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी दीनानाथ प्रसाद सिंह ने स्वयं शहर में लगे सभी हाई मास्क लाइट का अवलोकन करते हुए लगे लाइटों का जायजा भी लिया। इस दौरान सिर्फ मलहचक स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की सभी हाई मास्क लाइट ठीक पाई गई। इसके अलावा गांधी मैदान, बत्तीस भंवरिया, अस्पताल मोड,अरवल मोड,बाजार समिति, बस स्टैंड, ठाकुरवाड़ी पर, काको मोड़ पर लगे हाई मास्क लाइट पूरी तरह से बंद पड़े हैं। वहीं कारगिल चौक में लगे 18 लाइट में से 10 लाइट खराब है। इसके अलावा उंटा मोड और मलहचक मोड पर लगी हाई मास्क लाइट आधा से अधिक खराब है। अब जबकि जिला प्रशासन के पहल पर खराब हाई मास्क लाइट को ठीक करने की कवायद शुरू हो गई है। शहरवासियों को सुंदर और रौशन शहर के सपने भी पूरे होने की उम्मीद भी हो चली है। इस संबंध में यह भी बताया जाता है कि 7 करोड़ की लागत से नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों में स्ट्रीट लाइट लगाने की योजना पर भी काम चल रही है जो जल्द ही साकार हो सकता है।

# हिन्दी दिवस की पूर्व संध्या पर एस एस कॉलेज में भव्य संगोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** स्थानीय एस.एस. कॉलेज के राजकुमारी सभागार में हिन्दी दिवस की पूर्व संध्या पर हिन्दी विभाग तथा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आइ क्यूएसी) के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अकादमिक विमर्श का केन्द्रीय विषय था – 'हिन्दी में तकनीक का समावेश : संभावनाएं एवं चुनौतियां।' इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट वक्ता के रूप में पधारे मगध विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो॰ (डॉ॰) बी.के. मंगलम ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि हिन्दी, तकनीक के सहारे भविष्य की भाषा-संस्कृति को एक नई दिशा देने में सक्षम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि तकनीक का समावेश हिन्दी को वैश्विक स्तर पर विस्तार प्रदान करने के अपार अवसर उपलब्ध कराता है, यद्यपि इसके साथ आने वाली चुनौतियों का विवेकपूर्ण समाधान आवश्यक है। प्रो॰ मंगलम ने यह भी उल्लेख किया कि तकनीकी उन्नति के कारण ही आज हिन्दी साहित्य, समाचार-पत्र, पत्रिकाएं और पुस्तकें ई-पुस्तक, ब्लॉग तथा ऑनलाइन मंचों पर सहजता से सुलभ हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो॰ (डॉ॰) दीपक कुमार ने हिन्दी को 'विविध भाषाओं का समाहार' बताया और कहा कि इसकी समावेशी प्रकृति ने इसे अन्य भाषाओं के शब्दों को भी आत्मसात करने योग्य बनाया है। उन्होंने हिन्दी को विज्ञान एवं उच्च शिक्षा के लिए अनुकूल भाषा बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही उन्होंने रेखांकित किया कि प्राचीन पांडुलिपियां, लोकगीत एवं लोककथाएं जैसी सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण आज तकनीक की ही देन है। इस अवसर पर हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ॰ नम्रता कुमारी ने अपने वक्तव्य में हिन्दी के समक्ष विद्यमान चुनौतियों की ओर विद्यार्थियों एवं शिक्षाविदों का ध्यान आकृष्ट किया—जैसे कि तकनीकी शब्दावली की जटिलता, डिजिटल विभाजन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अंग्रेजी का वर्चस्व तथा इस क्षेत्र में उच्च स्तरीय सॉफ्टवेयर का अभाव। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों के पारंपरिक स्वागत से हुआ, जिसमें प्राचार्य द्वारा अतिथियों को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ- साथ काफी संख्या में महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक सदस्यों की उपस्थिति रही।

# अपनी संतानों की सुख-समृद्धि एवं लंबी आयु की मनोकामना के साथ माताएं आज रखेंगी जितिया व्रत

## मातृत्व का पर्व है जितिया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** माताएं अपने जीवित पुत्रों के सुख- समृद्धि , ऐश्वर्य और मंगल जीवन की कामना मन में लिए उनके दीर्घायु होने की मनोकामना पूर्ति के लिए आज जितिया का निर्जला व्रत रखी हैं। जितिया व्रत भारतीय सनातन संस्कृति में एक महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है। जितिया व्रत जो माताओं के अपने संतान के प्रति असीम प्रेम और त्याग को दर्शाता है।जितिया व्रत, जिसे 'जीवित्पुत्रिका व्रत' के नाम से भी जाना जाता है। यह व्रत माताओं के लिए विशेष महत्व रखता है। माताएं अपनी संतान की लंबी उम्र, सुख, और समृद्धि के लिए इसे करती हैं। यह व्रत बड़े श्रद्धा और आस्था के साथ माताएं मनाती हैं। पुत्रों के संख्या के हिसाब से गले में जितिया जिसे चांदी या सोने के धातु में मढाकर माताएं धारण करती हैं।

पंचांग के अनुसार आश्विन माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को यह व्रत रखा जाता है। इस वर्ष जितिया व्रत 14 सितंबर शनिवार को पड़ रहा है। जितिया व्रत बहुत कठिन होता है। इस दिन माताएं निर्जला उपवास रखकर व्रत करती हैं। यानी कि व्रती माताएं इस दिन 24 घंटे अन्न जल कुछ भी नहीं ग्रहण करेंगी।अगले दिन 15 सितम्बर को प्रातः काल पारण समय में व्रती माताएं प्रसाद ग्रहण कर व्रत खोलेंगी।

**जितिया व्रत का महत्व**

जितिया व्रत माताओं द्वारा अपने बच्चों की दीर्घायु और कल्याण की कामना के लिए कि जाती है।व्रत रखने वाली माताएं बिना अन्न- जल ग्रहण किए इस व्रत को करती हैं, जो उनकी संतान के प्रति असीम वेदना और ममता का प्रतीक है। माना जाता है कि यह मां के अपने संतान के प्रति स्नेह और ममत्व का प्रतीक पर्व है। जितिया व्रत की कथा महाभारत काल से जुड़ी मानी जाती है। कहा जाता है कि जीमूतवाहन नामक एक राजा थे, जो अपनी निःस्वार्थ सेवा और त्याग के लिए प्रसिद्ध थे। उन्होंने नागवंश के लोगों की रक्षा के लिए अपनी जान की परवाह किए बिना अपने आप को बलिदान करने के लिए तैयार हो गए। उनके इस निस्वार्थ भाव से प्रसन्न होकर देवताओं ने उन्हें वरदान दिया। माना जाता है कि तभी से जितिया व्रत रखने की परंपरा की शुरुआत हुई। इस व्रत में माताएं जीमूतवाहन की पूजन करती हैं और उनसे अपने संतान की रक्षा तथा उनके सुख - समृद्धि की कामना करती हैं। देखा जाए तो जितिया व्रत का धार्मिक महत्व के साथ-साथ इसके सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व भी हैं।

जितिया व्रत वैसे तो मूल रूप से 14 सितंबर को उपवास के साथ मनाया जाएगा लेकिन यह व्रत तीन दिनों तक चलता है। जिसमें पहले दिन 13 सितंबर को मातायें नहाए- खाए के साथ इस व्रत का रखना सुनिश्चित की थी। इस दिन माताएं नहाए खाए के साथ पवित्र भोजन ग्रहण करती हैं जिसमें लहसुन- प्याज या अन्य खाद्य पदार्थ जिसे व्रत रखने में अशुद्ध माना जाता है ऐसे चीजों का सेवन नहीं करती हैं। व्रत के दिन यानि दुसरे दिन माता निराहार निर्जल व्रत रखकर पूरे श्रद्धा और विश्वास के साथ जीमूतवाहन की पूजा करती हैं। व्रत के तीसरे दिन जब व्रत का समापन होता है जिसे पारण कहा जाता है माताएं पूरे विधि विधान से पूजा करने के पश्चात बनाए गए मूर्ति का विसर्जन कर स्नान पूजा कर प्रसाद ग्रहण करने के बाद अन्न - जल ग्रहण करती हैं।

**जितिया व्रत विधि**

हुलासगंज संस्कृत महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य आचार्य डॉक्टर श्रीनिवास शर्मा जितिया व्रत रखने की विधि का विस्तार से जानकारी देते हुए बताते हैं कि जितिया व्रत के दिन सूर्योदय से पहले उठकर व्रती माताएं स्नान करें।फिर सूर्य देव को जल अर्पित करें। शाम में मिट्टी से चील और सियारिन की मूर्ति बनाएं और उनको भोग लगाएं।इसके बाद जीमूतवाहन की मूर्ति को धूपबत्ती और दीपक भी दिखाएं। इसके पश्चात् जितिया व्रत की कथा पढ़ें या सुने तत्पश्चात आरती करें।

व्रत के बाद अगले दिन सुबह सूर्योदय से पूर्व पारण करें। इस दिन मरुआ के आंटे की रोटी और नोनी साग बनाकर खाएं, सतपुतिया का सब्जी, कुशही मटर का तडका इत्यादि खाना भी शुभ और फलदाई माना जाता है।पारण के बाद पूजा में इस्तेमाल किया गया तेल अपने बच्चों के सिर पर लगाएं।

**आधुनिक जीवन में भी कम नहीं हुआ है जितिया व्रत का महत्व**

समय के साथ जीवनशैली में बदलाव आया है, लेकिन जितिया व्रत की परंपरा धार्मिक और सामाजिक दृष्टिकोण से आज भी माताओं के लिए उतनी ही महत्वपूर्ण है। मातृत्व की भावना, बच्चों के लिए स्नेह, प्रेम, उनके सुरक्षा और कल्याण के लिए माता का कठिन व्रत रखना यह प्रतिबद्धता मां और बेटे के प्रेम को और भी पवित्र बनाता है। वर्तमान समय में भी माताएं इस व्रत को उसी श्रद्धा के साथ रखती हैं, जैसे पहले व्रत रखा जाता था।

# हसपुरा व ईटवां पंचायत में भूमि सुधार राजस्व महाअभियान के तहत लगा शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा।** प्रखंड के हसपुरा और ईटवां पंचायत में भूमि सुधार राजस्व महाअभियान के तहत दूसरी बार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में रैयत अपनी जमीन से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए पहुंचे। जानकारी के अनुसार, राजस्व विभाग की ओर से चल रहे भूमि सर्वे कार्य के तहत पहले रैयतों को गांव-गांव में भूमि कागजात वितरित किए गए थे। शिविर में इन्हीं कागजात में हुई त्रुटियों को सुधारने के लिए अलग-अलग राजस्व गांववार काउंटर स्थापित किए गए। रैयत अपने गलत कागजात को सुधारने हेतु फार्म भरकर जमा कर रहे हैं। प्रखंड कार्यालय परिसर में 17 और 20 सितंबर को भी विशेष शिविर लगाए जाएंगे। ईटवां पंचायत में आयोजित शिविर का संचालन शिविर प्रभारी विवेक देव के नेतृत्व में किया गया। उनके साथ विनय कुमार, जिबोध कुमार वर्मा, अनुज कुमार, रानी रंजना और विकास कुमार सहित सीएससी ऑपरेटर भी सक्रिय रूप से कार्यरत रहे। वहीं हसपुरा पंचायत में राजस्व कर्मचारी सुमित कुमार के नेतृत्व में पूरी टीम ने रैयतों से भूमि संबंधी कागजात प्राप्त किए। इस दौरान शिविर स्थल पर रैयतों की लंबी कतारें देखने को मिलीं, जो भूमि विवाद और त्रुटिपूर्ण कागजातों के समाधान की उम्मीद में आवेदन जमा कर रहे थे।



# दिव्यांग बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की पहल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय में समावेशी शिक्षा के तहत तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रखंड क्षेत्र के सभी विद्यालयों से एक शिक्षक और एक शिक्षिका को नामित कर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य तीन से 18 वर्ष आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों की पहचान कर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। प्रशिक्षण सत्र में प्रशिक्षक कन्हैया लाल, धर्मेंद्र प्रसाद और जीनत फातमा ने प्रतिभागियों को समावेशी शिक्षा की अवधारणा से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि यह ऐसी शिक्षा प्रणाली है, जिसमें हर बच्चे को—चाहे वह किसी भी सामाजिक, आर्थिक या सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से हो, या फिर शारीरिक व मानसिक रूप से सक्षम अथवा दिव्यांग—समान अवसर और अधिकार के साथ शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा दी जाती है। प्रशिक्षकों ने कहा कि इस दृष्टिकोण का मकसद है कि सभी बच्चों को एक ही कक्षा और वातावरण में पढ़ाया जाए, ताकि भेदभाव समाप्त हो और बच्चे आपसी सहयोग से सीख सकें। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद शिक्षक अपने-अपने विद्यालयों में दिव्यांग छात्र-छात्राओं को समावेशी शिक्षा प्रदान करेंगे, जिससे उनकी शिक्षा में बाधा न आए और वे आत्मनिर्भर बन सकें। इस कार्यक्रम को लेकर शिक्षकों में उत्साह देखा गया और इसे शिक्षा व्यवस्था में समानता और समावेशिता की दिशा में अहम कदम बताया गया।



# हसपुरा पुलिस ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर किया जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

हसपुरा (औरंगाबाद)। हसपुरा थाना क्षेत्र के बख्तियारपुर–खुटहन मुख्य सड़क पर दुर्गापुर गांव के समीप शुक्रवार को पुलिस ने छापेमारी कर अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने विशेष रणनीति के तहत जाल बिछाया था। इसी दौरान अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को पकड़ा गया। हालांकि पुलिस को देखकर चालक मौके से फरार होने में सफल हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर को थाने में लाकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सड़क किनारे सजती हैं फल व सब्जी की दुकानें, लोगों की जान खतरे में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जीटी रोड के सिक्स लेन का निर्माण कार्य चारी है लेकिन वर्तमान में अतिक्रमण और बेतरतीब पाकग के कारण यह सिकुड़ सी गई है। जहां-तहां सैकड़ों गाडियां खड़ी रहती हैं। सड़क पर ही सब्जी बाजार सजता है। इस कारण एनएच पर हमेशा हादसे की आशंका बनी रहती है। लेकिन एनएचएआइ और प्रशासन दोनों बेपरवाह बना हुआ है। सड़क पर सैकड़ों की संख्या में वाहन लगे रहते हैं। यूं कह लीजिए जीटी रोड पर सिर्फ ट्रक खड़े रहते हैं। एनएच-दो एवं एनएच-139 पर सड़क किनारे वाहन लगे रहते हैं। वाहन खड़ा रहने के कारण जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। एनएचएआइ के अधिकारी व्यवस्था सुचारू करने में असफल साबित हो रहे हैं। महाराणा प्रताप चौक से रायपुरा गांव मोड़ तक जीटी रोड पर दोनों तरफ वाहन खड़े रहते हैं। सड़क पर वाहनों के खड़े होने से कई बार दुर्घटना हुई है। घटना के बाद एनएचएआइ की नींद खुलती है तो अभियान चलाया जाता है फिर कुछ दिनों बाद सभी चीजें पुरानी हो जाती है। बता दें कि शहर में तीन बस स्टैंड हैं जिनमें दो की स्थिति काफी बदहाल है। रामबांध में बेहतर बस स्टैंड बना परंतु नेशनल हाइवे पर ही वाहनों को खड़ा किया जाता है। रामाबांध बस स्टैंड की स्थिति नारकीय है। सभी वाहन एनएच-139 पर लग रहे हैं। इस वजह से जाम की समस्या हो जाती है। ओवरब्रिज से लेकर रामाबांध तक दोनों तरफ बस खड़े रहते है। बीच में थोड़ी जगह बच रही है जिसमें वाहनों का आवागमन होता है। अतिक्रमण से नागरिक परेशान हैं। मदनपुर एवं शिवगंज में बस स्टैंड भी जीटी रोड पर है। मदनपुर में हाइवे पर वाहन लगे रहने के सड़क संकीर्ण हो गई है।



**सड़क किनारे सजती है सब्जी दुकान**

जले में एनएच पर ही सब्जी की दुकानें सजती है। ओबरा में औरंगाबाद-पटना मुख्य पथ पर सब्जी की दुकानें लगती है। इस कारण हमेशा जाम रहता है। हमेशा दुर्घटनाएं होती रहती है। एनएच पर सब्जी विक्रेताओं ने कब्जा जमा रखा है। अधिकारियों की उदासीनता के कारण नागरिकों एवं ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। शहर के एनएच-139 पर ओवरब्रिज से रामाबांध तक सब्जी एवं चाइनीज फूड का ठेला लगा रहता है। दाउदनगर में भी यही स्थिति है। यहां भी बस सड़क पर ही खड़े होते हैं।

# सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली का दिया गया प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद काको रोड स्थित जिला उद्यान कार्यालय द्वारा संयुक्त कृषि भवन, सभागार में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत "प्रति बूंद अधिक उत्पादन" विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला उद्यान पदाधिकारी रूपेश कुमार अग्रवाल, सहायक निदेशक (पौधा संरक्षण) मो. जावेद आलम एवं सहायक निदेशक (शस्य) प्रक्षेत्र राम लखन ठाकुर द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर सहायक निदेशक (शस्य) बीज उत्पादन एवं सहायक निदेशक (शस्य) बीज विश्लेषण भी उपस्थित थे।प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन प्रगति पाइप कंपनी के एरिया सेल्स मैनेजर श्री रंजीत सिंह ने किया। उन्होंने सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली से मिलने वाले लाभ, इसके प्रकार, रख-रखाव एवं उपयोग की विधियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। किसानों को बताया गया कि टपकन सिंचाई, फव्वारा सिंचाई एवं पोर्टेबल स्प्रिंकलर जैसी तकनीक से कम पानी और कम लागत में अधिक उत्पादन संभव है। कंपनी प्रतिनिधि द्वारा डेमो के माध्यम से किसानों को सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के कार्यप्रणाली की प्रत्यक्ष जानकारी दी गई।कार्यक्रम में किसानों की सक्रिय भागीदारी रही, जिनमें गौरव कुमार, जयविन्द कुमार, महेश भगत, अनीश कुमार, जगदीश सिंह, करीना कुमारी, लालदेव सिंह, निरंजन कुमार, राजीव दास आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



# विधानसभा निर्वाचन की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** सदर प्रखंड कार्यालय, जहानाबाद में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक निर्वाचक पदाधिकारी, 216-जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र अनिल मिस्त्री की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं बी.एल.ओ. उपस्थित रहे। बैठक में मतदाता सूची, अभिलेख संधारण, 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाता सूची तथा मतदान केंद्र पर न्यूनतम संसाधन की उपलब्धता (ए.एम.एफ) से संबंधित विषयों पर विस्तृत समीक्षा की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा सभी बी.एल.ओ. को समय पर अभिलेख संधारण करने का निर्देश दिया गया, ताकि निर्वाचन कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। साथ ही, सभी से 80 वर्ष से अधिक आयु के वोटर की जांच एवं सूची शीघ्र उपलब्ध कराने तथा सभी मतदान केन्द्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए यह बैठक महत्वपूर्ण रही, जिसमें निर्वाचन प्रक्रिया के सफल संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा संबंधित पदाधिकारियों को जिम्मेदारियों का निर्वहन सतर्कता और पारदर्शिता से करने का आग्रह किया गया।

# पुल व 22 सड़कों का विधायक ने किया शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** रफीगंज के भेटनीयां पुल का शिलान्यास विधायक मोहम्मद नेहालुद्दीन ने शनिवार को किया। विधायक ने नारियल फोड़कर एवं पूजन पाठ कर शिलान्यास किया। इसके उपरांत एक सभा का आयोजन किया गया सभा की अध्यक्षता राजद पंचायत अध्यक्ष अजीत यादव ने की। विधायक मोहम्मद नेहालुद्दीन ने बताया कि लगभग 50 वर्षों से अधिक समय से भेटनिया गांव के ग्रामीणों की यह पुल की मांग थी। ग्रामीणों के अनुसार इस पुल बन जाने पौथू, शाहपुर, बराही,परसिया, ईटार, बंका, कुसमी, फेसरा, हरवंशा सहित दर्जनों गांवों में आवागमन में सुविधा होगी। इस पुल से गोह और रफीगंज विधानसभा के हजारों लोगों को सुविधा मिलेगी। विधायक ने सिंघी बुजुर्ग से बिहटा, मई खुर्द, कर्जरा, बराही मोड़ से फदरपुरा, पौथू से सईरा सहित 22 सड़कों का ग्रामीण सुदृढीकरण के लिए शिलान्यास किया। विधायक मोहम्मद नेहालुद्दीन ने बताया कि शनिवार को रफीगंज विधानसभा में ग्राम भेटनिया में मदार नदी पर उच्चस्तरिय पुल निर्माण कार्य एवं मदनपुर के ग्राम रतनपुर से टण्डवा केशहर नदी पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कार्य को लेकर शिलान्यास किया गया। विधायक ने बताया कि लगातार रफीगंज में विकास हो रही है। इस मौके पर पूर्व प्रदेश महासचिव राजद मोहम्मद कैसर, राजद जिला महासचिव सह पूर्व उप प्रमुख रणविजय यादव, भेटनीयां मुखिया प्रतिनिधि रामजन्मयादव, श्रीकांत यादव, राजद नेता उपेंद्र यादव, प्रखंड अध्यक्ष विक्की यादव, युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार, जिला परिषद विकास कुमार, सौरभ कुमार उर्फ सुनील मेहता, दीपक, आनंद, पूर्व वार्ड पार्षद मोहम्मद आरिफ हुसैन, सैफी अहमद, अफरोज, मोहित, दिलकेश्वर चौधरी कुंदन यादव, सत्येंद्र यादव, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# जहानाबाद में 21 सितम्बर तक आयोजित होंगे विधिक जागरूकता शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर जिले में 9 सितम्बर से 21 सितम्बर 2025 तक विधिक जागरूकता शिविर एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों, छात्र-छात्राओं, महिलाओं, समुदाय प्रतिनिधियों एवं वंचित वर्गों को नालसा योजनाओं, विधिक अधिकारों और निःशुल्क विधिक सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में आयोजित इन शिविरों में पैनल अधिवक्ता, पैरा लीगल वॉलंटियर (पी.एल.वी.), विद्यालय प्रधानाचार्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि, आंगनबाड़ी सेविका और आशा कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम के तहत 14 सितम्बर को काको नगर पंचायत में नालसा (मानसिक रूप से अस्वस्थ एवं दिव्यांग व्यक्तियों हेतु विधिक सेवाएं) योजना, 2015 पर जागरूकता शिविर आयोजित होगा। वहीं, 20 सितम्बर को पर्यवेक्षण गृह, जहानाबाद में किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2000 की धारा-63 से संबंधित प्रावधानों पर विशेष कार्यक्रम होगा। अधिकारियों ने बताया कि इन शिविरों का मकसद लोगों को यह संदेश देना है कि निःशुल्क विधिक सहायता एवं न्याय तक पहुँच प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है, जिसे जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा सुनिश्चित किया जा रहा है।

## माले नेता और उनके परिजनों के साथ मारपीट, रेफर

**औरंगाबाद।** घर में घुसकर चचेरे भाई ने भाकपा माले नेता और उनके अन्य परिजनों के साथ मारपीट की। मामला देव थाना क्षेत्र के कटैया गांव की है। जख्मी माले नेता की पहचान उस गांव निवासी योगेंद्र राम, पत्नी सरिता देवी व पिता घुरा राम के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों ने सभी घायलों को इलाज के लिए देव रेफरल अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला को गंभीर अवस्था में बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में भी उसकी स्थिति में सुधार न होता देख चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। परिजन फिलहाल उसे बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच ले गए हैं।

# 'अस्मिता महिला भारोत्तोलन' सिटी लीग का जहानाबाद में भव्य आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** भारतीय खेल प्राधिकरण एवं भारतीय भारतोलन महासंघ के दिशा निर्देश से बिहार भारोत्तोलन संघ द्वारा जहानाबाद के खेल भवन सह व्यायामशाला में शनिवार को 'अस्मिता महिला भारोत्तोलन सिटी लीग' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा पूनम कुमारी एवं बिहार भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष अरुण कुमार ओझा के द्वारा किया गया। इस दौरान बिहार भारोत्तोलन संघ के सचिव उपेंद्र कुमार, राज्य भारोत्तोलन संघ के विकास समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष अरुण कुमार केसरी, जहानाबाद जिला भारोत्तोलन संघ की अध्यक्ष सह भारतीय भारोत्तोलन संघ की कार्यकारिणी सदस्य डॉक्टर शिप्रा सोनी, उपाध्यक्ष पंकज कुमार कोषाध्यक्ष अंशु कुमार, तथा जिला भारोत्तोलन संघ के सचिव सह खेलो इंडिया कोच गिरिजेश कुमार मौजूद रहे। उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा ने अस्मिता महिला भारोतोलन लीग में भाग ले रहे खिलाड़ियों को जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे के शुभकामना संदेश से अवगत कराया। अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि जहानाबाद जिला भारोतोलन के क्षेत्र में लगातार राष्ट्रीय स्तर पर भी विजेता खिलाड़ी तैयार कर रहा है। इसमें जिला पदाधिकारी के नेतृत्व में जिला प्रशासन के प्रयासों के बारे में भी उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा के द्वारा बताया गया। साथ ही उनके द्वारा गिरिजेश कुमार के देखरेख मे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खेलो इंडिया स्माल सेंटर की पूरी टीम के प्रयासों की भी सराहना की गई। उन्होंने विश्वास जताया कि आज के इस लीग से न केवल महिला खिलाड़ियों में खेल के प्रति नई ऊर्जा का संचार होगा बल्कि इस तरह के आयोजनो से राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के संवर्धन को नई दिशा मिलेगी तथा जिले एवं राज्य को गौरवान्वित होने के अवसर मिलेंगे।




इस अवसर पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर 1 एवं 2 के रेफरी मौजूद रहे, जिसमे राष्ट्रीय स्तर 1 रेफरी उपेंद्र कुमार, राष्ट्रीय स्तर 2 रेफरी में अभय सुंदर, मुकेश कुमार, डॉ. शिप्रा सोनी, जसू कुमारी, जिया कुमारी, कानन कुमारी, अमरजीत कुमार, अंशु कुमार, गोपाल खत्री और गिरिजेश कुमार ने इस स्पर्धा के टेक्निकल ऑफिशियल की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता यूथ, जूनियर और

**सीनियर तीन वर्गों में आयोजित की गई**

युवा वर्ग में- 44 किलो भार वर्ग में क्रमशः लक्ष्मी कुमारी, कोमल कुमारी एवं राखी कुमारी ने हिस्सा लिया।48 किलोग्राम वर्ग में प्रतिज्ञा कुमारी, संजना कुमारी एवं कोमल कुमारी ने प्रतिभागिता निभाई। वहीं 53 किलोग्राम भार वर्ग में दिव्या रंजन,63 किलोग्राम वर्ग में अंशु कुमारी, 77 किलोग्राम वर्ग में मोनिका शर्मा एवं अमृता शर्मा विजेता रहे। वहीं इस प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में - 48 किलोग्राम भार वर्ग में कुमकुम कुमारी, रिंकी देवी, काजल कुमारी,58 किलोग्राम भार वर्ग में श्रेया चंद्र एवं विभा कुमारी,77 किलोग्राम भार वर्ग में कृतिका राय विजेता रही। सिनियर वर्ग में- 53 किलोग्राम भार वर्ग में कंचन कुमारी,58 किलोग्राम भार वर्ग में सपना कुमारी विजेता रही।

# मृतक सुबोध की मां ने 15 पर कराई हत्या की प्राथमिकी

## ऑनर किलिंग में प्रेमी जोड़े की हुई थी हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** सुबोध कुमार उर्फ लोहा यादव पिता राजकुमार यादव की मां सुशीला देवी के बयान पर कुल 15 लोगों पर केवड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ऑनर किलिंग की दिशा में काम कर रही है और पूरे मामले को लेकर तबातोड़ छापेमारी कर रही है, फिलहाल धनरूआ थाना क्षेत्र के एक गांव के मृतिका के सभी परिजन फरार चल रहे हैं। केवड़ा थानाध्यक्ष संतोष कुमार और धनरूआ थानाध्यक्ष आलोक कुमार की गठित टीम ने तबातोड़ छापेमारी कर रही है। दरअसल धनरूआ थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी और सिंगरामपुर गांव के रहने वाले सुबोध कुमार उर्फ लोहा यादव के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था और बीते 6 सितंबर को घर से भाग कर दोनों ने पटना में जाकर शाम को अपने तीन दोस्तों के साथ किशोरी को रामकृष्ण नगर ले गया जहाँ उससे शादी कर ली थी। दोनों ने शादी की तस्वीरें इंटरनेट मीडिया पर भी साझा की थी। शादी के बाद लोहा रामकृष्ण नगर में अपने दोस्त ऑटो चालक प्रियांशु के कमरे में रह रहा था। इस बात की सूचना किशोरी के स्वजन को हुई उसके बाद किशोरी की दादी ने लोहा और उसके दोस्तों के खिलाफ अगवा करने का धनरूआ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। लेकिन शुक्रवार की सुबह दोनों प्रेमी जोड़े का शव क्षत विक्षत रेलवे ट्रैक पर मिला है। फिलहाल पुलिस किशोरी के परिवार वालों की तलाश में जुटी हुई है। सभी घर छोड़कर फरार हैं। इसके साथ ही लोहा के उन दोस्तों से भी पूछताछ की जा रही है। सटी पूर्वी एसपी परिचय कुमार ने बताया कि पूरा मामला प्रेम प्रसंग से जुडा हुआ है और ऑनर किलिंग में इन दोनों के हत्या कर पटना गया रेलखंड के पोठही और नीमा हाल्ट के बीच चंदन नगर के पास में रेलवे पटरी पर क्षत विक्षत शव मिला।



# खेल क्लब के गठन हेतु 17 सितंबर तक मांगे गए आवेदन

## ऑनलाइन आवेदन समर्पित करने का अंतिम अवसर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** खेल विभाग बिहार सरकार एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के द्वारा निचले पायदानों तक खेल की सुविधा प्रदान की जा सके एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से खेल क्लबो का गठन किया जा रहा है। विगत वित्तीय वर्ष में इसके लिए ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किए गए थे। आवेदनकर्ताओं के बीच जिला खेल कार्यालय के द्वारा चुनाव के माध्यम से अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष पद के अभ्यर्थियों का चुनाव किया गया। तथापि विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं नगर पंचायत काको में कई पदों पर रिक्ति रह गई थी। इसके आलोक में पुनः 12 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किए गए हैं। इस तिथि में पुनः विस्तार किया गया है। अब इच्छुक खिलाड़ी एवं खेल के क्षेत्र में कार्य कर रहे लोग 17 सितंबर तक ऑनलाइन

**तिथि का विस्तार**

आवेदन कर सकते हैं। ग्राम पंचायतवार/नगर पंचायतवार रिक्ति के संबंध में विस्तृत सूचना एनआईसी जहानाबाद के पेज पर देखी जा सकती है।

इस संबंध में जिला प्रशासन ने सभी खिलाड़ियों, खेल प्रशंसकों तथा खेल के विकास के क्षेत्र में कार्य कर रहे जिलेवासियों से अनुरोध किया है कि 17 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि जारी की गई है, जिसमें आगे कोई विस्तार नहीं किया जाएगा ।अतः अवसर का लाभ उठाएं एवं अंतिम तिथि से पूर्व ही ऑनलाइन आवेदन अवश्य समर्पित कर दें। ऑनलाइन आवेदन का लिंक है किसी भी तरह की कठिनाई आने पर मोबाइल संख्या 9852671688 पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### भारत का विकास...

दिया कि इस कनेक्टिविटी से उत्तर-पूर्व भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया में व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण के समापन पर प्रत्येक नागरिक, प्रत्येक परिवार और प्रत्येक क्षेत्र के कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि एक विकसित भारत का निर्माण उसके लोगों के सशक्तिकरण से होगा और उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मिज़ोरम के लोग इस यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रधानमंत्री ने आइज़ोल को हार्दिक बधाई दी और देश के रेलवे मानचित्र में शामिल होने पर उसका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि हालांकि वे खराब मौसम के कारण आइज़ोल नहीं आ सके लेकिन उन्हें विश्वास है कि वे जल्द ही मिलेंगे। इस कार्यक्रम में मिजोरम के राज्यपाल जनरल वी.के. सिंह, मुख्यमंत्री लालदुहोमा, केंद्रीय रेल एवं सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## एक नजर

### भाजपा मंडल कार्यशाला का आयोजन

**पालीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर मंडल के प्रेमशिला वाटिका में भाजपा मंडल कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष उतम कुमार ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा प्रभारी निकेश कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा। इसके तहत घर-घर संपर्क अभियान, स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान, खेलकूद प्रतियोगिता और कई अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विधानसभा संयोजक नारायण कुमार ने संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। कार्यशाला का धन्यवाद ज्ञापन मंडल उपाध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक राम जन्म शर्मा भाजपा नेता अशोक वर्मा रवींद्र रंजन,रवि गुप्ता, कर्ण गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**पालीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर पालीगंज व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारी पवन कुमार चौधरी,गैर-न्यायिक अधिकारी हृषिकेश, लिपिक मुकेश कुमार चौहान, आदेशपाल मनोज कुमार सिंह सहित कोर्ट कर्मी मौजूद रहे। अदालत में विभिन्न बैंकों और विभागों से जुड़े मामलों का निपटारा किया गया। पंजाब नेशनल बैंक के 111 मामलों में 16,63,900 में से 6,01,200 की वसूली हुई। इंडियन बैंक के 5 मामलों में 9,000 में से 1,000 की प्राप्ति हुई। भारतीय स्टेट बैंक के 7 मामलों में 2,52,000 में से 1,30,000 की वसूली हुई। ग्रामीण बैंक के 19 मामलों में 88,100 की पूरी राशि वसूल हुई। संचार विभाग के 7 मामलों में 8,358 में से 7,344 की प्राप्ति हुई। इसके अलावा आपराधिक मामलों में से 4 में 1 मामले का निष्पादन किया गया। अधिकारियों ने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से आम जनता को शीघ्र न्याय और आर्थिक राहत मिलती है, जिससे उन्हें काफी लाभ होता है।

### मारपीट और लूटपाट का मामला दर्ज

**मखदुमपुर (जहानाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना क्षेत्र के देवकली टोल प्लाजा पर शुक्रवार की देर रात टोल कर्मियों से मारपीट एवं लूटपाट का मामला सामने आया है। इस मामले में टेहटा थाना की पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। टेहटा थाना में टोल मैनेजर रंजन कुमार यादव द्वारा दिए आवेदन में उन्होंने कहा है कि जबसे उनकी कम्पनी टोल ली है तभी से ही कुछ स्थानीय लोगो द्वारा उन्हें परेशान किया जा रहा है। इस संबंध में पूर्व में भी प्राथमिकी दर्ज की गई थी, वहीं शुक्रवार की देर रात कुछ लोगों द्वारा उनके टोल पर आकर मारपीट किया गया और वाहनों को बगैर टोल लिए भगा दिया गया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 213 मामलों का हुआ निपटारा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** लंबित मामलों के तुरंत निपटारे और आमजन की परेशानी कम करने के उद्देश्य से शनिवार को सिविल कोर्ट मसौढ़ी परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजंन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में इस बार कुल पांच बेंच का गठन किया गया। जहां रूपा रानी एसीजीएम, शुभम त्रिपाठी, नवीन कुमार, मुंशीफ, सत्यप्रकाश जीएमईसी एवं नवीन कुमार गौतम जेएमसीसी शामिल रहे। इस पूरे राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 213 मामलों का निपटारा किया गया, जिसमें बैंक से संबंधित 28 मामले का निष्पादन किया गया। इन बेंचों पर रेलवे, बैंक, बिजली, भूमि विवाद, पारिवारिक मामले और अन्य कई तरह के मामलों का समाधान किया जाएगा। न्यायिक अधिकारियों के साथ-साथ संबंधित विभागों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे, ताकि आपसी सहमति से अधिक से अधिक मामलों का निपटारा मौके पर ही किया जा सके। शुभम त्रिपाठी ने कहा की लोक अदालत न्याय की सुलभ व्यवस्था है। इससे न केवल समय और धन की बचत होती है, बल्कि समाज में आपसी समझ और सामंजस्य भी कायम होता है। उन्होंने बताया कि आम आदमी को न्याय की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए ऐसे आयोजन बेहद जरूरी हैं।।बता दें कि साल 2025 में राष्ट्रीय लोक अदालत का यह तीसरा आयोजन है। इससे पहले दो चरणों में हजारों मामलों का निष्पादन हो चुका है। अदालत प्रशासन का लक्ष्य है कि इस बार भी अधिक से अधिक लंबित मामलों का निपटारा आपसी सहमति से कराया जाए।

# कार्यकर्ता सम्मेलन : नीतीश के शासन के 20 सालों में बदली बिहार की तस्वीर

**सीएम बनाने का लिया संकल्प**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढी के डीएन कॉलेज खेल मैदान में शनिवार को एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ। जिसमें बीजेपी, जेडीयू, लोजपा, रालोसपा और हम के प्रमुख नेता शामिल हुए, जहाँ हजारों एनडीए कार्यकर्ताओं की भीड़ देखी गई। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन द्वीप प्रज्वालित कर मंत्री विजय चौधरी, मंत्री संजय शेरावत, सासंद कौशलेंद्र, पूर्व सांसद रामकृपाल एवं चंदेश्वर चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से किया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के जिला ग्रामीण अध्यक्ष रजनीश कुमार ने किया। मंच संचालन जदयू जिला ग्रामीण



अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने की कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि पहले का बिहार और आज के बिहार में बहुत ही बदलाव हुआ है। एनडीए की सरकार में हम लोग अपने आप को बिहार को विकसित बनाने का काम किए हैं। उन्होंने कहा कि 1990 के दशक में जंगल राज था। लोग शाम होते हैं घर से नहीं निकलते थे। जब एनडीए की सरकार बनी तब आज लोग 24 घंटे कहीं एक दूसरे जगह से आ जा सकते हैं। पहले सड़कें नहीं थी। बिजली नहीं थी। जब हमारी एनडीए की सरकार बनी तब घर-घर बिजली पहुंचाई गई। हर गांव-गांव की सड़के बनाई गई। भाजपा के मंत्री संजय सेरावत ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए की सरकार ने बिहार को विकसित करने का काम किया। बैठक में 2025 के विधानसभा चुनाव को लेकर 'फिर से नीतीश' का नारा लगा। मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि आज की राजनीति में नीतीश कुमार जैसा ईमानदार नेता दूसरा नहीं है। नालंदा के सांसद कौशलेंद्र ने महागठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है। इसलिए वे जबरदस्ती मुद्दे गढ़कर राजनीति कर रहे हैं। कार्यक्रम में एमएलसी रवींद्र सिंह, पूर्व विधान पार्षद वाल्मीकि सिंह, महादलित आयोग के सदस्य अजीत चौधरी, रूबेल रविदास, लोजपा के जिला अध्यक्ष चंदन कुमार, पूर्व एमएलसी राजू यादव समेत हजारों लोग शामिल रहे।

# बासमती भारत गैस एजेंसी से नौ लाख के सिलेंडरों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के नदौल स्थित बासमती भारत गैस ग्रामीण वितरक गोदाम में बीते शुक्रवार की देर रात को एजेंसी का दीवाल में सेंधमारी करते हुए और ताला काट कर तकरीबन नौ लाख का सिलेंडरों की चोरी कर ली है। इस मामले में कुमार सर्वेश नंदन पिता बैद्यनाथ प्रसाद उम्र 46 वर्ष न्यू कॉलोनी छोटकी डेल्हा गया निवासी के दिए गए आवेदन में उन्होंने बताया है की सुबह में हमारे एजेंसी का मैनेजर मोहम्मद शारिक अनवर पिता स्व खुर्शीद आलम जो जहानाबाद के रहने हैं, वह शाम को 5:00 बजे गोदाम बंद कर अपने घर गए हुए थे और शनिवार की सुबह तकरीबन 8:30 बजे स्टाफ जब एजेंसी खोलने गया तो देखा कि ऑफिस गार्ड रूम और गोदाम का ताला कटा हुआ है। और दीवार में सेंधमारी की हुई है जिसमें 14.2 किलोग्राम का 350 सिलेंडर, 5 किलोग्राम का 86 सिलेंडर और 19 किलो का 86 सिलेंडर था। जिसमें 14.2 किलोग्राम का गैस सिलेंडर 180 पीस और 100 पीस भरा हुआ टंकी और 80 पीस खाली गैस सिलेंडर की टंकी नहीं थी, और 5 किलो का 9 पीस भरा हुआ गैस सिलेंडर गायब था, इसके अलावा 100 पीस रेगुलेटर, 90 पीस पाइप लैपटॉप, प्रमोटर, बैटरी, इन्वर्टर और ?9000 काउंटर से कैश ले गया है। कुमार सर्वेश ने बताया कि तकरीबन 9 लाख की क्षति हुई है, सूचना मिलते ही मौके पर एएसपी कोमल मीणा, थानाध्यक्ष अनिल कुमार पूरे दलबल के साथ गोदाम पर पहुंचे पूरे मामले की जांच की और कार्रवाई में जुटी हुई है।



# नशे के प्रचलन के खिलाफ पुनपुन पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पुनपुन थाना क्षेत्र में नशा के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए पुनपुन पुलिस ने नशा मुक्ति को लेकर सघन जागरुकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत पुलिस की टीमों ने स्कूलों में जाकर छात्रों को नशा से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी और उन्हें नशा से दूर रहने की शपथ भी दिलाई। ऐसे मे शनिवार को अंबेडकर आवासीय विद्यालय पुनपुन के नौंवी एवं दसवीं कक्षा के किशोर छात्रों को नशा के विरुद्ध जागरूक किया इसके अलावा, मानव व्यापार, अपराधिक गतिविधियों को लेकर हाईवे पर युवाओं द्वारा हाईवे पर स्टंट करने, अवैध हथियार सोशल मीडिया पर फोटो आदि अपलोड करना, लड़का लड़की को लेकर भागने से समाज मे पड़ने वाले दुस्प्रभाव, सभी बच्चों को जागरूक किया गया। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया की छात्रों को समझाया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि यह समाज और देश के विकास में भी बाधक है। नशा करने से शारीरिक और मानसिक रोग उत्पन्न होते हैं, जो एक व्यक्ति की कार्यक्षमता को धीरे-धीरे खत्म कर देता है। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने छात्रों से अपील की कि वे स्वयं तो नशा से दूर रहें ही, साथ ही अपने आस-पास के लोगों को भी इसके खिलाफ जागरूक करें।




# तेज रफ्तार हाइवा की टक्कर से भाजपा नेता की मौत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज।** थाना क्षेत्र के एनएच-139 पटना-औरंगाबाद मुख्य पथ पर अंकुरी गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार हाइवा ने स्कूटी सवार भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री निवास सिंह को टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, श्रीनिवास सिंह अपने बेटे के धर्मकांटा से स्कूटी पर महाबलीपुर बाजार जा रहे थे। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार हाइवा ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और वाहन लेकर भाग निकला। हादसे के बाद ग्रामीणों ने एनएच-139 को महाबलीपुर और अंकुरी गांव के पास जाम कर दिया, जिससे सड़क पर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। घटना की सूचना पर पालीगंज पुलिस मौके पर पहुंची। आक्रोशित ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क पर रोजाना ट्रकों की बेलगाम आवाजाही रहती है, जिससे लगातार हादसे हो रहे हैं। बाद में महाबलीपुर के पास खड़ी एक हाइवा को लोगों ने घेर लिया, जिसे दुर्घटना से जुड़ा बताया जा रहा है। श्रीनिवास सिंह भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष होने के साथ-साथ बीस सूत्री समिति के अध्यक्ष भी रह चुके थे। उनकी ईमानदार और साफ छवि के कारण वे इलाके में काफी सम्मानित माने जाते थे। उनके निधन पर जनसुराज पार्टी के नेता डॉ श्यामनंदन शर्मा, अनुमंडल उपाध्यक्ष राजकिशोर सिंह, अविनाश कुमार, अशोक कुमार, शिवपुत्र सिंह, सूर्यदेव सिंह, भाजपा सहित कई राजनीतिक दलों के नेताओं ने गहरी संवेदना व्यक्त की। परिवार में उनके तीन बेटे और दो बेटियां हैं, जिनमें से एक बेटा अमेरिका में नौकरी करता है। पुलिस फिलहाल परिजनों के आने का इंतजार कर रही है।

# दानापुर को जिला व मनेर को अनुमंडल बनाने को लेकर धरना-प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** गैर राजनीतिक संगठन सेवा बिहार ईकाई के बैनर तले शनिवार को प्रखंड कार्यालय के गेट पर दानापुर को जिला व मनेर को अनुमंडल बनाने की मांग को लेकर एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया। धरना की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता पीटी गजेंद्र कुमार ने करते हुए कहा कि पटना जिला की बढ़ती हुई आबादी को देखते हुए पटना जिला को विभाजित कर दानापुर को जिला घोषित करने की मांग किया और मनेर के ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए नया अनुमंडल बनाने की मांग किया है. उन्होंने कहा कि 2011 की जनगणना के अनुसार पटना जिला की आबादी 50 लाख से भी अधिक है. धरना पर कंग्रेस नेता जन्मेजय कुमार सिंह, इंतेजामिया कमेटी के सचिव मौलवी हसन उर्फ मक्खन, पूर्व जिला पार्षद ओम प्रकाश यादव, राजद नेता पप्पू यादव, सत्या सिंह यादव, अशोक कुमार सिंह, समाजसेवी सुधीर यादव व जयप्रकाश नारायण ने कहा कि बिहार का सबसे छोटा जिला शेखपुरा है जिसकी आबादी लगभग 6 लाख है तथा लखीसराय जिला की आबादी 10 लाख ही है, परंतु सरकार ने शेखपुरा व लखीसराय को जिला बनाया गया है तो पटना को विभाजित करते हुए दानापुर को जिला तथा मनेर को नया अनुमंडल बनाया जा सकता है। प्रदर्शन में मुख्य रूप से पूर्व प्रखंड प्रमुख मनोज कुमार यादव, विशाल सिंह, चन्द्रबोध यादव, सनोज राय, कमलेश कुमार, पिंटू गोस्वामी, भृगुनाथ सिंह, विजय यादव, धर्मेंद्र, विशल प्रताप समेत आदि गणमान्य लोग ने भी विचार व्यक्त किया।




# पाठ्य सामग्री का वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** वार्ड पार्षद आरती कुमारी व समाजसेवी शमशेर कुमार ने 250 बच्चों के बीच स्कूल बैग व पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया है. नगर के बीबीगंज भट्टापर स्थित प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाडी केंद्र व बीबीगंज अंबेडकर भवन में सबका विकास द्वारा संचालित निःशुल्क शिक्षा केंद्र के बच्चों के बीच स्कूली बैग व पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया है। सामग्री पाकर बच्चों ने हर्ष और उत्साह व्यक्त किया. समाजसेवी शमशेर कुमार ने कहा कि शिक्षा ही समाज की असली ताकत है यही हमारी सशक्तिकरण है। उन्होंने कहा कि साक्षरता केवल पढ़ना-लिखना नहीं, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और समाज की प्रगति की नींव है. उन्होंने बताया कि शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देना हमारी प्राथमिकता है और बच्चों के बीच पाठन सामग्री वितरण कर उन्हें संतोष मिला है कि वे शिक्षा के इस महायज्ञ में योगदान दे पा रहे हैं. विद्यालय के प्राचार्य क्रांति कुमारी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि और उत्साह बढ़ाने में सहायक होती हैं। मौके पर सबका विकास के अध्यक्ष सुजीत कुमार, शिक्षिका आशा कुमारी व शैलेंद्र प्रिय आदि उपस्थित थे।

# 71वीं प्रारंभिक परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न

**बीपीएससी परीक्षा**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा आयोजित एकीकृत 71वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन जहानाबाद जिले के कुल 17 परीक्षा केन्द्रों पर किया गया। इस परीक्षा में कुल 8820 अभ्यर्थियों में से 6446 परीक्षार्थी उपस्थित हुए तथा 2374 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान किसी भी परीक्षार्थी को निष्कासित नहीं किया गया। सभी केन्द्रों पर परीक्षा पूर्णतः शांतिपूर्ण, कदाचार-मुक्त एवं पारदर्शी माहौल में सम्पन्न हुई। जिला पदाधिकारी श्रीमती अलंकृता पांडे एवं पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के नेतृत्व में परीक्षा संचालन की सम्पूर्ण व्यवस्था की गई। दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी तथा जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना अनुमंडल कार्यालय, जहानाबाद में की गई, जिसके माध्यम से परीक्षा की निरंतर मॉनिटरिंग की गई। सभी केन्द्र सीसीटीवी कैमरों एवं जैमर की निगरानी में रहे, जिसकी मॉनिटरिंग आयोग स्तर से भी की गई।जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा के दौरान ए.एन.आर स्कूल, शांतिकुंज विद्यालय, मानस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाटी सहित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया और सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# 'सुशासन का सार आपके द्वार' के तहत चलाया जनसंपर्क

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** सुशासन का सार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जदयू प्रदेश महासचिव विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में दानापुर विधानसभा क्षेत्र में वाहन रैली के माध्यम से जनसंपर्क अभियान चलाया गया. लोगों के बीच 2005 के बाद बदला बिहार, न्याय के साथ विकास के 20 साल बेमिसाल नाम का जदयू द्वारा किताब का वितरण किया गया. शनिवार को सगुना मोड से जनसंपर्क अभियान शुरू किया गया. जो बेली रोड, आरपीएस मोड, रूपसपुर नहर, रामजीचक, नासरीगंज, तकियापर, गोलापर, बीबीगंज, बस पडाव, छावनी, शाहपुर, दाउदपुर, चंदमारी, रघुरामपुर, मुबारकपुर, आनंद बाजार, गोरा बाजार, हाथीखाना मोड होते हुए सगुना मोड पर समाप्त हो गया. श्री सिंह ने नगर के विभिन्न मोहल्लों में घूम-घूम नगरवासियों के दरवाजे के बाहर पोस्टर लगाया। पोस्टर लगाने के बाद कार्यकर्ता गृह स्वामी और घर की महिलाओं से बात करते हुए नीतीश सरकार द्वारा चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को बताया। श्री सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार ने सबका साथ और विकास के नारे से पूरे बिहार में विकास किया उन्होंने कहा कि प्रत्येक महिलाओं को सरकार दस-दस हजार रूपये प्रदान करेंगी. मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार, रिंकू कुमार, गिरजा यादव, नीरज कुमार , धर्मेंद्र सिंह, राजू ठाकुर, सुधीर सिंह, अरूण सिंह, भोलाा सिंह, मृत्युंजय कुमार समेत गुड्डू कुमार समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

# सत्विक-चिराग हॉन्ग कॉन्ग ओपन के फाइनल में

**चाइनीज ताइपे की जोड़ी को सीधे गेम में हराया; लक्ष्य सेन भी सिंगल्स के सेमीफाइनल में**



**हॉन्ग कॉन्ग (एजेंसी)।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी हॉन्ग कॉन्ग ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के मेन्स डबल्स के फाइनल में पहुंच गए हैं। भारतीय जोड़ी ने शनिवार को सेमीफाइनल मुकाबले में चाइनीज ताइपे के चेन चेंग कुआन और लिन बिंग-वेई की जोड़ी को हराया। पहले गेम में सत्विक-चिराग ने चाइनीज ताइपे की जोड़ी को 21-17 से और दूसरे गेम में 21-15 से मात दी। सात्विक-चिराग की यह इस सीजन का पहला फाइनल है। इससे पहले उन्हें 6 सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। अब फाइनल में उनका मुकाबला चीन के लियांग वेई कांग और वांग चांग तथा चीनी ताइपे के फांग-चिह ली और फांग-जेन ली के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा

## क्वार्टर फाइनल में मलेशियाई जोड़ी को हराया था

भारतीय जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में मलेशिया की जोड़ी जुनैदी अरिफ और रॉय किंग याप को तीन गेम वाले मुकाबले में हराया था। पहले गेम में उन्होंने मलेशियाई जोड़ी को 21-14 से आसानी से हरा दिया। लेकिन दूसरे गेम में वे थोड़े चूक गए और 20-22 से हार गए, जिससे स्कोर 1-1 हो गया। फिर तीसरे और निर्णायक गेम में भारतीय जोड़ी ने शानदार वापसी की। वे 21-16 से जीतकर टूर्नामेंट सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। यह मैच एक घंटे से ज्यादा समय तक चला।

## लक्ष्य सेन सेमीफाइनल में पहुंचे

लक्ष्य सेन ने अपने ही साथी खिलाड़ी आयुष शेट्टी को कड़े मुकाबले में हराकर टूर्नामेंट के मेंस सिंगल्स के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। दुनिया के नंबर-20 खिलाड़ी लक्ष्य ने रैंकिंग में 31वें स्थान पर काबिज आयुष शेट्टी को 21-16, 17-21, 21-13 से 1 घंटे 6 मिनट में मात दी।

मैच की शुरुआत पहले गेम से ही रोमांचक रही। लक्ष्य ने इंटरवल पर 11-10 की बढ़त ली और उसके बाद अपनी रफ्तार बढ़ा दी। उन्होंने नेट पर शानदार कंट्रोल दिखाया और आयुष को कोई मौका नहीं दिया, जिससे पहला गेम 21-16 से जीत लिया।

आयुष शेट्टी ने दूसरे गेम में जबरदस्त वापसी की। वे 15-11 से पीछे चल रहे थे, लेकिन अगले 12 में से 10 पॉइंट्स जीतकर स्कोर 21-17 कर मैच को तीसरे गेम तक ले गए।

### लक्ष्य सेन सेमीफाइनल में पहुंचे

- लक्ष्य सेन ने अपने ही साथी खिलाड़ी आयुष शेट्टी को कड़े मुकाबले में हराकर टूर्नामेंट के मेंस सिंगल्स के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। दुनिया के नंबर-20 खिलाड़ी लक्ष्य ने रैंकिंग में 31वें स्थान पर काबिज आयुष शेट्टी को 21-16, 17-21, 21-13 से 1 घंटे 6 मिनट में मात दी।
- मैच की शुरुआत पहले गेम से ही रोमांचक रही। लक्ष्य ने इंटरवल पर 11-10 की बढ़त ली और उसके बाद अपनी रफ्तार बढ़ा दी। उन्होंने नेट पर शानदार कंट्रोल दिखाया और आयुष को कोई मौका नहीं दिया, जिससे पहला गेम 21-16 से जीत लिया।
- आयुष शेट्टी ने दूसरे गेम में जबरदस्त वापसी की। वे 15-11 से पीछे चल रहे थे, लेकिन अगले 12 में से 10 पॉइंट्स जीतकर स्कोर 21-17 कर मैच को तीसरे गेम तक ले गए।
- तीसरे और निर्णायक गेम में इंटरवल के बाद आयुष पर थकान हावी हो गई। लक्ष्य ने अपनी मजबूत डिफेंस और नेट पर बेहतरीन खेल से मैच को 21-13 से खत्म किया।
- यह लक्ष्य का इस साल दूसरा सेमीफाइनल है। वे अगस्त में मकाऊ ओपन में भी यहां तक पहुंचे थे। अब वे सेमीफाइनल में ताइवान के चाउ तिएन चेन से भिड़ेंगे। इससे पहले, लक्ष्य सेन ने एचएस प्रणय को 15-21, 21-18, 21-10 से मात दी थी।
- सात्विक – चिराग ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीता
- सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने अगस्त में संपन्न हुए वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप में मेंस डबल्स में ब्रॉन्ज मेडल जीता।
- उन्हें 31 अगस्त को बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप में मेंस डबल्स के सेमीफाइनल में चीन के चेन बो यांग और लियू यी की जोड़ी ने 19-21, 21-18, 12-21 से हराया। यह मुकाबला एक घंटे सात मिनट तक चला।
- ऐसे में भारतीय जोड़ी को ब्रॉन्ज मेडल से ही संतोष करना पड़ा। भारतीय जोड़ी को 2022 में भी ब्रॉन्ज मेडल मिला था।

# वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप टोक्यो में शुरू

**नीरज चोपड़ा 17 सितंबर को भाला फेंकते नजर आएंगे, भारत ने 19 प्लेयर्स का स्क्वॉड भेजा**

**टोक्यो (एजेंसी)।** वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 जापान के टोक्यो शहर में शुरू हो गई। टूर्नामेंट 13 से 21 सितंबर तक खेला जाएगा। भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा 17 सितंबर को क्वालिफिकेशन राउंड में नजर आएंगे, वे जापान पहुंच चुके हैं। टूर्नामेंट के लिए भारत ने अलग-अलग इवेंट्स के लिए 19 प्लेयर्स का स्क्वॉड जापान भेजा है।

## नीरज ने 2023 में गोल्ड जीता था

- इतिहास में पहली बार मेंस जैवलिन थ्रो इवेंट में भारत के 4 प्लेयर्स हिस्सा लेंगे। नीरज के अलावा सचिन यादव, यशवीर सिंह और रोहित यादव ने भी टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई किया। डबल ओलिंपिक मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने 2023 में बुडापेस्ट वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता था, अब वे अपना टाइटल डिफेंड करने के लिए उतरेंगे।
- भारत के 19 प्लेयर्स के स्क्वॉड में युवा स्प्रिंटर अनिमेश कुजुर से भी मेडल जीतने की उम्मीद है। वे वर्ल्ड चैंपियनशिप के मेंस 200 मीटर स्प्रिंट इवेंट में क्वालिफाई करने वाले भारत के पहले ही प्लेयर हैं। वे भी 17 सितंबर को ही रेस करते नजर आएंगे।

# आज एशिया कप 2025 में दुबई में एक बार फिर भारत-पाक का महामुकाबला





**दुबई (एजेंसी)।** एशिया कप 2025 में रविवार, 14 सितंबर को भारत और पाकिस्तान की टीमें एक बार फिर आमने-सामने होंगी। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टीम इस हाई-वोल्टेज मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ प्रबल दावेदार मानी जा रही है। हालांकि, सीमा पर हाल के तनाव के कारण इस मैच को लेकर भारत में उत्साह की कमी देखी जा रही है और कुछ लोग इस मुकाबले के बहिष्कार की मांग कर रहे हैं। इसके बावजूद दोनों टीमें दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले इस महामुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

## टी20 विश्व कप के लिए अहम है मुकाबला

चार महीने बाद भारत में होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए यह मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण है। आमतौर पर भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाले क्रिकेट मैचों को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जाता है, लेकिन इस बार कई वर्षों में पहली बार इस तरह के उत्साह का अभाव नजर आ रहा है। कुछ पूर्व क्रिकेटरों ने भी पाकिस्तान के साथ इस मैच को खेलने के खिलाफ राय जाहिर की है।

## इस साल दूसरी बार होगी भिड़ंत

इस साल यह दूसरा मौका है जब भारत और पाकिस्तान की टीमें एक-दूसरे के खिलाफ मैदान पर उतरेंगी। इससे पहले 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान भी दोनों टीमें दुबई में भिड़ चुकी हैं। एक बार फिर दुबई का मैदान इस रोमांचक मुकाबले की मेजबानी के लिए तैयार है।

## प्रशंसकों में उत्साह की कमी

भारत-पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मुकाबले हमेशा से फैंस के लिए उत्साह का केंद्र रहे हैं, लेकिन इस बार सीमा पर तनाव और कुछ लोगों द्वारा बहिष्कार की मांग के कारण माहौल थोड़ा फीका नजर आ रहा है। फिर भी, क्रिकेट प्रेमी इस रोमांचक मुकाबले का इंतजार कर रहे हैं, जिसमें दोनों टीमें अपनी पूरी ताकत झोंकने को तैयार हैं।

# टी-20 इंटरनेशनल में तीसरी बार 300+ का स्कोर

**● इंग्लैंड ने बनाए 304 रन, ओपनर फिल सॉल्ट का 39 गेंदों में शतक**

**मैनचेस्टर (एजेंसी)।** विकेटकीपर-बल्लेबाज फिल सॉल्ट इंग्लैंड के लिए टी-20 इंटरनेशनल में सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले गए दूसरे टी-20 में 39 गेंदों में शतक लगाकर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। सॉल्ट ने 141 रन की नाबाद पारी खेली, जो इंग्लैंड के लिए सबसे बड़ा इंडिविजुअल स्कोर है। इंग्लैंड ने मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए मैच में 20 ओवर में 304 रन बनाए। यह टी-20 इंटरनेशनल में इंग्लैंड का हाईएस्ट और दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है। 304 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका की टीम 158 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह इंग्लिश टीम ने यह मैच 146 रन से जीत लिया।




## बटलर का इंग्लैंड के लिए सबसे तेज अर्धशतक

बटलर ने 18 गेंदों में टी-20 करियर का अपना सबसे तेज अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 30 बॉल पर 83 रन की पारी खेली। वह ब्योर्न फॉर्च्यून की गेंद पर आउट हुए। इसके बाद सॉल्ट ने पारी को संभाला। उन्होंने जैकब बेथेल (14 गेंद, 26 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 41 गेंदों पर 95 रन और हैरी ब्रूक (41 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 37 गेंदों पर नाबाद 83 रन की साझेदारी की। इंग्लैंड ने 304/2 का बड़ा स्कोर खड़ा किया। बटलर ने 18 गेंदों में टी-20 करियर का अपना सबसे तेज अर्धशतक पूरा किया।

## साउथ अफ्रीका की टीम 158 रन पर ढेर हो गई

305 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका की टीम 16.1 ओवर में 158 रन पर ऑलआउट हो गई। साउथ अफ्रीका के लिए कप्तान एडेन मार्करम ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए। रियान रिकल्टन ने 20 रन का योगदान दिया। डेवोन फेरेरा और ट्रिस्टन स्टब्स ने 23-23 रन बनाए। ब्योर्न फॉर्च्यून ने 32 रन की पारी खेली। इंग्लैंड की ओर से जोफ्रा आर्चर ने 3 विकेट लिए। वहीं सैम करन, डॉसन और विल जैक्स ने 2-2 विकेट चटकाए।

## पहले विकेट के लिए 126 रन की साझेदारी

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड ने शुरू से ही आक्रामक रुख अपनाया। सॉल्ट (नाबाद 141, 60 गेंद, 30 चौके, 9 छक्के) और कप्तान जोस बटलर (39 गेंद में 83 रन) ने पहले विकेट के लिए 47 गेंदों पर 126 रन जोड़ दिए। पावरप्ले में ही इंग्लैंड का स्कोर 106/1 हो गया। फिल सॉल्ट ने मार्को यानसन के पहले ओवर में 18 रन बटोरे। बटलर ने लिजाड विलियम्स के खिलाफ 22 और कगिसो रबाडा के खिलाफ 20 रन बनाए। फिल सॉल्ट और कप्तान जोस बटलर ने पहले विकेट के लिए 47 गेंदों पर 126 रन की साझेदारी की।

# दलीप ट्रॉफी फाइनल, सेंट्रल जोन 511 रन पर ऑलआउट

**साउथ जोन पर 300+ रन की बढ़त ली; यश राठौड़ दोहरे शतक से चूके**



**मुंबई (एजेंसी)।** दलीप ट्रॉफी 2025 का फाइनल सेंट्रल जोन और साउथ जोन के बीच खेला जा रहा है। शनिवार को मैच का तीसरा दिन था। सेंट्रल जोन ने अपने 384/5 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम पहली पारी में 511 रन पर ऑलआउट हो गई। साउथ जोन पहली पारी में 149 रन बनाए। सेंट्रल जोन को पहली पारी के आधार पर 362 रन की बढ़त मिली। यश राठौड़ (194) और कप्तान रजत पाटीदार (101) ने शतक लगाया। बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड पर पहले दिन गुरुवार को साउथ जोन पहली पारी में 149 रन पर ऑलआउट हो गई। सेंट्रल जोन ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी थी।

## गुरजपनीत सिंह और अंकित शर्मा ने 4-4 विकेट झटके

सेंट्रल जोन की ओर से यश राठौड़ ने 194 और कप्तान रजत पाटीदार ने 101 रन की पारी खेली। उनके अलावा, दानिश मालेवार 53, ओपनर अक्षय वाडकर 22, शुभम शर्मा 6 और उपेंद्र यादव 5 रन बनाकर आउट हुए। साउथ जोन के लिए गुरजपनीत सिंह और अंकित शर्मा ने 4-4 विकेट झटके। एमडी निधेश और वासुकी कौशिक को 1-1 विकेट मिला।

## साउथ जोन पहली पारी में 149 रन पर ऑलआउट

साउथ जोन पहली पारी में 149 रन पर ही सिमट गई। टीम के लिए कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। टीम के लिए तन्मय अग्रवाल ने सबसे ज्यादा 31 रन बनाए। उनके अलावा सलमान निजार 24, अंकित शर्मा 20, रिकी भुई 15 और एमडी निधेश 12 रन बनाए। सेंट्रल जोन की ओर से सारांश जैन ने 5 और कुमार कार्तिकेय ने 4 विकेट झटके।

# गगनजीत भुल्लर आईजीपीएल टूर्नामेंट के चैंपियन बने



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** एशियाई टूर पर 11 खिताब के साथ सबसे सफल भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने अपने अनुभव और कोर्स (गोल्फ मैदान) के कुशल इस्तेमाल से दो अंडर 70 का कार्ड खेलकर आईजीपीएल आमंत्रण टूर्नामेंट के पहले आयोजन के चैंपियन बने। आईजीपीएल के इस आइकन खिलाड़ी ने 70-71-70 के शानदार दौर के साथ कुल पांच अंडर का कार्ड खेल एम धर्मा को दो शॉट से पछाड़ा। भुल्लर को 1.5 करोड़ रुपए के पुरस्कार पूल से 22.50 लाख रुपए का चेक मिला। दूसरे स्थान पर रहे धर्मा ने 15 लाख रुपए जीते। संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे वीर गणपति, कार्तिक शर्मा और शौर्य बिनू को 8.7 लाख रुपए प्रत्येक मिले। धर्मा ने 70-75-68 का स्कोर किया। पदार्पण कर रहे बाएं हाथ के खिलाड़ी गणपति (72-72-70), कार्तिक शर्मा (73-73-68) बिनू (69-72-73) संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे।

# जैस्मिन और नूपुर वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप के फाइनल में

**भारत ने चार मेडल पक्के किए, 12 साल बाद पुरुष मुक्केबाजों को एक भी मेडल नहीं**

**लिवरपूल (एजेंसी)।** लिवरपूल में चल रही वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारतीय महिला बॉक्सरों ने शानदार प्रदर्शन किया है। जैस्मिन लैम्बोरिया और नूपुर श्योराण फाइनल में पहुंच गई हैं, वहीं मीनाक्षी ने भारत को चौथा मेडल सुनिश्चित कर दिया। हालांकि, पुरुष मुक्केबाजों का अभियान 12 साल बाद पहली बार बिना किसी मेडल के समाप्त हुआ।

**फाइनल में पेरिस ओलिंपिक सिल्वर मेडलिस्ट से भिड़ंत** – जैस्मिन की क्लिनिकल जीत, फाइनल में पेरिस ओलिंपिक सिल्वर मेडलिस्ट से भिड़ंत महिला 57 किलोग्राम वर्ग में जैस्मिन लाम्बोरिया ने वेनेजुएला की ओमाइलीन अल्काला को 5-0 से हराकर फाइनल में जगह बना ली। वर्ल्ड कप गोल्ड मेडलिस्ट जैस्मिन पूरे मुकाबले में डोमिनेट किया। फाइनल में उनका मुकाबला पेरिस ओलिंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट जूलिया स्जेरेमेटा से होगा। यह



जैस्मिन का पहला वर्ल्ड चैंपियनशिप फाइनल होगा। जैस्मिन लाम्बोरिया ने सेमीफाइनल में वेनेजुएला की ओमाइलीन अल्काला को 5-0 से हराया।

**नूपुर श्योराण ने दोहराई सफलता** – महिला 80+ किलोग्राम वर्ग में नूपुर श्योराण ने तुर्की की सेमा दूजतास को 5-0 से मात देकर फाइनल में जगह बनाई। दिग्गज बॉक्सर हवा सिंह की पोती नूपुर ने अपनी ऊंचाई और ताकत का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए मुकाबले पर पूरी तरह नियंत्रण रखा।

- **मीनाक्षी ने 48 किग्रा में मेडल पक्का किया, सेमीफाइनल में मंगोलिया की चैंपियन से मुकाबला** – नॉन-ओलिंपिक 48 किलोग्राम वर्ग में मीनाक्षी ने इंग्लैंड की अंडर-19 यूथ चैंपियन एलिस पंपफ्रे को सर्वसम्मति से 5-0 से हराकर भारत को चौथा मेडल सुनिश्चित कर दिया। अब सेमीफाइनल में उनका मुकाबला 2023 की सिल्वर मेडलिस्ट मंगोलिया की लुत्साइखान्य अल्तांतसेट्सेग से होगा। इससे पहले पूजा रानी (80 किग्रा) ने भी भारत के लिए पदक पक्का किया था।
- **पुरुषों का निराशाजनक प्रदर्शन जादुमणि की हार के साथ अभियान समाप्त** – महिला मुक्केबाजों के उलट, पुरुषों का 10 सदस्यीय स्क्वॉयड बिना किसी पदक के घर लौट रहा है। यह 2013 के बाद पहला मौका है जब भारतीय पुरुष मुक्केबाजों को कोई मेडल नहीं मिला।

# हरभजन सिंह के बीसीसीआई में शामिल होने की संभावना

**पूर्व ऑफ स्पिनर प्रमुख भूमिका के लिए तैयार**

**मुंबई (एजेंसी)।** दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बाद अब हरभजन सिंह का नाम भी चर्चा में है, जिन्हें बीसीसीआई के शीर्ष पद से जोड़ा जा रहा है। तेंदुलकर पहले ही सभी अफवाहों का खंडन कर चुके हैं। लेकिन 2011 विश्व कप विजेता स्पिनर ने अभी तक इन अटकलों पर कोई टिप्पणी नहीं की। पंजाब में जन्मे हरभजन का नाम तब सुर्खियों में आया जब पीसीए ने कथित तौर पर 45 वर्षीय हरभजन को आगामी बीसीसीआई चुनावों में एक भूमिका के लिए नामित किया। भारत के लिए 367 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हरभजन अब चुनाव लड़ने के पात्र होंगे क्योंकि उन्हें राज्य संघ का समर्थन प्राप्त है, जो किसी भी उम्मीदवार के लिए एक बुनियादी आवश्यकता है। पिछले कुछ वर्षों में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार अक्सर खेल संगठनों में शीर्ष प्रशासनिक पदों पर प्रतिष्ठित खिलाड़ियों को नियुक्त करने की ओर झुकी रही है। सौरव गांगुली और रोजर बिन्नी जैसे पूर्व क्रिकेटर बीसीसीआई अध्यक्ष पद संभाल चुके हैं।

# यूपी की ऐशन्या हाथ जोड़कर बोलीं- भारत-पाकिस्तान मैच न देखें

**बीसीसीआई को 26 शहादत की कोई वैल्यू नहीं; पहलगाम में आतंकियों ने पति को मारा था**

**कानपुर (एजेंसी)।** एशिया कप में आज 14 सितंबर को भारत-पाकिस्तान के बीच मैच होना है। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में मैच खेला जाएगा। पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच यह पहला मुकाबला है।

पहलगाम में कानपुर के शुभम द्विवेदी को आतंकियों ने उनकी पत्नी ऐशन्या की आंखों के सामने गोली मार दी थी। ऐशन्या ने इस मैच का विरोध किया है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा- पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए। ऑपरेशन सिंदूर में कई जवानों की जान गई। बावजूद इसके मैच कराया जा रहा है।

मुझे लगता है कि बीसीसीआई में इमोशंस नहीं हैं। इन सब की शहादत आपके लिए कोई वैल्यू नहीं रखती। शायद इसलिए, क्योंकि आपके घर से कोई नहीं गया। ऐशन्या ने हाथ जोड़कर पब्लिक से अपील की है कि प्लीज आप लोग मैच का बॉयकाट कीजिए। टीवी पर भी मत देखिए।



**क्रिकेटर्स आप स्टैंड लो ना.** – ऐशन्या ने पूछा- ये हमारे क्रिकेटर्स कहां सो रहे हैं? सबसे ज्यादा अगर बोला जाता है कि नेशनालिटी है किसी में तो क्रिकेटर्स में होती है। इसीलिए क्रिकेट को एक नेशनल गेम की तरह देखा जाता है। जबकि, हॉकी हमारा नेशनल गेम है। सिर्फ एक-दो क्रिकेटर्स होंगे जो कह रहे कि हमें इंडिया पाकिस्तान का मैच बायकॉट करना है। हम पाकिस्तान के साथ नहीं खेलना चाहते। क्रिकेटर्स आप स्टैंड लो ना...। बीसीसीआई की इतनी हिम्मत थोड़ी ना है कि आपके ऊपर बंदूक रख के आपको गेम खिलवा देगी।

**पड़ोसी लड़ लेता है तो आप बात नहीं करते... पाक से मैच कैसे** – ऐशन्या ने कहा, क्रिकेटर्स आप अपने देश के लिए स्टैंड लीजिए। लेकिन, आप ऐसे स्टैंड नहीं ले रहे हैं। मैं उन स्पॉन्सर्स, चैनल से भी पूछना चाहती हूं कि आपके अंदर भी 26 लोगों की जान जाने के बाद इंसानियत खत्म हो चुकी है क्या? इतना प्रचार चल रहा है कि ये ऑपरेशन सिंदूर के बाद इंडिया-पाकिस्तान का पहला मैच है।

# लोक अदालत में 2132 वादों का निष्पादन

## साढ़े तीन करोड़ रुपये से अधिक का सेटलमेंट




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित व्यवहार न्यायालय और दाउदनगर में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमें 2132 वादों का निष्पादन किया गया। साथ ही मौके 3 करोड़ 81 लाख 1 हजार 880 रूपये का सेटलमेंट किया गया। मोटर दुर्घटना से संबधित कुल 5 वादों में 30 लाख रूपये का समझौता कराया गया। परिवारिक मामले 21, आपराधिक सुलहनीय मामले से संबधित 324 वाद, इसके साथ-साथ अनुमंडल पदाधिकारी के न्यायालय से संबंधित 708 वाद, टेलीफ़ोन 01 तथा बैंक ऋण से संबंधित 764 मामले का निस्तारण करते हुए कुल 03 करोड़ 80 लाख 18 हजार 350 रूपये पक्षकारों को राहत दिया गया। वहीं परिवहन चालान से संबंधित 309 मामले में 8 लाख 35 हज़ार रूपये का चालान मामले का निस्तारण किया गया। इसके पूर्व विशेष लोक अदालत का उद्घाटन जिला जज राजकुमार ने किया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजकुमार ने कहा कि प्राधिकार द्वारा किये जाने वाले सभी गतिविधियों में लोक अदालत का आयोजन महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यह न्यायालय में मनाया जाने वाला एक पर्व की तरह होता है। जिला जज ने राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्षो पुराने विवाद को आज के दिन दर किनार करते हुए निस्तारण करने की जरूरत है। प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल ने लोक अदालत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जितने भी वादकारीगण यहां आये हैं आप सभी के सहयोग से ही लोक अदालत एक मुकम्मल स्थान को पाएगा। उन्होंने इस अवसर पर लोक अदालत के हर गतिविधि को जन-जन तक पहुंचाने में मीडिया की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि जो वाद लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित होता है तो इसका लाभ सिर्फ वादकारीगण को ही नहीं होता है बल्कि जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन सहित न्यायालय पर भी मुकदमों का बोझ कम होता है और यह कई तरह के विधि व्यवस्था को कायम रखने में सहायक होता है। साथ ही जिनका वाद समाप्त होता है दोनों पक्षों के बीच पूर्व से उत्पन्न तनाव खत्म हो जाता है। पूरे कार्यक्रम का संचालन उप मुख्य विधिक सेवा प्रतिरक्षा प्रणाली के अधिवक्ता अभिनंदन कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन विधिक सेवा सदन में किया गया जिसका लाभ सभी उपस्थित लोगों ने लाभ उठाया। इस दौरान परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश अरूण कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम विश्व विभूति गुप्ता, प्रभारी जिला पदाधिकारी अनुग्रह नारायण सिंह, प्रभारी पुलिस अधीक्षक मनीषा बेबी, जिला विधि संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# विशेष अभियान में 31 लोग गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटे के दौरान अलग-अलग मामलों में 31 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई है। इस क्रम में 13 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। हत्या के प्रयास में 10, शराब के शीर्ष कांडों में 6 एवं अन्य शीर्ष कांड में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 760 वाहनों की जांच की गई जिसमें 28500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। वारंट निष्पादन की संख्या 28, कुर्की निष्पादन की संख्या 5 है। साथ ही एक ट्रैक्टर, 100 सीएफटी, एक पिकअप एवं 13 पशु जब्त किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के आदेश पर लगातार विशेष अभियान चलाकर बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। एसपी की माने तो पुलिस पदाधिकारियों को लगातार दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं ताकि गंभीर मामलों में फरार बदमाशों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके।

# शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराना सर्वोच्च प्राथमिकता : डीएम




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन-2025 की तैयारियों की व्यापक समीक्षा हेतु एक उच्चस्तरीय बैठक समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारीगण, वरीय जिला स्तरीय पदाधिकारीगण एवं संबंधित शाखाओं के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया से जुड़े सभी पहलुओं की बिंदुआर समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कोषांग अपने-अपने स्तर पर निर्वाचन संबंधी कार्यों के लिए स्पष्ट एवं व्यवस्थित कार्ययोजना तैयार कर लें तथा संबंधित प्राधिकारियों एवं अधीनस्थ कर्मियों को समयबद्ध लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने हेतु सक्रिय करें। उन्होंने कहा कि सभी कोषांग नियमित रूप से अपने कार्यों की प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करें ताकि कार्यान्वयन की स्थिति की निरंतर निगरानी की जा सके। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि निर्वाचन कार्य की प्रगति पूर्णतः समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी होनी चाहिए। निर्वाचन आचार संहिता एवं निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन प्रत्येक स्तर पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि निर्वाचन का आयोजन पूर्णतः शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दिशा में किसी भी स्तर पर शिथिलता अथवा लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। बैठक के समापन पर जिलाधिकारी ने सभी कोषांगों के पदाधिकारियों को यह संदेश दिया कि निर्वाचन जैसे दायित्वपूर्ण कार्य का निर्वहन टीम भावना एवं सामूहिक समन्वय से ही संभव है। अतः सभी पदाधिकारी अपने-अपने दायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, तत्परता एवं उत्तरदायित्व के साथ करें तथा एक-दूसरे के कार्यों का सहयोग करते हुए उत्कृष्ट टीमवर्क का परिचय दें। उन्होंने कहा कि टीम भावना से किया गया कार्य न केवल बेहतर परिणाम सुनिश्चित करेगा, बल्कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता को भी सुदृढ़ करेगा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता (लोक शिकायत निवारण) जयप्रकाश नारायण, अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) उपेंद्र पंडित, बंदोबस्त पदाधिकारी शैलेश कुमार दास, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शनी सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# स्पर्शाघात से अधेड़ की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** माली थाना क्षेत्र के कुरगांई गांव में विद्युत तार की चपेट में आने से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान उसी गांव निवासी 55 वर्षीय गनौरी राम के रूप में की गई है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान मृतक के परिजनों ने बताया कि गनौरी राम शनिवार की सुबह घर से शौच के लिए नहर की ओर गए थे। वापस लौटने के दौरान बधार में पहले से टूट कर गिरे विद्युत तार की चपेट में आ गए जिसमें वे बुरी तरह झुलस गए। आसपास खेत में काम कर रहे लोगों ने शोर मचाकर इसकी जानकारी अन्य ग्रामीणों और उनके परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे व आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए कुटुंबा रेफरल अस्पताल ले गये जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद से परिजनों में शोक व्याप्त है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। परिजनों ने बताया कि गनौरी घर पर ही रहकर खेती गृहस्थी का काम करते थे। परिजनों का कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है। उन्होंने जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राय ने बताया कि विद्युत करंट से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हुई है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# पशुओं से लदा पिकअप जब्त, चालक फरार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पशुओं से लदे एक पिकअप को नगर थाना की पुलिस ने जब्त किया है। हालांकि चालक पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। जांच के दौरान वाहन से 13 बैल और गाय मिले हैं। दरअसल शनिवार को पशु तस्कर पिकअप वाहन में गोवंशीय पशुओं को लादकर अन्यत्र ले जा रहे थे। सूचना पर थाना क्षेत्र के रामाबांध के समीप कार्रवाई की गई। पुलिस को देखते ही वाहन खड़ी कर चालक मौके से फरार हो गया। प्रभारी थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर फहीम आजाद खां ने बताया कि पिकअप में क्रूरता पूर्वक बांध कर पशुओं को ले जाया जा रहा था। कार्रवाई के फलस्वरूप वाहन को जब्त किया गया है जबकि चालक फरार हो गया।

# औरंगाबाद में 20 केंद्रों पर 71वीं बीपीएससी परीक्षा संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद में 20 केंद्रों पर शनिवार को बीपीएससी 71वीं पीटी परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। कड़ी सुरक्षा के बीच अभ्यर्थियों को केन्द्र में प्रवेश दी गई। परीक्षा एक ही शिफ्ट में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक ली गई। परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले सुबह 11 बजे तक ही छात्रों को प्रवेश करने दिया गया। कदाचार मुक्त परीक्षा के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सभी केंद्रों पर प्रशासनिक व्यवस्था करने के साथ ही सीसीटीवी कैमरे और जैमर लगाए गए थे। साथ ही महिला पुलिस की भी तैनाती की गई है। इधर परीक्षा केंद्र के अंदर किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स ले जाने पर रोक थी। सिर्फ एडमिट कार्ड और कलम लेकर परीक्षार्थी केंद्र के अंदर जा सकते थे। सभी परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए जनरेटर समेत मूलभूत व्यवस्था किया किया गया ताकि परीक्षार्थियों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होने हो। परीक्षा के दौरान डीएम श्रीकांत शास्त्री, एसपी अंबरीष राहुल, एसडीपीओ संजय कुमार पांडेय, एसडीओ संतन कुमार सिंह, नगर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह आदि केंद्रों का जायजा लेते रहे। सभी ने कदाचार मुक्त परीक्षा कराने का आवश्यक निर्देश केंद्राधीक्षक को दिया। परीक्षा पूरी तरह से शांतिपूर्ण तरीके से हुई। इधर परीक्षा केंद्र से जैसे ही अभ्यर्थी बाहर निकले सभी के चेहरे पर मुस्कान साफ झलक रही थी।

# सड़क दुर्घटना में जख्मी शिक्षक की इलाज के दौरान मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सड़क दुर्घटना में जख्मी शिक्षक की इलाज़ के दौरान मौत हो गई। शिक्षक की पहचान दाउदनगर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 10 स्थित पांडेय मुहल्ला निवासी 48 वर्षीय मृत्युंजय कुमार पांडेय के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक 31 अगस्त को वे सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। इलाज के दौरान शनिवार को पटना के एक निजी अस्पताल में उनकी मौत हो गयी। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि 31 अगस्त को मृत्युंजय कुमार पांडेय अपने घर से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान कुछ लोगों द्वारा दुर्घटना में घायल होने की सूचना दी। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां आज उनकी मौत हो गई। मौत के बाद परिजन शव लेकर दाउदनगर अपने घर पहुंचे। परिजनों ने जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजे की मांग की है। परिजनों ने बताया कि मृतक मृत्युंजय ओबरा थाना क्षेत्र के तेजपुरा गांव स्थित विद्यालय में शिक्षक के पद पर पदस्थापित थे। उथानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल शिक्षक की इलाज के दौरान मौत की सूचना मिली है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# हर सीट पर एनडीए प्रत्याशी को विजयी बनाना ही लक्ष्य : देवेशचंद्र ठाकुर

## जदयू सांसद की अध्यक्षता में एनडीए कार्यकर्ताओं की बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह के आवासीय कार्यालय सिंह कोठी में जदयू सांसद देवेशचंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में एनडीए कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गयी। बैठक का मुख्य एजेंडा इस वर्ष होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन की रणनीति तय करना रहा। बैठक में केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि एनडीए कार्यकर्ताओं को पूरी एकजुटता के साथ चुनाव में जुटना होगा और हर सीट पर एनडीए प्रत्याशी को विजयी बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, अमित शाह और राष्ट्रीय नेतृत्व के नेताओं के दौरे से यह स्पष्ट हो गया है कि सभी वर्ग के लोग एनडीए के साथ हैं और व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। जदयू सांसद देवेशचंद्र ठाकुर ने कहा कि पूरे बिहार में विधानसभा चुनाव की तैयारी तेज़ी से चल रही है। कार्यकर्ता बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती के लिए कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाली डबल इंजन सरकार के कार्यों का लाभ हर वर्ग तक पहुंचा है। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि मगध और शाहाबाद की सभी सीटों पर एनडीए प्रत्याशी जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व के नेताओं के कार्यक्रमों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी शुभ संकेत है। महिलाएं केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचा रही हैं और अपार बहुमत से एनडीए सरकार बनाने के लिए सक्रिय हैं। बैठक में भाजपा वरीय नेता सुनील सिंह, जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र चन्द्रवंशी, विधान पार्षद दिलीप सिंह, राजस्थान के भरतपुर विधानसभा की पूर्व विधायक अनिता सिंह गुर्जर, प्रदेश मंत्री त्रिविक्रम नारायण सिंह, मुकेश शर्मा, पूर्व विधान पार्षद राजन सिंह, सह क्षेत्रीय प्रभारी आशुतोष कुमार, अनिल सिंह, अशोक सिंह, संजीव सिंह, रामविलास सिंह, मुकेश सिंह, मितेन्द्र सिंह, रामेश्वर बैठा, धर्मेन्द्र शर्मा, पूजा सिंह, अनिता सिंह, जुलेखा खातून, अंजली सिंह, गुड़िया सिंह, सरस्वती सिंह, रेखा पासवान, वार्ड पार्षद इलताफ कुरैशी, शम्स वारसी उर्फ मोटू खान, दिलावन खान, सतीश सिंह, नलिनी रंजन, राणा रंजीत सिंह, शुभम सिंह, ऋषि सिंह, विनय सिंह, सुबोध सिंह, रविन्द्र शर्मा, उपेन्द्र सिंह, आकाश कुमार समेत बड़ी संख्या में एनडीए कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रविवार हॉर्न फ्री डे घोषित

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने और शहर के लोगों को शांत वातावरण मुहैया कराने की दिशा में परिवहन विभाग ने विशेष पहल की है। इसके लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस संबध में जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी ने कहा कि शहर में ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने तथा स्वच्छ एवं शांत वातावरण बनाए रखने हेतु वाहन चालकों से विशेष आग्रह किया गया है कि वे अनावश्यक रूप से हॉर्न का प्रयोग न करें। प्रत्येक रविवार को शहर को 'हॉर्न फ्री' रखने का संकल्प लिया गया है।

सुगौली के सभी नगर एवं प्रखंड वासियों को हिन्दी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



विक्रमादित्य प्रसाद
प्रधानाध्यापक
साहित्यकार एवं लेखक
'भारत माता की पुकार' नाटक पुस्तक
राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, विशुनपुरवा
सुगौली (पूर्वी चम्पारण)

सुगौली के सभी नगर एवं प्रखंड वासियों को हिन्दी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



योगेन्द्र प्रसाद
प्रधानाध्यापक
उच्च माध्यमिक विद्यालय
उत्तरी छपरा बहास
प्रखंड-सुगौली, पूर्वी चम्पारण

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269



सत्यमेव जयते
राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

हिन्दी दिवस
(14 सितम्बर 2025)
संदेश

राज भवन
पटना–800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

हिन्दी दिवस, 2025 के पुनीत अवसर पर समस्त बिहारवासियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।

हिन्दी हमारे देश की एकता, अखण्डता एवं समरसता का प्रतीक है। राजभाषा के रूप में हिन्दी की समृद्धि एवं राजकाज में इसके अधिकाधिक प्रयोग से प्रशासन अत्यधिक लोकोन्मुख होगा।

हिन्दी दिवस के अवसर पर यह संकल्प लें कि हम हिन्दी के सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयत्नशील रहेंगे।

(आरिफ मोहम्मद खां)

PR No.-014640 (Cabinet)D. 2025-26



बिहार सरकार

अपील

मुख्यमंत्री
बिहार

14 सितम्बर, 1949 को भारत की संविधान–सभा ने हिन्दी–भाषा को संघ की राजभाषा के रूप में अंगीकृत किया था। इसलिए प्रत्येक वर्ष हम 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस के रूप में मनाते हैं।

हिन्दी भाषा हमारी राष्ट्रीय अस्मिता की पहचान तथा जनमानस की अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है। हमारे विशाल और बहुभाषी राष्ट्र के नागरिकों एवं राज्यवासियों को एक मंच पर लाने में संपर्क भाषा के रूप में हिन्दी–भाषा का अत्यन्त महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

बिहार हिन्दी भाषी राज्य है और यहाँ 1950 से ही राजभाषा अधिनियम लागू है। राजभाषा के रूप में हिन्दी सरकारी कामकाज की भाषा है। सरकार का दृढ़ निश्चय है कि शासन के सभी स्तरों पर हिन्दी का पूर्ण प्रयोग किया जाय।

14 सितम्बर, 2025 को हिन्दी दिवस की 76वीं वर्षगांठ के अवसर पर मैं राजभाषा हिन्दी के चतुर्दिक विकास की कामना करता हूँ एवं राज्य के सभी नागरिकों से अपील करता हूँ कि वे अपने कामकाज में हिन्दी को ही माध्यम के रूप में अपनाएँ तथा प्रत्येक क्षेत्र में इसका प्रयोग सुनिश्चित करें।

(नीतीश कुमार)

PR No.- 014641 (Cabinet) D. 2025-26

CMYK